राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 आर्थिक मोर्चे पर अगस्त महीने में मोदी सरकार की बल्ले-बल्ले, जीडीपी ...

सीट शेयरिंग पर आईएनडीआईए की धीमी रफ्तार से ममता बनर्जी ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 115 | पटना, सोमवार, 04 सितंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

आदित्य एल1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित पहली प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न : इसरो

प्रात : किरण

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को कहा कि देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित पहली प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। इसरो के मुताबिक, इस प्रक्रिया को यहां स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) से अंजाम दिया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि आदित्य एल1 उपग्रह एकदम ठीक है और यह समान्य ढंग से काम कर रहा है। इसरो ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर जारी एक पोस्ट में बताया कि कक्षा संबंधी अगली प्रक्रिया पांच सितंबर, 2023 को भारतीय समयानुसार देर रात लगभग तीन बजे के लिए निर्धारित है।

इसने कहा, आदित्य-एल1 मिशन : उपग्रह एकदम ठीक है और सामान्य ढंग से काम कर रहा है। पृथ्वी की कक्षा से संबंधित पहली प्रक्रिया (ईबीएन#1)

आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक निष्पादित की गई। प्राप्त की गई नई कक्षा 245 किलोमीटर ७ 22,459 किलोमीटर है। आदित्य एल1 को शनिवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया गया था।

मिशन का लक्ष्य सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु पर भारत की पहली सौर वेधशाला स्थापित कर सूरज के बाहरी वातावरण का अध्ययन करना है। एल1 का मतलब लैग्रेंज प्वाइंट 1 है, जहां अंतरिक्ष यान को स्थापित किया जाएगा। सौर पैनल के सक्रिय होने के बाद उपग्रह ने विद्युत ईंधन पैदा करना शुरू कर दिया।

इसरो के अनुसार, आदित्य-एल1 पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर रहकर सूर्य का अध्ययन करेगा। यह दूरी पृथ्वी और सूर्य की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। अंतरिक्ष एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि यान न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही सूर्य के और करीब जाएगा।

उदयनिधि स्टालिन के बयान पर बवाल, हो रही आलोचना

तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का किया गया अपमान : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन वाले बयान की चौतरफा आलोचना हो रही है। राज्य में उनकी सहयोगी कांग्रेस ने उनके बयान से किनारा कर लिया है। भाजपा और विहिप उनके बयान को लेकर उनपर हमलावर हैं। इसी बीच डीएमके और खुद उदयनिधि की ओर से मामले पर सफाई दी गई है। मंत्री उदयनिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि सनातन धर्म मलेरिया-डेंगू की तरह है और इसका उन्मूलन कर देना चाहिए। स्टालिन की टिप्पणी पर विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया गया है। शाह ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे कह रहे हैं कि सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए। भाजपा की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, इन लोगों ने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म की बात की है। उन्होंने (सनातन धर्म का) अपमान किया है। अयोध्या में राम मंदिर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर को बाधित किया लेकिन अदालत के आदेश के बाद मोदी ने भूमि पूजन किया और जनवरी में उसी भूमि पर जहां राम का जन्म हुआ था, भव्य राम मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन इसे रोक नहीं सकता।

वास्तव में परजीवी हैं : केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने एक्स पर उनके बयान की निंदा करते हुए कहा कि ये

राजवंश (करुणानिधि परिवार) वास्तव में परजीवी हैं जिन्होंने दशकों तक लोगों की कमजोरियों का शिकार किया और हमारे राष्ट्र और लोगों की संपत्ति को चूस लिया। अपने भ्रष्टाचार और परजीवी व्यवहार की आड़ में वे द्रविड़ भूमि की रक्षा जैसे आख्यान बनाते हैं और हिंदू आस्था का दुरुपयोग करते हैं। एकमात्र चीज जिसकी वे रक्षा करते हैं वह है उनका अपना धन और राजनीति। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या पार्टी उनके बयान का समर्थन करती है।

घमंडिया गठबंधन का केवल एक ही उद्देश्य हिंदू धर्म को नीचा दिखाना : पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने कहा कि घमंडिया गठबंधन का एक ही उद्देश्य है, हिंदू धर्म को नीचा दिखाना। पहले लालू नीतीश एवं तेजस्वी की सरकार ने बिहार में हिंदू त्योहारों की छुट्टियां रद्द की और अब तमिलनाडु सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है। एक साजिश के तहत घमंडिया गठबंधन की सरकार सनातन धर्म एवं संस्कृति पर प्रहार कर रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने ट्विट किया कि- महाठगबंधन वाले सुनियोजित ढंग से सनातन पर प्रहार कर रहे हैं।

देश में वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर मचा सियासी घमासान

एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार संघीय व्यवस्था पर हमला: राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश में वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर सियासी घमासना मचा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने शनिवार को वन नेशन, वन इलेक्शन के अध्ययन के लिए 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। जिस पर सियासी बयानबाजी जोरों पर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार के एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को खारिज करते हुए इसे राज्यों पर हमला करार दिया और कहा कि यह देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है। श्री गांधी ने कहा, इंडिया अर्थात भारत, राज्यों का एक संघ है। एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा जिसे एक राष्ट्र एक चुनावः कहा जा रहा है उस पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन एक अनुष्ठानिक अभ्यास है और इस काम की प्रक्रिया को सामने लाने का समय सन्देह पैदा करता है। इस संदर्भ में अपनाई गई शर्तें और सिफारिशें मनमानी से निर्धारित की गई हैं। समिति की संरचना भी अपने हिसाब से तय हुई हैं और इसी वजह से लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कल रात बहुत ही उचित तरीके से इस समिति का हिस्सा बनने से इनकार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। आम आदमी को क्या मिलेगाः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक देश, एक चुनाव के औचित्य पर रविवार को सवाल उठाते हुए हा कि इससे आम आदमी को क्या मिलेगा। केजरीवाल ने

सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में किये गए एक पोस्ट में कहा, देश के लिए क्या जरूरी है? एक देश एक चुनाव या एक राष्ट्र एक शिक्षा, एक देश एक इलाज। उन्होंने कहा, एक देश एक चुनाव से आम आदमी को क्या मिलेगा?

पहले एक राष्ट्र, एक आय हो : उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव करने से पहले एक राष्ट्र, एक आय हो। पहले सबकी एक आय हो फिर एक देश में एक चुनाव की बात हो। देश में इतनी महंगाई और बेरोजगारी है, पीएम मोदी पहले सबकी इनकम बराबर करें। उन्होंने दावा किया आज ये एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात कर रहे हैं, बाद में कहेंगे कि अब से केवल लोकसभा का ही चुनाव होगा और राज्य के चुनाव खत्म कर देंगे। फिर ये एक भाषा, एक धर्म, एक पार्टी, एक नेता की बात करेंगे।

जदयू ने आरोप लगाया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव बीजेपी की महंगाई और रोजगार पर अपनी विफलता से लोगों का ध्यान बांटने की चाल है। बिहार सरकार में भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं के एक साथ चुनाव बहसयोग्य मुद्दा है और सभी दलों से परामर्श किए बगैर उसपर निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए।

स्कूल में छात्रों की अनुपस्थिति गंभीर चिंता का विषय

शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

प्रात : किरण

पटना। बिहार शिक्षा विभाग ने कुछ विद्यालयों में छात्रों की कम उपस्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इससे निपटने के लिए उचित कारण बताए बिना लगातार 15 दिन अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को निष्कासित करने सहित कठोर कदम उठाए जाने का आह्वान किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के के पाठक ने हाल में सभी जिलाधिकारियों को जारी एक संदेश में उन छात्रों पर नजर रखने की भी सिफारिश की है जो निजी विद्यालयों में पढ़ते हैं, लेकिन उन्होंने पाठ्यपुस्तकों एवं वर्दी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना का लाभ उठाने की खातिर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है। पत्र में कहा गया है, राज्य भर के स्कूल में छात्रों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, लेकिन लगभग 10 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं जहां छात्रों की उपस्थिति अब भी 50 प्रतिशत से कम है। यह गंभीर चिंता का विषय है। इसमें कहा गया है,इसके लिए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सभी संबंधित डीईओ को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे पांच स्कूल का चयन करें और छात्रों की उपस्थिति में सुधार के लिए अनुपस्थित छात्रों के माता-पिता से संवाद करें। राज्य में 75,309 सरकारी स्कूल हैं। जिलाधिकारियों को जारी संवद में कहा गया है, जो छात्र बिना किसी उचित कारण के लगातार 15 दिन तक अनुपस्थित रहते हैं, उन्हें स्कूल से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर नजर रखी जानी चाहिए। अधिकारियों को यह जांच करनी चाहिए कि छात्र एक ही समय में दो विद्यालयों में तो नहीं पढ़ रहे। इसमें कहा गया है कि विभाग को शिकायत मिली है कि डीबीटी योजनाओं का लाभ लेने के लिए छात्रों ने सरकारी स्कूल में केवल नामांकन कराया है, जबकि वे पढ़ाई निजी स्कूलों में करते हैं। पत्र में कहा गया है कि कुछ छात्रों के राज्य से बाहर रहने की भी जानकारी मिली है। उन्होंने आगे कहा, ऐसे छात्रों पर नजर रखी जानी चाहिए और उन छात्रों का नामांकन रद्द किया जाना चाहिए, जो केवल डीबीटी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सरकारी स्कूल में नामांकित हैं। विभाग छात्रों को सालाना 3,000 करोड़ रुपये का डीबीटी लाभ प्रदान करता है। अधिकारियों ने बताया कि नियमित निरीक्षण के कारण राज्य भर के स्कूल में शिक्षकों और छात्रों की लगभग पूरी उपस्थिति देखी जा रही है, लेकिन इस दौरान स्कूल के बुनियादी ढांचे में कई कमियां सामने आईं।

संक्षिप्त खबरें

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आईईडी का समय से पता लगने से हमले की साजिश नाकाम

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का समय रहते पता चलने से एक बड़े हमले की साजिश नाकाम हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना के एक दल को रविवार तड़के सांगपुर गांव में जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के किनारे रखे टिफिन के एक डिब्बे में यह आईईडी मिला। अधिकारियों के मुताबिक, व्यस्त राजमार्ग पर यातायात को तुरंत रोक दिया गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जिसने बिना किसी नुकसान के नियंत्रित ढंग से आईईडी को नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और धमाका करने के इरादे से राजमार्ग पर विस्फोटक लगाने वाले संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आगे की जांच जारी है।

सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को हल्के बुखार की शिकायत के बाद दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि सोनिया को शनिवार शाम मध्य दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, सोनिया को हल्का बुखार है, लेकिन उनकी हालत ठीक है। चिकित्सकों की एक टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। सूत्रों ने बताया कि सोनिया की हालत स्थिर है।

पुणे में नकली आर्मी ऑफिसर गिरफ्तार, 15 अगस्त को लाल किले में भी हुआ था दाखिल

मुंबई। पुणे की रेलवे पुलिस टीम ने नकली आर्मी ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। वह इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले में भी दाखिल हुआ था। पकड़ा गया फर्जी अधिकारी नीरज विक्रम विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का मूल निवासी है। पुणे रेलवे पुलिस के अनुसार नीरज विश्वकर्मा पुणे रेलवे परिसर में आर्मी आफिसर की वर्दी में टहल रहा था। रेलवे पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो पहले उसने गोलमोल जवाब दिये। इसके बाद उससे परिचय पत्र मांगा, लेकिन उसके पास परिचय पत्र नहीं था। नीरज की वर्दी पर नेमप्लेट, पैरा बैच, लेफ्टिनेंट का बैच लगा हुआ था। जीआरपी ने सैन्य खुफिया अधिकारियों को बुलाकर जब नीरज के बारे में छानबीन की, तो वह फर्जी साबित हो गया। इसके बाद रेलवे पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि नीरज विश्वकर्मा एक सैन्य अधिकारी की वर्दी पहनकर दिल्ली छावनी क्षेत्र में भी घूमता था। इसके अलावा वह 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर पर झंडा फहराने के दौरान भी नीरज सैन्य वर्दी पहनकर बिना पास के दाखिल हुआ था। इतना ही नहीं नीरज ने वहां सैन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की थी और उनके साथ फोटो खिंचवाई थी। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने समिति के अध्यक्ष कोविंद से की मुलाकात

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की संभावना पर विचार करने और इस संबंध में सिफारिशों के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं।

सरकार ने शनिवार को आठ सदस्यीय समिति के गठन को अधिसूचित किया था। सूत्रों ने बताया कि विधि सचिव नितेन चंद्रा, विधायी सचिव रीता वशिष्ठ और अन्य ने रविवार दोपहर को यह समझने के लिए कोविंद से मुलाकात की कि वह समिति के समक्ष एजेंडे पर किस तरह आगे बढ़ेंगे। चंद्रा उच्च स्तरीय समिति के सचिव भी हैं, वशिष्ठ का विभाग चुनाव के मुद्दे, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और संबंधित नियमों से संबंधित है। सरकार ने उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा करने के लिए संकल्प क्यों जारी किया, इस सवाल पर एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय परिपाटी का पालन कर रहा है।

चुनावों के सरकारी वित्त पोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति का गठन एक संकल्प के माध्यम से किया गया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अंगीकृत एक संकल्प द्वारा हर तीन साल में विधि आयोग का पुनर्गठन भी किया जाता है। शनिवार को जारी संकल्प के अनुसार, 1951-52 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव ज्यादातर एक साथ होते थे, जिसके बाद यह सिलसिला टूट गया और अब, लगभग हर साल और एक साल के भीतर भी अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकार और अन्य हितधारकों द्वारा बड़े पैमाने पर व्यय किया जाता है। इसमें कहा गया है कि लगातार चुनावों के कारण सुरक्षा बलों और अन्य चुनाव अधिकारियों का अपने प्राथमिक कर्तव्यों से लंबे समय तक ध्यान भटकता है। संकल्प में कहा गया कि राष्ट्रीय हित में देश में एक साथ चुनाव कराना वांछनीय है।

चांद पर चैन की नींद सो गया प्रज्ञान रोवर, स्लीप मोड में जाने से पहले दीं कई अहम जानकारियां

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रज्ञान रोवर ने 10 दिनों तक चांद से जुड़े रहस्य सुलझाने की कोशिश की जिसके बाद अब ये स्लीप मोड में चला गया है। बता दें चांद पर अब एक लंबी रात है और माइनस 200 के तापमान में प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर का काम करना मुमकिन नहीं है। वहीं स्लीप मोड में जाने से पहले रोवर और लैंडर ने कई ऐसी जानकारियां दे दी हैं, जिनसे मानवता का भला हो सकता है। 14 जुलाई को भारत ने अपना मिशन चंद्रयान-3 लॉन्च किया था। 40 दिन का सफर पूरा करने के बाद 23 अगस्त को चंद्रयान चांद के साउथ पोल पर उतरा था।

वहीं अब 10 दिन तक सटीक तरीके से जानकारी जुटाने के बाद प्रज्ञान रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है। इसे अब चांद के साउथ पोल पर सुरक्षित तरीके से पार्क कर दिया गया या यूं कहें कि अब ये चांद पर चैन की नींद सो गया है। इसको स्लीप मोड में सेट किया गया है। बता दें शिवशक्ति प्वाइंट पर रोवर और लैंडर दोनों के बीच 100 मीटर का फासला है। प्रज्ञान रोवर पर लगे दोनों पेलोड एपीएक्सएस और एलआईबीएस बंद कर दिए

गए हैं इन पेलोड ने जो डाटा जमा किया था, वो लैंडर के जरिए हम तक पहुंच गया है। अब ये जानना भी बेहद जरूरी है कि प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर ने इन 14 दिन में चांद पर क्या-क्या किया और क्या-क्या जानकारी जुटाई है। बता दें 10 दिन में रोवर और लैंडर ने 5 अहम प्रयोग और परीक्षण किए। कई ऐसे तथ्य पता किए जो अब तक मालूम नहीं थे। इस दौरान चांद पर कैमिकल मिश्रण, मिट्टी के प्रकार और तापमान में बदलाव के पैटर्न पर ये जानकारी इकट्ठा की गई। सबसे अहम ये कि चांद पर भी भूकंप आते हैं। विक्रम लैंडर के एक पेलोड ने चंद्रमा पर आए भूकंप को रिकॉर्ड किया, जो वहां 26 अगस्त को आया था। वहीं चांद के साउथ पोल पर सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम की मौजूदगी का भी पता किया। चांद के साउथ पोल पर प्लाज्मा भी खोजा है, जो कम घना है। वहीं इसी तरह विक्रम लैंडर ने पता किया कि चांद की सतह पर करीब 50 डिग्री तापमान है चंद्रमा की सतह और अलग-अलग गहराई पर तापमान में फर्क है।

खड़गे ने पांच को इंडिया के सांसदों की बुलाई बैठक

नई दिल्ली/एजेंसी । संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के सांसदों की एक बैठक बुलाई है। सूत्रों ने कहा कि विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक आयोजित होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। उन्होंने बताया कि खरगे ने यहां राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर यह बैठक बुलाई है। संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक स्पष्ट नहीं है। विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) के घटक दल एकजुट हैं और 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों पर एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने की योजना बना रहे हैं। गठबंधन के सहयोगी दलों ने संसद के मानसून सत्र के दौरान भी एकजुटता प्रदर्शित की थी।

समीक्षा | **युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों के लिए 04-06 सितंबर तक होगा विचार-विमर्श**

भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के लिए दिल्ली में मंथन करेंगे नौसेना के कमांडर

नौसेना को 2047 तक आत्मनिर्भरता दिलाने के लिए होगी परियोजना समीक्षा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से भारतीय नौसेना के कमांडर 04 से 06 सितंबर तक दिल्ली में विचार मंथन करेंगे। नौसेना कमांडर हथियारों और सेंसर के प्रदर्शन तथा भारतीय नौसेना के प्लेटफार्मों की तैयारी की समीक्षा भी करेंगे। 2023 में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की तलाश करेगा। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट भी नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 2023 के नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 04 से 06 सितंबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह सम्मेलन शीर्ष स्तर का द्विवार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें नौसेना कमांडर महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर विचार-विमर्श करेंगे। हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की अध्यक्षता में भारतीय नौसेना का वरिष्ठ नेतृत्व प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करेगा। पिछले छह महीनों के दौरान की गई गतिविधियों के साथ सम्मेलन में आगामी महीनों में अपनाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन देश के समग्र आर्थिक विकास के लिए आवश्यक सुरक्षित समुद्री वातावरण के विकास की दिशा में कई अंतर-मंत्रालयी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ नौसेना कमांडरों

की संस्थागत बातचीत का अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन में एनएसए, भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना के प्रमुखों के साथ त्रि-सेवा तालमेल के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के साथ ही समुद्री बलों की तैयारी का आकलन किया जाएगा। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि पिछले छह महीनों के दौरान तीव्र परिचालन गति देखी गई है, क्योंकि भारतीय नौसेना का अभियान अटलांटिक से प्रशांत महासागर तक फैला हुआ है।

भारतीय नौसेना के जहाजों ने ऑपरेशन कावेरी के हिस्से के रूप में सूडान से भारतीय नागरिकों की निकासी की थी और ऑपरेशन करुणा के दौरान चक्रवात मोचा के बाद म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्य चलाया था। यह फोरम नौसेना की परिचालन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करेगा, जिसमें नौसेना के हथियारों, सेंसर के प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कमांडर 2047 तक पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने की दृष्टि के अनुरूप ह्यमेक इन इंडियाह्न के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ाने पर नौसेना परियोजनाओं की भी समीक्षा करेंगे। सम्मेलन के मौके पर नौसेना के स्वदेशीकरण, नवाचार और तकनीकी पहल का प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई गई है। साथ ही भारतीय नौसेना में पुरानी प्रथाओं की पहचान करने और उन्हें हटाने की दिशा में हुई प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना हिन्द महासागर और उसके बाहर अनिश्चित भू-रणनीतिक स्थितियों के कारण उभरने वाली सभी समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

संक्षिप्त खबरें

दिवंगत महंत संत प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि

पटना। विश्व हिंदू परिषद (दक्षिण बिहार) प्रांत के धमार्चार्य संपर्क प्रमुख व कबीर मठ, समस्तीपुर के महंत संत प्रसाद जी का विगत दिनों अहमदाबाद में निधन हो गया था। आज गांधी संग्रहालय सभागार में उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और संत प्रसाद जी द्वारा किए जा रहे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म के लिए पुनीत कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉक्टर आर. एन. सिंह जी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के न्यासी श्री कामेश्वर चौपाल, कमलेश कुमार, गौरव अग्रवाल, डा. शोभा रानी सिंह, सुग्रीव कुमार, डा. आलोकनाथ त्रिपाठी सहित कई साधु समाज के संत-महंत आदि भी उपस्थित रहे। उक्त श्रद्धांजलि सभा में कबीर मठ के महंत बृजेश मुनि जी व महर्षि योगानंद जी ने संत प्रसाद जी के पुत्र अभय सिंह जी को चादर देकर समस्तीपुर बागी एकदारा कबीर मठ का महंत घोषित किया। 2 मिनट का मौन व शांति पाठ द्वारा इस कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

तख्तश्री कमेटी से 10 वर्षों का आय-व्यय की रिपोर्ट मांगा

पटना सिटी (प्राकि)। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी को सिख संगत गुरुचरण सिंह आशिक ने एक पत्र सौंपा है। 12 अगस्त को सौंपे गए पत्र में पिछले 10 वर्षों में प्राप्त सहयोग राशि का आय-व्यय उपलब्ध कराने के बारे में इसमें जिक्र किया गया है। श्री आशिक ने कहा कि तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में प्राप्त सहयोग राशि को सार्वजनिक किया जाना चाहिए, मगर इधर 10 वर्षों से यह पता नहीं चल पा रहा है कि गुरुद्वारा में कुल कितने धनराशि की प्राप्ति हुई है। जो राशि प्राप्त हुई है, उसे किस-किस मद में कितनी राशि खर्च की गई है। 10 वर्षों में कुल कितनी बार लेखा-जोखा का ऑडिट कराया गया है। पत्र में अंकित बिंदुओं पर एक समन्वयक अभिलेख पत्र प्राप्ति के 10 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इस संबंध में गुरचरण सिंह आशिक ने कहा कि पत्र सौंपे जाने के बाद अब तक कमेटी की ओर से कोई जवाब उन्हें नहीं मिल पाया है।

स्व रामदेव महतो की पुण्यतिथि पर परिचर्चा कल

पटना सिटी (प्राकि)। रामदेव महतो समता परिषद के द्वारा बिहार सरकार के भूतपूर्व मंत्री रामदेव महतो की 16वीं पुण्यतिथि पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस संबंध में कार्यक्रम संयोजक सह पूर्व डिप्टी मेयर संतोष मेहता एवं अध्यक्ष पवन मेहता ने बताया कि पांच सितंबर को मध्याह्न 12 बजे से बजरंगपुरी स्थित करण सम्राट हॉल में नए बिहार की परिकल्पना पर परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी करेंगे। बतौर मुख्य अतिथि सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व डिप्टी सीएम एवं सांसद सुशील कुमार मोदी, विधायक एवं पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव और विधायक अरुण कुमार सिंह मौजूद रहेंगे।

इमेजिंग इन एनेस्थिसिया पर कार्यशाला

पटना सिटी. एनएमसीएच के ऑडिटोरियम में इमेजिंग इन एनेस्थिसिया एंड क्रिटिकल केयर पर पटना सोसाइटी ऑफ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट एवं एनएमसीएच के निश्चेतना विभाग की ओर से कार्यशाला आयोजित हुई. इसमें निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने कहा कि एक्सरे, सीटी स्कैन एवं एमआरआई का उपयोग निश्चेतनाक्रिटिकल केयर पेसेंट में महत्वपूर्ण है. समय पर उपचार शुरू हो जाने से मरीज की जान बचायी जा सकती है. आयोजन में कॉलेज प्राचार्या डॉ रेणु रोहतगी व एम्स पटना के डा भदानी ने अपने विचार रखे. अतिथियों का स्वागत डा मोती लाल दास ने की।

मजलिस के साथ आग का महतम आज

पटना सिटी (प्राकि)। नौजरकटरा इमामबाड़ा में चेहल्लूम को लेकर अंजुमने पंजेतनी की ओर से सोमवार की रात आग का मातम होगा। आयोजन समिति के सचिव अली इमाम, संयोजक अली अब्बास, अध्यक्ष तनवीरूल हसन तन्नू, सैयद जिया उर्फ पन्ना और जावेद हसन बबलू ने बताया कि मौलान समर अब्बास का तकरीर होगा। आयोजकों ने बताया कि चेहल्लूम को लेकर याहिया मंजिल चोआ लाल लेन से अलम व ताबूत का जुलूस 5 सितंबर को निकाला जाएगा। छह को जुलूसे अलम निकलेगा, जो हमाम से निकल कर शीशमहल तक पहुंचेगा। सात को बावली इमामबाड़ा से दुलदुल का जुलूस निकलेगा, जो नौजर कटरा जाकर समाप्त होगा।

एनेस्थीसिया व रेडियोलॉजी की भूमिका मरीज के इलाज में अहम

पटना सोसायटी ऑफ एनेस्थीसिया का मच में वैज्ञानिक परिचर्चा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सोसायटी ऑफ एनेस्थीसिया के तत्वावधान में नालंदा मेडिकल कॉलेज के निश्चेतना विभाग के द्वारा अस्पताल के ऑडिटोरियम में सीएमई ऑन एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर में इमेजिंग का आयोजन रविवार को किया गया। इसका उद्घाटन नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रेणु रोहतगी, एम्स के निश्चेतना के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश भदानी, डॉ विमल प्रसाद, डॉ बिजॉय कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार, डॉ विजय कुमार, डॉ नवीन कुमार, नितीन कुमार व एनएमसीएच के रेडियोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मिथिलेश प्रताप ने दीप जला कर साइंटिफिक सेशन का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण एनएमसीएच के निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष और आयोजन कमेटी के अध्यक्ष डॉ बिजॉय कुमार ने किया। मंच का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर सह आयोजन समिति के सचिव डॉ मोतीलाल दास ने किया। पूरे साइंटिफिक सेशन में रेडियोलोजी के अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन व एमआरआई की उपयोगिता के साथ ही आईसीयू व आईसीसीयू के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही इसकी बारीकियां को बताया गया कि कैसे मरीजों के बढ़ते दबाव के बीच डायग्नोसिस किया जाए। ऑपरेशन के दौरान और बाद में इसकी अधिक भूमिका अल्ट्रासाउंड और इमेजिंग का है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को पुष्प कुछ देकर स्वागत करने में डॉ वैशाली, डॉ विजय, डॉ श्रुति, डॉ नैना, डॉ रुबी, डॉ स्तुति, डॉ दिव्या आदि थीं। साइंटिफिक सेशन में आईजीआईएमएस के एनेस्थीसिया विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अनू चौधरी ने लंग अल्ट्रासाउंड के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा ट्रॉमा केस आधारित परिदृश्य में पेट का अल्ट्रासाउंड पर पटना एम्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नीरज कुमार, सीनियर रेसिडेंट डॉ ललित झा और डॉ श्रुति श्रेय ने जानकारी दी। एक्स-रे छाती की मूल व्याख्या पटना एम्स के रेडियो डायग्नोसिस विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ काशिफ रिजवी ने विस्तार से बताया। इसके बाद पटना एम्स के रेडियो डायग्नोसिस विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सृष्टि ने सीटी थोरेक्स की मूल व्याख्या की। एनएमसीएच के रेडियो डायग्नोसिस विभाग के एचओडी डॉ मिथिलेश प्रताप ने दर्दनाक मस्तिष्क की चोट में सिर का सीटी इमेजिंग पर लोगों को बताया। सेशन के अंत में एनएमसीएच के एनेस्थीसिया विभाग के एसोसिएट प्राध्यापक डॉ मोतीलाल दास ने सगमाडेक्स पर बात की।

अच्छे शिक्षक हमारे समाज के अमूल्य धरोहर : नंदकिशोर

सिटी में पहली बार एक साथ स्कूल एसोसिएशन ऑफ बिहार ने किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शिक्षक दिवस पर पहली बार पटना सिटी में किसी संस्था के द्वारा एक साथ 827 शिक्षकों को एक मंच से सम्मानित किया गया। यह कर दिखाया स्कूल एसोसिएशन ऑफ बिहार ने। एसोसिएशन के द्वारा रामदेव महतो सभागार और घसीटा राम एसी ऑडिटोरियम में शिक्षक सम्मान समारोह, 2023 का आयोजन किया गया। समारोह में पटना, बाढ़, बख्तियारपुर एवं बिहटा के स्कूल निदेशकों, प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर चौधरी ने की। इस में स्थानीय विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू और उपमहापौर रश्मि चंद्रवंशी सम्मानित अतिथि थे। प्रारंभ में समारोह को संबोधन करते हुए शंकर चौधरी ने एसोसिएशन के कार्यकलापों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शिक्षकों की दशा और दिशा सुधारने के लिए एसोसिएशन अथक प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर श्रीमती सीता साहू एवं श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी ने समाज में शिक्षा और शिक्षकों की महानता को रेखांकित किया। शिक्षाविद् रहमान सर ने कहा कि कुशल, कर्तव्यनिस्ट और मेहनती शिक्षकों के बिना भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता है। विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि अच्छे शिक्षक हमारे समाज के अमूल्य धरोहर हैं। शिक्षा ही हमें जागरूक, देशभक्त और सशक्त नागरिक बनाता है। उन्होंने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा की। शिक्षक सम्मान समारोह पर सभी अतिथितयों को समाज में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भी विभिन्न स्कूलों के निदेशकों, प्रधानाध्यापकों और इनमें कार्यत शिक्षकों और शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में छात्रों-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसकी समाप्ति से पूर्व कार्यक्रम संयोजक शिवनाथ सिंह ने कार्यक्रम में शामिल अतिथितयों एवं शिक्षकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में नया जोश, संकल्प एवं कर्तव्यबोध भर देते हैं। मीडिया प्रभारी आदिल अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में स्वीटी, शिवनाथ सिंह, सुजीत चौधरी, दिलीप पांडेय, अशोक मिश्रा आदि सक्रिय रहे।

चेहल्लूम को ले शांति समिति की बैठक, 130 स्थान संवेदनशील

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

चौक थाना परिसर में थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में चेहल्लूम और जन्माष्टमी को ले शांति समिति की बैठक हुई। इसमें थानाध्यक्ष ने अखाड़ा के लिए लाइसेंस अनिवार्य होने और दस लोगों के नाम की सूची सौंपने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने प्रशासनिक तैयारियों से अवगत कराते हुए कहा कि डीजे पर प्रतिबंध है। बिना लाइसेंस अखाड़ा निकालने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों में रामजी योगेश, अंजू सिंह, डॉ विनोद अवस्थी, पूर्व पार्षद महबूब कुरैशी, प्रफुल्ल पांडेय आदि मौजूद थे। दूसरी ओर प्रशासन की ओर से चेहल्लूम को लेकर अनुमंडल में 141 स्थान को संवेदनशील घोषित किया गया है। इसमें सिटी में 130 संवेदनशील स्थान और फतुहा में नौ है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि चिह्नित संवेदनशील स्थान पर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगी। थानाध्यक्षों को भी कड़ी निगरानी का आदेश दिया गया है। त्योहार में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को ले 101 जगहों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। तीन अस्थायी थाना भी काम करेगा।

बच्चों के अखाड़ा का लाइसेंस न दें, न शामिल करें : सिटी एसपी

अनुमंडलीय शांति समिति की शनिवार को गुलजारबाग ऑडिटोरियम में बैठक के दौरान पूर्वी एसपी संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों के द्वारा निकाले जाने वाले अखाड़ा को लाइसेंस निर्गत नहीं किया जाए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि अन्य लाइसेंसी अखाड़े में बच्चों को शामिल नहीं किया जाए। ऐसे अखाड़ा, जो अपने स्थान से पहलाम के लिए निकलने के दौरान यदि 50 की संख्या में होते हैं और रास्ते में उसमें कुछ और लोग शामिल हो जाते हैं। ऐसे असामाजिक तत्व यदि कोई गड़बड़ी करते हैं, तो संबंधित अखाड़ा के लाइसेंसी वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्हें इस बात का ध्यान रखना होगा कि उनके अखाड़ा में कोई असामाजिक तत्व या अपरिचित व्यक्ति, जो उनके मोहल्ले या अखाड़े का नहीं है, वह शामिल न हो पाए। पटना सिटी अनुमंडल में तीन अस्थायी थाना बनेगा। इसमें पश्चिम दरवाजा, पटना नगर निगम मीना बाजार कार्यालय के पास एवं पहलाम स्थल शाह बकार की तकिया में बनाया जाएगा। सभी अखाड़ों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है, जिसमे खलीफा के नाम के साथ 10 सदस्य का नाम भी दशार्ना होगा। लाइसेंस नहीं लेने पर उस अखाड़ा के लोगों पर कानूनी कार्रवाई होगी। अस्थाई थाना में सीसीटीवी, ध्वनि विस्तारक यंत्र, वायरलेस, टेलीफोन से लैस होग। इसमें शरारती तत्वों, अफवाह फैलाने वालों एवं हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सभी अखाड़ों का वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। पहलाम स्थल एवं नगर निगम के गेट पर पानी के टैंकर रहेगा। अस्थायी थाना में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ महिला पुलिस, मेडिकल टीम, खोया-पाया शिकायत निवारण शिविर की व्यवस्था होगी। बिहार सरकार के पूर्ववत आदेशानुसार इस बार भी डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

अखाड़ों में हथियार के प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से रोक होगी। पहलाम को निकले अखाड़ा में भड़काऊ भाषण एवं उत्तेजित गाना पर भी प्रतिबंध होगा। बैठक में शांति समिति के सदस्य के रूप में गणेश कुमार, हेदायत अहमद, संजय मालाकार, संजय अलबेला, सैयद अली इमाम, पिंटू यादव, गुलफिशां जबीं, प्रभात बहादुर माथुर, रामजी योगेश, पूनम मेहता, अंजू सिंह, फिरोज हसन आदि मौजूद थे। साथ ही अनुमंडल के अंतर्गत सभी थाना प्रभारी, पटना नगर निगम के पदाधिकारी, बिजली विभाग के अभियंता, गुरु गोविंद सिंह अस्पताल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार में शिक्षा के गिरते स्तर पर आईजी विकास वैभव ने जताई चिंता

रोटरी सम्राट ने नेशन बिल्डर अवार्ड से शिक्षकों को किया सम्मानित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में शिक्षा के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त किया गया। साथ ही सभी बुद्धिजीवियों से शिक्षा के उत्थान के क्षेत्र में कार्य करने का अनुरोध किया गयि। यह बात आईजी विकास वैभव ने रोटरी पटना सिटी सम्राट के द्वारा आयोजित नेशन बिल्डर अवार्ड प्रदान करने के दौरान अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कही। होटल मोतीमहल डीलक्स परिसर में शिक्षक दिवस की पूर्व बेला पर रोटरी साक्षरता अभियान के तहत रोटरी सम्राट ने क्लब अध्यक्ष मनोज कुमार की अगुआई में 60 शिक्षकों और प्रोफेसरों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आईपीएस विकाश वैभव, विशिष्ट अतिथि पीडीजी विवेक कुमार आदि ने दीप जला कर किया। लोगों को भारत की प्राचीन काल में शिक्षा व्यवस्था से अवगत कराया। कार्यक्रम के चेयरमैन सीमा बल्लभ ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन राजेश कुमार तथा रुचिता नवाडिया कर रहे थे। धन्यवाद ज्ञापन चयनित अध्यक्ष देवराज बल्लभ ने किया। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड प्रदान करने के दौरान आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सक्रिय सहयोग करने वालों में सचिव अभिषेक पैट्रिक, सहायक मंडलाध्यक्ष कुमुद रंजन, चार्टर अध्यक्ष विजय यादव, कविता अरोड़ा, सुशील पोद्दार, जेपी पाल, देवेश नबाडिया, संजय सिन्हा, राजेश दीवान, बिंदेश्वरी कपूर, सुधीर प्रभात, दिनेश भदानी, जयप्रकाश जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, डॉ विनय कुमार सिंह, राम कुमार, ललित अरोड़ा, अनूप कुमार, राजेंद्र प्रसाद, अरुण सिन्हा, नसीम अख्तर, प्रवीण जायसवाल, भोला केशरी, शालिनी कुमारी, रागिनी कुमारी, लता कपूर, संगीता कुमारी, मो एहतेशाम हक, ललन कुमार, बीएन कपूर प्रमुख थे।

राजधानी में कायस्थों की संख्या अधिक मगर राजनीति में हाशिए पर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रगतिशील कायस्थ समाज के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए नौजर कटरा स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में बैठक की गई। इसमें लाल बहादुर शास्त्री विचार मंच के अध्यक्ष चित्रांश अजय वर्मा समारोह की तैयारी के लिए क्षेत्रीय स्तर पर पटना शहर में बैठक आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में चित्रांशों की एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की जाएगी। राजधानी में हमारी संख्या अन्य किसी से कम नहीं है, मगर आज भी हम सब राजनीतिक रूप से हाशिये पर हैं, यह दुखद है। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष लाला प्रकाश और संचालन अवधेश कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में पटना सिटी के वार्ड स्तर पर और प्रमुख चौक-चौराहे पर बैनर लगाने, तोरण द्वार बनाने तथा चित्रांशों के घर-घर जाकर जनसंपर्क चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार सिन्हा, रितेश रंजन, संजय अलबेला, महासचिव प्रमोद कुमार सिन्हा, अनुज सिन्हा, नीलिमा सिन्हा, सत्यदेव पप्पू, दिव्यराज विनायक, अनूप कुमार वर्मा, अजय बबलू, उपेंद्र सिन्हा, गौरव नंदन सहाय आदि मौजूद थे।

कंगन घाट तिराहे पर लगा वाहनों का लंबा जाम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट तिराहे के पास वाहनों का लंबा जाम लगा। दरअसल रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण लोगों की भीड़ कंगन घाट पर जुटी थी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग दोपहिया और चार पहिया वाहन लेकर भी पहुंचे थे। गंगा पाथ-वे के मुख्य रोड पूर्व से पश्चिम की ओर तो आना-जाना था ही, मगर अशोक राजपथ से वाया चौक थाना होते हुए कंगन घाट मुख्य गंगा पाथ-वे की ओर आने एवं जाने वाले वाहनों का दबाव भी था। इस दौरान कोर्ट की गाड़ियां भी जाम में फंसी थी, जो न्यायाधीश को लेकर पहुंची थी। इस लंबे जाम के कारण एक घंटा से अधिक वाहन फंसा रहा। अपराह्न से शाम तक जाम का झाम देखा गया।

इस दौरान स्थानीय स्तर पर खुद वाहन चालकों ने वाहन से उतर कर वाहन को व्यवस्थित कर निकालने का प्रयास किया। काफी देर के बाद परिचालन सामान्य हो पाया। इस दौरान पैदल चलने वालों को भी फजीहत का सामना करना पड़ा।

श्री गणिनाथ जी का महोत्सव 9 व 10 को लगेगा मेला

पटना सिटी (प्राकि)। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के घघा घाट स्थित बाबा श्री गणिनाथ गोविंद जी का 52वां महोत्सव का आयोजन नौ सितंबर को होगा। इसके लिए बैठक मंदिर परिसर में हुई। निर्णय लिया गया कि शनिवार एवं रविवार को बाबा का महोत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन वैदिक रीति से पूजा पाठ, भजन कीर्तन और संध्या में कलाकारों के द्वारा जागरण, झांकी का प्रदर्शन एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक क्रार्यक्रम होगा। श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था मंदिर समिति के द्वारा की जाएगी। दूसरे दिन भी आए अतिथियों का स्वागत समारोह एवं शाम में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दो दिनों तक लगने वाले मेले में बच्चों के खिलौने के साथ झूले एवं महिलाओं के लिए श्रृंगार एवं सभी जरूरत की दुकान सजेगी। बैठक में पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास ने कहा कि इस दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। बैठक में श्री गणिनाथ समिति के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, अशोक गुप्ता, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, चंदू कुमार, गणेश गुप्ता, अमित कुमार, मोनू कुमार, सूर्यकान्त निराला आदि शामिल थे।

लिखित शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस ने चोर को छोड़ा, लोग नाराज

दानापुर। थाना क्षेत्र केअंतर्गत रविवार की अहले सुबह लखनी बीघा इलाके में चोरी के इरादे से घुसे एक चोर को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ लिया ग्रामीणों ने 112 डायल करके पुलिस के हवाले कर दिया गया। मगर ग्रामीणों द्वारा चोर के खिलाफ लिखित शिकायत नहीं करने पर पुलिस द्वारा चोर को छोड़ने को लेकर ग्रामीण नाराज दिखे। मिली जानकारी के अनुसार लखनीबिहा मठ मंदिर मुख्य मार्ग पर अंधेरे का फायदा उठाते एक युवक चोरी के इरादे से घर में खिड़की के सहाने घुसने का प्रयास कर रहा था।

तभी एक ग्रामीण की नजर उसपर पड़ी और वह शोर मचाने लगा। शोर की आवाज सुन ग्रामीण इकट्ठे हो गये और उसे पकड़ लिया गया। लोगों ने बताया कि चोर जमुई इलाके का रहने वाला है और साइकिल के द्वारा यहां पर चोरी करने आया था जिसे 112 डायल पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस द्वारा चोर के खिलाफ लिखित शिकायत मांगी गई पर कोई ग्रामीण सामने नहीं आया। जिसको लेकर पुलिस खगौल थाने आरोपित को लेकर आई व अन्य प्रक्रिया व पूछताछके बाद उसे छोड़ दिया गया। आरोपित को छोड़े जाने को लेकर ग्रामीण नाराज दिखे। इस संबंध में सिटी एसपी राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा आरोपित के खिलाफ लिखित शिकायत किसी ने नहीं कि मगर आरोपित शख्स की पिटाई ग्रामीणों द्वारा की गई है।

नेशनल सिनियर सिटिजन एसोसिएशन की बैठक की गई

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत रविवार 3 तारीख को रामपुर मैरेज हॉल में संगठन की बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि जस्टिस पीएन राय ने वरीय नागरिक कल्याण के संबंध में निम्नलिखित सुझाव सरकार को दिए उन्होंने बताया कि वरीय नागरिक की हालत दयनीय रहती है इसलिए उन्हें आयकर से मुक्त किया जाए मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना की राशि 400 से बढ़कर 3000 की जाए बद रेल भाड़ा की 50% की छूट बहल की जाए स्टेट एवं प्राइवेट बसें के भाड़ा में 50% छूट दी जाए आगे के चार सीटें आरक्षित की जाए सरकारी कर्मचारियों के सम्मान जनक व्यवहार किया जाना सुनिश्चित करने का विचार किया जाए उन्हें आगत मुसीबत से छुटकारा दिलाए जाए संगठन के मीटिंग एवं कार्यालय के लिए सरकारी भवन निशुल्क आवंटित किया जाए इस अवसर पर मुख्य संरक्षक चंदिका यादव, कन्हाई रजक रमाकांत तिवारी, अशोक कुमार, एन के सिंह, नाथुन प्रसाद सिंह, राजकुमार प्रसाद, डी.पी. श्रीवास्तव, एस.एन. ठाकुर दिवाकर सिंह भारत सिंह कामेश्वर शर्मा विश्वेश्वर शर्मा विजय कुमार सिंह देवी शंकर प्रसाद, आदर्श कुमार के साथ संघ के तमाम लोग मौजूद थे।

झपट्टामार बदमाश के साथ दो खरीदार गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गतनगर में दिनदहाड़े राहगिरों से सोने की चेन छीनतई में रूपसपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने वारदात में शामिल एक शातिर बदमाश के साथ चेन को खपाने वाले दो व्यापारी को धर दबोचा है। आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त फा5 बाइक व 2 सोने के चेन बरामद किया गया है। रविवार को सिटी एसपी राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि विगत 28 अगस्त को सौभाग्य शर्मा पथ, रूकनपुरा की रहने वाला पल्लवी कुमारी अपने फ्लैट से सब्जी एवं फल लाने के लिए , शर्मा पथ के पास जा रही थी तभी एक निजी स्कूल के पास बाइक सवार दो बदमाश आया और पीछे बैठा बदमाश महिला के गले से सोने का चैन झपटा मारकर छिन लिया व फरार हो गये। महिला द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस द्वारा अनुसंधान के क्रम में घटना में प्रयुक्त बाइक फा5 सादिकपुर रूकनपुरा निवासी आनन्द कुमार के पास से बरामद किया गया है जो अपने स्वीकारोक्ति बयान में रूपसपुर, दानापुर एवं खगौल थाना क्षेत्र से तीन चैन छिनने कि बात स्वीकार किया है। चेन छिनने के बाद उसे बेच कर खपाने में शामिल सोने के व्यापार करने वाले रूपसपुर के विजय कुमार एवं मैनपुरा दानापुर के माथुर साह गिरफ्तार कर लिया जो बदमाश के द्वारा चेन खरीदने की बात स्वीकार किया। दोनों व्यापारी के पास से छिने हुए दो सोने के चेन बरामद कर लिये गये है। सिटी एसपी ने बताया कि वारदात में शामिल एक और बदमाश फरार है जिसकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

बड़ी पहाड़ी में जमीन विवाद को ले गोलीबारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी में स्थित 44 कट्ठा जमीन पर कब्जा करने को लेकर चहारदीवारी करने दबंग पहुंचे थे। जब इसका विरोध जमीन मालिक बुधन महतो ने किया, तब दबंगों के द्वारा ताबड़तोड़ गोलीबारी की गई। इस घटना से किसान और उसका परिवार जमीन पर से जान बचा कर भागने में सफल रहा। फायरिंग की घटना से वहां अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। गोलीबारी की हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ नहीं हुआ है। इस बीच सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अगमकुआं थाना की पुलिस भी पहुंची। एएसपी शरथ आरएस और थानाध्यक्ष सुधीर कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां मामले में छानबीन की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फायरिंग किए जाने की सूचना मिली है। बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। इधर जमीन मालिक और परिजनों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए जमीन को दबंगों से मुक्त कराने की मांग की है। घटनास्थल पर पुलिस बाल की तैनाती है। साथ ही पुलिस आसपास गश्त भी कर रही है।

वाहन की टक्कर में बाइक चालक की मौत, सवार घायल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। दीदारगंज थाना क्षेत्र के दीदारगंज चेक पोस्ट के पास दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवा की मौत हो गई, जबकि दूसरा मौत से जूझ रहा है। बताया जाता है कि पिकअप वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवा फेंका गया। घटना के बाद आसपास के लोगों और वाहन चालकों व खलासियों की भीड़ जुट गई इस कारण से कुछ देर के लिए यातायात परिचालन भी प्रभावित हो गया। घायल को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। यातायात थानाध्यक्ष कुमार विरेंद्र ने बताया कि मृत युवक की उम्र करीब 25 साल है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। जख्मी युवक बोलने की स्थिति में नहीं है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। घटना के बाद पिकअप वाहन का चालक वाहन लेकर फरार होने में सफल हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। स्थानीय भीड़ में शामिल लोगों ने घायल युवक के चेहरे और शरीर पर पानी का छींटा भी डाला कि शायद उसे होश आए, मगर ऐसा नहीं हो पाया। वहीं दूसरे मृत के पॉकेट की जांच भी की गई, मगर कोई ऐसा सामान नहीं पाया गया, जिससे उसकी पहचान की जा सके। मोटरसाइकिल पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एफटी 2341 लिखा था।

रोजगार देने व काला धन वापस लाने का वादा नहीं हुआ पूरा : ललन

बोलें- तीन पूंजीपति हजारों करोड रुपए लेकर विदेश भाग गए

- मुख्यमंत्री ने डीजल पर अनुदान देकर किसानों का बोझ हल्का किया : उमेश
- नीतीश कुमार के प्रयास से बिहार को चार बार राष्ट्रीय कर्मण पुरस्कार मिला : अशोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह ललन ने कहा कि आज बिहार का विकास दर अगर 11 फीसदी है तो उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ प्रदेश के अन्नदाताओं को जाता है। 2015 में मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना का वादा किया था जिसे 2020 तक पूरा कर दिया और हमें भरोसा है कि 2025 आते-आते सात निश्चय योजना-2 का वादा भी पूरा कर लिया जाएगा। श्री सिंह रविवार को पार्टी मुख्यालय में जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, हर गरीब के खाते में 15-15 लाख रुपए भेजने का वादा किया था। रोजगार मिलने की बात तो दूर केंद्रीय नौकरियों में 2014 के बाद से पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई, ठीक उसी प्रकार देश से काला धन तो वापस नहीं आया मगर सरकार के नाक के नीचे से देश के तीन बड़े पूंजीपति हजारों करोड रुपए लेकर विदेश भाग गए। मोदी ने न खाएंगे न खाने देंगे की बात कही थी मगर आज वास्तविक स्थिति ठीक इसके विपरीत है। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार ने रोड मैप

बनाया जो की आज तक चल रहा है। वर्तमान में चलने वाला चौथा कृषि रोड मैप का बजट कुल 1 लाख 62 हजार करोड रुपए का है। इस बात से ही पता चलता है कि हमारे नेता मुख्यमंत्री किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए किस प्रकार से संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने बिहार के अंदर सिचाई की व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने का काम किया और किसान भाइयों को डीजल पर अनुदान देकर उनका बोझ हल्का किया। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि इसमें दो मत नहीं है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किसानों को सशक्त बनाने का ऐतिहासिक काम किया है। आज चौथा कृषि रोड मैप की शुरूआत मुख्यमंत्री ने की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व का प्रमाण है कि बिहार को चार बार कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय कर्मण पुरस्कार से नवाजा गया।

सम्मानित किए गए किसान : स्वाति यादव लखीसराय, इंदर कोरा मुंगेर, भोला महतो सिवान, विजय गिरी पश्चिम चंपारण, लता देवी बांका, राज कुमार यादव जमुई, हेमचंद्र ठाकुर मधुबनी, अंजु कुमार समस्तीपुर, कौशल कुमार रोहतास, विजय कुमार सिंह जमुई, नीरज कुमार लखीसराय उपस्थित थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया।

ये रहें मौजूद : उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य सचेतक, बिहार विधान परिषद संजय कुमार सिंह गांधी जी विधानपार्षद सह राष्ट्रीय सचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह, मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार, संजय वर्मा, मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह, सुनील कुमार सुशील, वासुदेव कुशवाहा, रणविजय कुमार, नंदकिशोर कुशवाहा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कर्मवीर आजाद, भोला सिंह, महासचिव सोनू कुमार एवं मिडिया प्रभारी नीरज कुमार, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई राम चरित्र प्रसाद सहित सैकड़ो नेतागण एवं कार्यकत्तागण उपस्थित थे।

लालू प्रसाद ने शिक्षा को वंचितों तक पहुंचाया : जगदानंद

- शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच परस्पर सहयोग होना आवश्यक : सिद्दिकी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती के पूर्व अवसर पर जननायक कपूर्री ठाकुर सभागार में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी को संगठन संबंधी प्रमाण पत्र के साथ शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि महिला शिक्षा की शुरूआत करने वाली सावित्री बाई फूले और पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण इसलिए किया जाता है कि उन्होंने चरित्र निर्माण और कार्यों को जो सरजमीन पर अपने विचारों के साथ उतारा उसी कारण उनको हम याद करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाने का काम करते हैं और उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। आगे कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर ने शिक्षा को निःशुल्क करके तथा बिना अंग्रेजी के शिक्षा को बढ़ावा देकर वंचित और गरीब वर्ग के बच्चों को पढ़ने और आगे बढ़ने का मौका दिया जिसे लालू प्रसाद ने समाज में चेतना जागृत करने के लिए न सिर्फ चरवाहा विद्यालय की स्थापना की बल्कि गरीबों के बीच जाकर उन्हें पढ़ो या मरो का याद दिलाया और उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा के प्रति जो भविष्य निर्माण के लिए काम किया है उससे वंचित वर्ग आगे बढ़ें। इस अवसर पर अब्दुलबारी सिद्दिकी ने कहा कि शिक्षा के सेवा में लगे शिक्षक अगर पढ़ाते नहीं तो आज हमलोग यहां तक नहीं पहूंचते मगर इन दिनों स्थिति बदल गई है। शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता परस्पर प्रेम और सहयोग के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समर्पण का होना चाहिए जिससे भविष्य का निर्माण करने में जो धार होनी चाहिए उसमें कमी दिख रही है। कहा कि बेहतर तालमेल से हीं बेहतर शिक्षा के वातावरण का निर्माण हो सकता है। इन्होंने शिक्षक प्रकोष्ठ के नेताओं से कहा कि अपने इलाके के शिक्षा और शिक्षकों के समस्याओं को पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष समय-समय पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को भी बताने का काम करें जिससे कि बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति महागठबंधन सरकार का जो संकल्प है उसे मजबूती प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, वृषिण पटेल, डॉ विनोद कुमार यादवेन्दु, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, डॉ उर्मिला ठाकुर, प्रदेश महासचिव प्रो कुमार चन्द्रदीप, मदन शर्मा, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, संजय यादव, प्रमोद कुमार राम सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। सभी ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन श्यामनंदन यादव ने की।

इंडिया के जुड़ाव से बुरी तरह डरी हुई है भाजपा : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के लगातार मजबूत होने और घटक दलों के बढ़ते जुड़ाव से भाजपा बुरी तरह डरी हुई है। इसी घबराहट में इन्होने संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसी भय के कारण इन्होने एक देश एक चुनाव का शिगूफा छोड़ते हुए आनन-फानन में कमिटी गठित कर दी है। भाजपा यह जान ले कि उसका कोई पैंतरा अब काम नहीं आने वाला। उनके नए शिगूफे, कमिटी और खुद उनका भविष्य क्या है, यह देश का बच्चा बच्चा जानता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में लगातार मजबूत हो रही विपक्षी एकता और देश में उठ रही सत्ता विरोधी लहर को भांपते हुए भाजपा बौखला उठी है। उन्हें पता है कि 9 वर्षों में उन्होंने जिस तरह से जनहित को नजरअंदाज करते हुए चंद पूंजीपतियों की गुलामी की है, उससे आम जनता में भयंकर गुस्सा पनप रहा है। दूसरी तरफ जातिगत गणना जैसे मुद्दों का विरोध कर उन्होंने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। यहां तक कि उनके कार्यकर्ता भी अपने नेताओं से नाखुश हैं। इसीलिए लोगों को बरगलाने के लिए यह लोग एक देश एक चुनाव जैसे मुद्दों को उछालना शुरू कर दिया है। भाजपा को यह बताना चाहिए ऐन लोकसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे को उछालने का क्या मतलब है? अगर इस विषय पर उनकी नियत साफ है तो पिछले 9 वर्षों में उन्होंने इसे क्यों नहीं उठाया? जदयू महासचिव ने कहा कि सारे पैंतरे आजमा के भाजपा अब थक चुकी है। अब अंतिम अस्त्र के तौर पर इन्होने दुष्प्रचार का सहारा लेना शुरू कर दिया है। यहां तक कि इन्होने इंडिया शब्द पर हमला शुरू कर दिया है। लेकिन जनता जानती है कि इंडिया नाम से उन्हीं को एलर्जी हो सकती है जिनका देश और देश के संविधान में विश्वास न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा की बौखलाहट से सबसे अधिक खुश भारत की जनता है। दरअसल भाजपा के अहंकार और सामन्तवादी रवैए से आज देश के गरीब, मजदूर, किसान, मध्य वर्ग, पिछड़ा-अतिपिछड़ा सब नाखुश है। लोग जान चुके हैं भाजपा सपनों की सौदागर है, जो वादे तो करती है, लेकिन उन्हें पूरा करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाती। न तो इनके राज में लोगों को रोजगार मिला, न ही इन्होने पेट्रोल-डीजल के दाम कम किये, न इनके राज में किसानों की आमदनी दुगनी हुई और न ही महिलाओं के सशक्तिकरण पर कोई काम हुआ। हकीकत में जनता अब इनसे ऊब चुकी है। उन्हें पता है कि इंडिया ही भाजपा के कुशासन से देश को मुक्ति दिला सकती है।

सनातन धर्म के अपमान का बदला लेगी जनता : मंगल

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म से संबंधित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि सनातन धर्म के प्रति इस तरह का बयान इंडिया गठबंधन की असली मानसिकता को दशार्ता है। ऐसा लगता है कि मुंबई में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में सनातन विरोधी योजनाओं की जमकर चर्चा हुई। सीएम एमके स्टालिन इंडिया गठबंधन के 13 सदस्यीय कॉर्डिनेशन कमिटि के प्रमुख सदस्य हैं। जो विपक्षी दलों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। ऐसे में उनके बेटे उदयनिधि का सनातन उन्मूलन सम्मेलन में दिया गया यह बयान कि सनातन धर्म का सिर्फ विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि सफाया किया जाना चाहिए। यह साबित करता है कि यह गठबंधन तुष्टिकरण की परकाष्ठा पर पहुंच चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार से यह बयान सामने आया है। वह हिंदू धर्मावलंबियों के मन में एक डर पैदा कर रहा है। यह गठबंधन देश में सनातन विरोधी लहर को सशक्त करेगी। देश की जनता यह देख रही है कि डीएमके जैसी पार्टियां न सिर्फ हिंदू विरोधी है, बल्कि वह हिंदी भाषा का भी विरोध करती रही है। इन पार्टियों को देश की एकता और सभ्यता से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस, राजद और जदयू के नेताओं की उनके बयान पर चुप्पी यह यह साबित करता है कि सनतान धर्म खत्म करने वाले लोगों को उनकी तरफ से खुली छूट मिली हुई है। यह लोग हमारे देश के इतिहास को मिटाकर उसे खंडित करने की योजना में लगे हुए हैं। देश की जनता सब देख रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में यदि पीएम नरेंद्र मोदी को पुनः सत्ता में नहीं लाया गया तो सनातन धर्म खतरे में आ जाएगा। सनातान विरोधी सियासी पार्टियों को जनता न सिर्फ करारा जवाब देगी, बल्कि पीएम मोदी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर सनातन धर्म के अपमान का बदला लेगी।

घमंडिया गठबंधन को भारतीयता से नफरत : नित्यानंद

पटना। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सनातन को खत्म करने का घमंडिया गठबंधन का बयान इनकी तुष्टिकरण की मानसिकता को दिखाता है। घमंडिया गठबंधन के नेताओं को भारत की संस्कृति, परंपरा, विरासत, प्राचीन गौरव तथा भारतीयता से नफरत है। उदयनिधि स्टालिन के सनातन को खत्म करने के बयान ने गठबंधन की असली मंशा को बाहर ला दिया है। ये घमंडिया गठबंधन चाहे कितनी भी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करें, लेकिन उनकी दुकान में सिर्फ नफरत और बांटने का ही सामान बिकता है। कहा कि इस घमंडिया गठबंधन के नेताओं और दलों को पता नहीं है कि भारत की संस्कृति, भारत की परंपरा, भारत के विरासत, भारत के मूल्य और भारतीयता के मूल्य इतने कमजोर नहीं है कि कोई भी अवसरवादी गठबंधन उसकी जड़ों को हिला पाए। इसलिए इस गफलत में घमंडी गठबंधन न रहे। 2024 में फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए आ रही है और घमंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ होने जा रहा है।

जनता के बीच रहने वाला चुनाव की बात करता है : सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने वन नेशन वन चुनाव को लेकर विपक्ष के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री चौधरी ने कहा कि जो ताकतवर होता है और जनता के बीच होता है वही चुनाव की बात करता है। श्री चौधरी ने कहा कि डरने वाले चुनाव की बात नहीं करते। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हारने वाले चुनाव से भागते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी डरे हुए है, क्योंकि वे भी जानते हैं कि उनका जनमत खत्म हो चुका है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने एक राष्ट्र एक चुनाव की बात की है, ये उनके जनता की ताकत पर बनीं सरकार की ताकत बोल रही है, राजनीति तौर पर चोरी छिपे सरकार बनाने वाले व्यक्ति ये नहीं समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सरकार बचाने के लिए जीते हैं, हिम्मत नहीं की चुनाव में जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि देश के लोग डरे हुए हैं, जो गलत है। वास्तविकता है कि देश के लोग डरे हुए नहीं हैं।

नम आंखों से मुट्ठी बांधकर का. राजाराम को दी गई अंतिम विदाई

- माले महासचिव सहित वामपंथी, कांग्रेस, राजद के नेता व कई सामाजिक कार्यकर्ता हुए अंतिम विदाई में शामिल
- फासीवाद के खिलाफ संघर्षरत आवाज को प्रेरणा देते रहेंगे का. राजाराम : दीपंकर
- बांस घाट पर हुई अंतिम क्रिया, परिजनों सहित पार्टी नेताओं की भारी उपस्थिति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नम आंखों और अपनी मुठ्ठियों को बांधकर आज भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता व आईपीएफ के संस्थापक महासचिव का. राजाराम को अंतिम विदाई दी गई। छज्जूबाग स्थित माले विधायक महबूब आलम के आवास पर अंतिम यात्रा के पहले सुबह 10 बजे से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में माले सहित विभिन्न वामंपथी पार्टियों, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं सहित उनके परिजनों, बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और पटना शहर के सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति रही। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य, वरिष्ठ नेता का. स्वदेश भट्टाचार्य, झारखंड के राज्य सचिव का. मनोज भक्त, झारखंड के पूर्व राज्य सचिव जनार्दन प्रसाद, बिहार राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा, अमर, मीना तिवारी, राजाराम सिंह, शशि यादव, केडी यादव, पूर्व सांसद रामेश्वर प्रसाद, पार्टी के पूर्व राज्य सचिव नंदकिशोर प्रसाद, प्रभात कुमार चौधरी आदि नेताओं ने माल्यार्पण किया। सीपीआई के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय, सीपीएम के अरूण मिश्रा, राजद नेता व विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, कांग्रेस के मोहन शर्मा, पत्रकार श्रीकांत, पूर्व विधायक छोटे केडी यादव, पूर्व विधायक एन के नंदा, बलदेव झा, अरविंद सिन्हा, नंदकिशोर सिंह, किशोर दास आदि वाम-जनवादी नेताओं व सामाजिक कार्यकताओं ने कामरेड राजाराम जी को अपनी श्रद्धांजलि दी। माले विधायक दल के उपनेता सत्यदेव राम, महानंद सिंह, मनोज मंजिल, अमरजीत कुशवाहा, गोपाल रविदास, रामबलि सिंह यादव सहित सभी जिला सचिवों, केंद्रीय व राज्य कमिटी के सदस्यों, किसान महासभा के नेता उमेश सिंह, राजेन्द्र पटेल, एआइपीएफ के कमलेश शर्मा और का. राजाराम की पत्नी व भाकपा-माले नेता का. संगीता देवी, उनके पुत्र अभिषेक कुमार व परिवार के अन्य सदस्यों ने दिवंगत का. राजाराम के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि कॉमरेड राजाराम का अचानक चले जाना हम सबके लिए शॉकिंग है। उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी और संघर्ष के हर क्षेत्र में कम्युनिस्टों और अन्य फासीवाद-विरोधी सेनानियों को प्रेरित करती रहेगी। वक्ताओं ने कहा कि का. राजाराम एक सच्चे कम्युनिस्ट नेता थे और कई पीढ़ियों को प्रभावित करते रहे। का. केडी यादव ने का. राजाराम से अपने 52 वर्षों के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि संघर्ष की भट्टी में तपे तपाए और सादगी के प्रतीक का. राजाराम भाकपा-माले के एक प्रमुख स्तंभ थे। सामाजिक बदलाव के प्रति अटूट प्रतिबद्धता उनकी ताउम्र बनी रही। उनका निधन न केवल पार्टी बल्कि पूरे देश व समाज के लिए एक गहरी क्षति है। उनके सम्मान में पार्टी का झंडा झुका दिया गया था और राजाराम अमर रहें के नारों के साथ उन्हें अश्रुपूर्ण आंखों से अंतिम विदाई दी गई।

पद्रेश कांग्रेस ने दी का राजाराम को श्रद्धांजलि

पटना। बिहार कांग्रेस ने भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता का राजाराम के निधन पर शोक व्यक्त की एवं उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, मोहन शर्मा, सुमन कुमार मल्लिक और मृणाल अनामय ने श्रद्धांजलि सभा में शिरकत कर स्व कामरेड राजाराम को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने श्रीनगर से भेजे अपने संदेश में कहा कि का राजाराम गरीबों के लिए जीवन भर लड़ते रहे और जब कभी भी गरीबों और किसानों के खिलाफ अन्याय होता था और उस अन्याय के विरूद्ध जहां कहीं भी आन्दोलन की सुगबुगाहट होती थी वहां का राजाराम मोर्चा संभाल लिया करते थे। उनकी कमी बिहार के गरीब, मजदूर और किसान को हमेशा खलेगी। गौर तलब है कि 73 वर्षीय का राजाराम का 1 सितम्बर,23 की रात्रि में निधन हो गया था। आज उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए माले कार्यालय में रखा गया था, जहां बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पूरा देश बोलेगा- जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया : सर्राफ

पटना। जदयू विधानपार्षद ललन सर्राफ ने कहा कि बहुत जल्द पूरा देश जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया बोलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की धुरी बनकर उभरे हैं। उन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि इंडिया गठबंधन ने आकार लिया। उन्होंने जिस भाजपा-मुक्त भारत का संकल्प लिया है, हम उसे 2024 में पूरा करके दिखाएंगे। श्री सर्राफ रविवार को बेतिया में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ तथा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलास्तरीय प्रशिक्षण सह संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने आगे कहा कि आज एक ओर सच बोलने वालों के पीछे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स लगा दिया जाता है तो दूसरी ओर 70 हजार करोड़ का घोटाला करने वाला भाजपा की वाशिंग मशीन में जाकर बेदाग हो जाता है। आज हमारा देश खतरे में है। हमारे इतिहास को बदलने की साजिश की जा रही है। अगर देश में लोकतंत्र को फिर स्थापित करना है तो हमें सजग रहना होगा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश गांव-गांव और जन-जन तक पहुँचाना होगा। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हमारी गंगा-जमुनी तहजीब को खत्म करने पर तुली है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग चरम पर है और लोकतंत्र की आत्मा कराह रही है। हमें 2024 में हर हाल में इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की एकमात्र चिन्ता अपने चहेते उद्योगपतियों की तिजोरी भरना और अपने साम्प्रदायिक एजेंडे को लागू करना है।

उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित हुए 275 शिक्षक

- शिक्षक समाज के लिए आदर्श होते हैं : नवल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन होटल मैत्रया इन बोरिंग रोड में किया गया। जिसमें शिक्षा,खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 275 प्राचार्य,प्राचार्या,शिक्षकों,शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों को बिहार विधान परिषद में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद शिक्षकों के प्रतिनिधि विधान पार्षद प्रो.नवल किशोर यादव द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की शुरूआत बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो.नवल किशोर यादव व विशिष्ट अतिथि बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की उपाध्यक्ष -सह-प्रवक्ता,भाजपा बिहार प्रदेश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रो.नवल किशोर यादव ने कहा कि शिक्षक ने समाज को हमेशा ही सुधार कर एक नई दिशा दी है। शिक्षक ही हमारे अंदर समाज कल्याण की भावना जागृत करते हैं। प्राचीन भारतीय मान्यताओं के अनुसार शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊंचा माना गया है। शिक्षक समाज के लिए आदर्श होते हैं। राज्य सरकार रोज नये-नये कानून व मापदंड बनाकर शिक्षकों को तंग करना बंद करें। सरकार पहले विद्यालय के आधारभूत संरचनाओं को दुरुस्त करे। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की उपाध्यक्ष-सह-भाजपा प्रवक्ता प्रो.सुहेली मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो.नवल किशोर यादव द्वारा यह सम्मान समारोह विगत कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों के अलावे खेल व समाज सेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले गुरुओं को सम्मानित किया जाना गौरव की बात है। इस अवसर पर बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की संयुक्त सचिव मिताली मित्रा,डॉ शांति कुमारी सिन्हा,पटना जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ.अरुण दयाल,डॉ.मुसर्रत जहाँ,शिव नारायण पाल,संजीव पोद्दार,पंकज कुमार, राज कुमार,नेहा रानी सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित थे। मंच संचालन प्रतिभा वर्मा ने किया।

मंचों पर सफल होना है तो छंद का ज्ञान आवश्यक, भाषा भी हो प्रांजल

- साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई काव्य-कार्यशाला, सिखायी कविताई पढ़ाया छंद का पाठ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा आयोजित हिंदी-पखवारा और पुस्तक-चौदस मेला के तीसरे दिन रविवार को नवोदित कवियों के लिए काव्य-कार्यशाला के रूप में एक प्रशिक्षण-कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें पद्य के विभिन्न रूपों और विधाओं के विषय में विस्तृत चर्चा के साथ उसकी रचना-प्रक्रिया और छंद-विधान की भी सोदाहरण जानकारी दी गई। नवोदित कवियों ने, मात्रिक और वार्णिक विधियों से मात्रा की गणना सिखी। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ भी शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने भी गीत, गजल, दोहा, मुक्तक, रुबाई आदि विधाओं का प्रारंभिक ज्ञान दिया और कहा कि मंचों पर सफल होना है तो छंद का ज्ञान आवश्यक है। छंदो-बद्ध रचानाएं ही किसी कवि को अमर करती है, क्योंकि वह चिर स्मरणीय और गेय होती हैं। हमारा प्राच्य साहित्य इसीलिए बचा रहा, क्योंकि वे छंदो-बद्ध थे, गेय थे। अन्यथा वेद, पुराणादि बचे नही होते। वरिष्ठ कवि मार्कण्डेय शारदेय ने दोहा, सोरठा, रोला, कुंडलियाँ, सवैया, कवित्त आदि छंदों की रचना सोदाहरण समझाते हुए, कहा कि कविता में गति (प्रवाह) और यति (विराम) का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के छंदों पर सबसे अधिक कार्य अयोध्या प्रसाद सिंह हरिऔध ने किया। कार्यशाला के प्रतिभागियों में सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, शायर आरपी घायल, रमेश कँवल, तलत परवीन, डा प्रतिभा रानी, डा पंकज वासिनी, डा सुमेधा पाठक, आराधना प्रसाद, सागरिका राय, डा सीमा रानी, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, डा सीमा यादव, जय प्रकाश पुजारी, डा आर प्रवेश, चितरंजन भारती, चंदा मिश्र, प्रेमलता सिंह, प्रो सुशील झा, ई अशोक कुमार, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सदानन्द प्रसाद, अरविंद अकेला तथा उत्तरा सिंह समेत अनेक कवि और बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

5 सितंबर को रालोजद का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन

- बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस भी मनाया जाएगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

5 सितंबर को पटना के विद्यापति भवन में राष्ट्रीय लोक जनता दल द्वारा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सह बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस समारोह की तैयारी बैठक पटना महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कैम्प कार्यालय 24 एम स्टैंड रोड में संपन्न हुआ। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता इंजीनियर हेमंत कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा करेंगे एवं मुख्य अतिथि के रुप में रालोजद बिहार के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पटना जिला कमिटि द्वारा किया जाएगा, जिसमें पटना पूर्वी, पटना महानगर एवं पटना पश्चिम के सभी कार्यकताओं के साथ पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय हजारों नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अख्तर नेहाल, महासचिव वीरेंद्र प्रसाद दागी, मीडिया प्रभारी अनिल यादव, प्रमोद सिंह राजपूत, अजय कुमार शर्मा, सौरभ सागर, भुवनेश्वर कुशवाहा, रवि प्रताप कश्यप, विनोद कुमार पप्पू, मोहम्मद आशिक आलम, विजय यादव, तथागत पांडे, अशोक कुशवाहा मिथिलेश दुबे, अनिल कुमार, दिग्विजय सिंह कमलकांत आदि नेता मौजूद थे!

पटना जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से सीधे कनेक्ट किया जा रहा टेंपो स्टैंड

प्लेटफार्म से निकलने के बाद डायरेक्ट यात्रियों को मिलेगी विभिन्न इलाकों के ऑटो की सुविधा

- ढाई एकड़ में तैयार किया जा रहा जीपीओ से स्टेशन तक टेम्पो स्टैंड

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग ढाई एकड़ में स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। युद्ध स्तर पर इसका निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। बता दें जीपीओ गोलंबर से लेकर प्लेटफार्म नंबर एक तक तैयार किए जा रहे इस नये स्टैंड से ऑटो की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। 1000 ऑटो की होगी क्षमता : जीपीओ गोलम्बर के दक्षिण मीठापुर रेलवे फुट ओवर ब्रिज से तरफ सब्जी मार्केट के पास से यह रास्ता मस्जिद के पास से स्टेशन के तरफ जाता है। उसी रास्ते को चयनित कर नया ऑटो स्टैंड के लिए उपयोग किया जाएगा। 1000 से अधिक ऑटो की क्षमता होगी जिसकी सुविधा आम जनों को मिलेगी। इस निर्माण के बाद आम जनों को स्टेशन से विभिन्न दिशाओं में जाने के लिए डायरेक्ट ऑटो की सुविधा मिलेगी। रोड के साथ अत्याधुनिक टॉयलेट का भी होगा निर्माण : फुट ओवर ब्रिज से दहिनी तरफ 100/100 फिट की जमीन भी चिन्हित हुई है जहाँ अत्याधुनिक टॉयलेट का भी निर्माण करवाया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा निर्मित यह टॉयलेट सभी प्रकार की सुविधाओ

संक्षिप्त खबरें

ट्रेन से कटकर एक महिला की हुई मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड के रामभद्रपुर गुमटी से दक्षिण इस्लामपुर के नजदीक दरभंगा से समस्तीपुर की ओर जा रही पर से गिरने से रविवार की सुबह एक 60 वर्षीय महिला की कटकर मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक महिला की पहचान समाचार संप्रेषण तक नहीं हो पाई थी। घटना की जानकारी मिलते ही कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतका महिला के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि ट्रेन पर से गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। उसके शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया है।

पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक

मधुबनी अंचल निरीक्षक कार्यालय खजौली में रविवार को पुलिस इंस्पेक्टर राम किशोर शर्मा के नेतृत्व में खजौली राजनगर बाबूबरही एव कलुआही थानाध्यक्षों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक किया गया. इस बैठक के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर श्री शर्मा ने उपस्थित सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि लंम्बित कांड को अति शीघ्र निष्पादन करने की दिशा निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि शराब तस्करों को नकेल कसने को लेकर दिवा एव रात्रि में तेजी लाने को निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में दिवा गश्ती के दौरान दो पहिया वाहन एव चार चक्का वाहन को जांच करने को निर्देश दिया गया. उन्होंने उपस्थित सभी थानाध्यक्ष को कहा कि लंबित वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि थाना में पेंडिंग केश को अविलंब काटने का निर्देश दिया गया.पुलिस इंस्पेक्टर राम किशोर शर्मा ने कहा थाना क्षेत्र में अपराधी को चिंहित कर उस अपराधी को गिरफ्तारी करने की सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर अक्सर मारपीट होती रहती है . वैसे जमीनी मामले को थाना दिवस के मौके पर दोनो पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कराने की दिशा निर्देश दिया गया. उन्होंने सभी थानाध्यक्ष को कहा कि अपने अपने थाना क्षेत्र में पुलिस पब्लिक की बीच समझौता कर क्षेत्र समन्यवक स्थापित कर शांति माहौल स्थापित करने का दिशा निर्देश दिया. इस मौके पर खजौली थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान राजनगर थानाध्यक्ष अरविंद्र कुमार बाबूबरही थानाध्यक्ष चंद्रमणि जी एव कलुआही थानाध्यक्ष मृतुजय कुमार एसआई राम कुमार जितेश कुमार मौजूद थे।

पत्रकार संगठन की मजबूती के लिए सबको साथ लेकर चलने पर बल

मसौढ़ीः आपसी समंजस्य व एकजुटता से ही कलाम के सिपाही पत्रकारों की समाज में पहचान होती है। समाज व देश को अपने कलम की धार से आइना दिखाने वाले पत्रकार किसी के पहचान का मोहताज नहीं है। लेकिन हम पत्रकारों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़नी चाहिए, इसी में हम सबों के साथ समाज व देश की भी भलाई समाहित है। उक्त बातें रविवार को मसौढ़ी अनुमंडल पत्रकार संघ की बैठक में वरिष्ठ पत्रकारों ने कहीं। पत्रकार अरविंद कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक में पत्रकार हितों के मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से संगठन की मजबूती के लिए गतिशीलता प्रदान करने की बात उठाई गई। बैठक का संचालन करते हुए पत्रकार अरविंद कुमार रंगकर्मी ने कहा कि पत्रकारों के हित एवं संगठन मजबूती के लिए सबको साथ लेकर उद्देश्यों के अनुरुप काम करने की जरूरत है। वहीं सभी पत्रकारों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर संगठन को नये आयाम देना संगठन की प्राथमिकता मौके पर मनोज पांडे, शशी तुलसियान, सुजीत भैया, प्रभंजन बारणसि निर्मल कुमार शशि, ललित नारायण सिंह, लव कुश पांडे, पीके भारती, अरुण सर ,अजय कुमार बबलू नीरज कुमार ,अरविंद कुमार, एसके अंबानी, राजेश कुमार सोनू राहुल जी,भोला कुमार, नागेंद्र नाथ शर्मा, अजय शर्मा एवं अन्य लोग शामिल हुए।

पोखर में मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर पंचायत वार्ड 15 स्थित धमूर्साह पोखर में रविवार की अहले सुबह एक 26 वर्षीय युवक का शव पानी में उपलाता मिला। देखते ही देखते लोगों की जमावड़ा लग गया। लाश से गंध निकल रही थी। आशंका व्यक्त किया जा रहा था कि युवक की अन्यत्र हत्या कर पोखर में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 11 निवासी उमेश गिरी के 26 वर्षीय पुत्र सुमंत गिरी के रूप में किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक सुमंत गिरी एक पैर से विकलांग था तथा किराना दुकान चलाकर जीवन यापन करता था। दो दिन पहले एकाएक घर से गायब हो गया। परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन किया। इसी क्रम में धमूर्साह पोखर में रविवार की सुबह युवक का शव पानी में तैरते मिला। परिजनो ने बताया कि इससे पहले भी 1 अगस्त को सुमंत गिरी को अपहरण कर पैसा की मांग की गई थी। तीन दिन बाद पटना में सुमंत मिला था। घटना की जानकारी विभूतिपुर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही विभूतिपुर थाना से एसआई नवीन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन विभूतिपुर थानाध्यक्ष के कार्यशैली से नाराज ग्रामीण शव को लेकर दलसिंहसराय सिंघियाघाट मुख्य पथ एसएच 88 को कल्याणपुर में जामकर कर यातायात बाधित कर दिया। वहीं विभूतिपुर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए वरीय पदाधिकारी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग करने लगा। बता दें कि मृतक तीन भाइयों में बड़ा था। मृतक के 3 छोटे छोटे पुत्र है। गोविंद कुमार 4 वर्ष, गोपाल कुमार 2 वर्ष और एक पुत्र का जन्म 4 दिन पहले ही हुआ था। युवक की मौत की खबर सुनते ही माता फुलकुमारी देवी, पत्नी काजल कुमारी सहित परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

घंटों सड़क रहा जाम, आक्रोशित लोग टायर जलाकर आक्रोश व्यक्त कर पुलिस के खिलाफ लगाते रहे नारे

कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 15 स्थित धमूर्साह पोखर में युवक के शव मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने दलसिंहसराय सिंघिया घाट मुख्यपथ एस एच 88 को कल्याणपुर महावीर चौक पर सुबह 8:00 से लाश के साथ सड़क जाम कर यातायात बाधित कर दिया। लोग रह-रह टायर जलाकर आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। लगभग 9 घंटे तक सड़क जाम रहा। दोनों ओर बड़ी वाहनों की कतार लगी थी। दो पहिया वाहन किसी तरह मार्ग बदल कर अपने गंतव्य तक निकल रहे थे। भीषण गर्मी व दिन भर सड़क जाम रहने से यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

डीएम एसएफसी के गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त तो पुलिस आई एक्शन में उसके बाद हटा जाम

लगातार 9 घंटे तक सड़क जाम के दौरान रोसड़ा से दलसिंहसराय की ओर (पूरब दिशा) जाने के लिए डीएम एसएफसी का स्कॉर्पियो गाड़ी जाम स्थल तक आ गई। जिससे आक्रोशित होकर मौजूद युवकों ने उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई और तब जाकर जाम समाप्त हुआ और पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। बता दें कि उक्त गाड़ी में पदाधिकारी पंकज कुमार मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सड़क जाम नहीं होने के कारण उक्त स्थल तक पहुंच गए। वे रोसड़ा में मंत्री के प्रोग्राम से लाईजिनिंग प्रोग्राम ऑफिसर के रूप में कार्य कर वापस लौट रहे थे। वहीं थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि दिन भर लोगों को बुझाया समझाया गया लेकिन जाम समाप्त नहीं किया। डीएम एसएफसी के गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। आवेदन दी गई है कार्रवाई की जाएगी। उधर, मृतक के परिवार की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है।

कल्याणपुर महावीर चौक की दुकानें रही बंद, कारोबार हुआ प्रभावित

रविवार की अहले सुबह युवक की लाश मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने कल्याणपुर चौक पर लाश के साथ सड़क जाम कर दिया। वहीं चौक की सभी दुकानें दिन भर बंद रहने से कारोबार बुरी तरह प्रभावित रहा। लगभग 50 लाख से अधिक की कारोबार प्रभावित होनें की संभावना बताई गई है।

पुलिस ने की जुआ के अड्डे पर छापेमारी, 3.15 लाख रुपये बरामद, 3 गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने एक मकान में चलाए जा रहे सट्टबाजी का पदार्फाश किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर कुंडल में विवेक सहनी के मकान मे कुछ अज्ञात लोगो के द्वारा सट्टेबाजी का खेल खेला जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक, नगर, मुजपफरपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकंदरपुर कुंडल स्थित विवेक सहनी पिता दिनेश प्रसाद सहनी के मकान को घेराबंदी कर पुलिस बल द्वारा छापामारी की जा रही थी तभी असमाजिक तत्वों की भीड़ द्वारा पुलिस बल पर हमला कर गिरफ्तार व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ा लिया गया। इस दौरान पुलिस ने मौके से 2लाख94हजार 6सौ रुपये नगद ,22 मोबाईल, ,ताश की गड्डियां एवं कुछ कागजात भी बरामद किया है।वीडियो फुटेज के आधार पर असमाजिक तत्वों की पहचान कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।सहायक पुलिस अधीक्षक ,नगर अवधेश सरोज दीक्षित ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन 22 लोगों का मोबाईल बरामद किया गया है ,उन सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।दूसरी घटना स्टेशनरोड स्थित जिला परिषद मार्केट के सामने स्थित एक झोंपड़ी की है।इस झोंपड़ी में भी पुलिस ने जुआ खेलते तीन लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।उनके पास से 21 हजार रुपये ,कैलकुलेटर,, मोबाईल समेत कई सामान बरामद हुए हैं।गिरफ्तार किए गये लोगों में जुआरियों का सरगना विनय चौधरी समेत संतोष उर्फ विक्की और मनोज कुमार शामिल हैं।उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में मिठनपुरा ,बेला और ब्रह्मपुरा इलाके में सट्टेबाजी के अड्डे की सूचना है।विनय चौधरी इस सट्टेबाजी का सरगना है ,जिसका बंगाल से कनेक्शन है।इसका मुख्य कार्यालय बालूघाट में है।इसके द्वारा काफी समय से शहर के 20-25स्थानों पर जुए का अड्डा चलाया जा रहा है।पुलिस को पहले से ही इसकी सूचना थी।इसी सूचना के बाद जुए के अड्डों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

दुधपुरा में बंद पड़े घर का ताला तोड़कर चोरों ने की चांदी के बर्तन सहित लाखों के समानों की चोरी

- घटना को लेकर मकान मालिक के संबंधी ने मुफ्फसिल थाने में दिया है आवेदन, आसपास के कुछ युवकों पर जताई है शंका

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा वार्ड नंबर चार में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर चार लाख रुपए के कीमती समानों की चोरी कर ली। बताया गया कि दूधपुरा वार्ड नंबर 4 निवासी रामसेवक प्रसाद मकान के मालिक हैं। वह सपरिवार किसी दूसरे शहर में रहते हैं और साल में कभी-कभी आते हैं। वहीं एक कमरा किराए पर है। जिसमें दिन में ही ऑफिस और मीटिंग के लिए लोग आते हैं। रात में वह भी बंद ही रहता है। चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही मकान मालिक के संबंधी संजय कुमार गुप्ता ने पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को 112 नंबर पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। एफआईआर दर्ज करने को लेकर पीड़ित के रिश्तेदार और स्थानीय निवासी संजय कुमार गुप्ता ने मुफ्फसिल थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में घटना के बाद से आसपास के कुछ युवकों के गायब रहने पर उनके ऊपर शंका व्यक्त की गई है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी। आवेदक ने बताया कि हर रोज की तरह सुबह में वह मॉर्निंग वॉक पर निकलते हैं। इस दौरान जब वह अपने सम्बन्धी के मकान के पास पहुंचे और बाउंड्री का गेट खोलकर अंदर जाने पर मकान के ग्रिल का ताला टूटा हुआ पाया। वहीं अंदर जाकर देखने पर सभी कमरों का ताला टूटा हुआ पाया गया। इसकी सूचना उन्होंने अपने संबंधी और मकान मालिक रामसेवक प्रसाद को फोन के माध्यम से दी। फोन पर ही मकान मालिक ने घर में रखे गए समानों के बारे में जानकारी दी। जिसके अनुसार अनुसार पाया गया कि घर रखे पुराना पीतल का बर्तन, चांदी का बर्तन, कुछ एंटीक पीस सामान, पानी का मोटर एवं गैस सिलेंडर सहित अन्य घरेलू सामान गायब हैं। जिसका अनुमानित मूल्य चार लाख रुपए बताया गया है। वहीं मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चोरी के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

"एक देश - एक चुनाव" देश में चुनाव सुधारो के लिए आवश्यक : अभाविप

प्रात : किरण संवाददाता

और गाबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक देश - एक चुनाव की संभावनाओं पर विचार निमित्त समिति गठन जैसे महत्वपूर्ण कदम द्वारा इस दिशा में आगे बढ़ने से अत्यंत आशान्वित है। वर्तमान मे देश चुनाव सुधारो कि दिशा में विभिन्न कदम उठाए जाने कि आवश्यकता हैं। जिससे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पक्ष में परिस्थितिजन्य दोषो को दूर किया जा सके। जिला संयोजक राजीव रंजन कुमार ने कहा कि अभाविप समय-समय पर देश की चुनाव व्यवस्था के विभिन्न पक्षों जैसे मताधिकार के प्रयोग,धनबल-बाहुबल को नकारने, सभी वर्गो की चुनावी प्रतिनिधि में उचित सहभागिता,चुनाव में भष्टाचार को खत्म करने जैसे विषयों पर उचित विमर्श के उपरांत देश के शैक्षणिक परिसरों में युवाओ के मध्य चुनाव सुधारों के लिए संवाद हेतु संगोष्ठीया व अन्य रचनात्मक प्रयोग कि है।अभाविप की नागपुर में 2013 में सम्पन्न राष्ट्रीय कार्यकारणी परिषद में चुनाव सुधार के लिए नीतिगत निर्णय लेने का आवाह्न किया गया था। अभाविप के प्रदेश सह-मंत्री सूरज सिंह ने कहां कि देश को स्वाधीनता मिलने के उपरांत शुरूआत से एक देश - एक चुनाव की स्थिति थी, कई विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ हुई लेकिन विभिन्न कारणों से क्रम टुट गया और धीरे धीरे यह स्थिति बन गई कि देश पुरे समय चुनावी मोड मे रहने लगा। चुनावी मोड में रहने की स्थिति के कारण कई तरह के निर्णय भी प्रभावित होते है, जोकि देश के लिए अहितकारी है। एक देश-एक चुनाव वर्तमान समय में चुनाव सुधारों कि दिशा में अति महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस विषय में हितधारकों से उचित राय लेकर चुनाव सुधारों कि दिशा में आगे बढ़ना हितकारी है। देश कि चुनाव व्यवस्था में साकारात्मक परिवर्तन आना चाहिए, चुनाव सुधारों से भ्रष्टाचार को रोकने में सहायता मिलेगी व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

मंत्री ने किया ओसीटी एंजियोग्राफी एवं ग्रीन लेजर मशीन का उद्घाटन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य के वित्त, वाणिज्क र एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को प्रखंड के मुसरीघरारी स्थित मिथिला आंख अस्पताल के पांचवें स्थापना दिवस पर ओसीटी एंजियोग्राफी एवं ग्रीन लेजर मशीन का उद्घाटन किया। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि विभिन्न चिकित्सा व्यवस्थाओं में आंखों की देखभाल को सर्वोपरि माना गया है, क्योंकि लोगों के गुणवत्तापूर्ण और उत्पादक जीवन जीने के लिए दृष्टि स्वास्थ्य अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में सस्ती कीमत में उन्नत नेत्र देखभाल की सुविधा उपलब्ध है। इससे लाभ उठाने की जरूरत है। वहीं मुख्य चिकित्सक डॉ० नवीन कुमार ने कहा कि मोतियाबिंद के मरीजों लिए यहां पहले से ही विश्व की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध है। अब डायबिटीज के मरीज के लिए ओसीटी एंजियोग्राफी एवं ग्रीन लेजर मशीन अधिष्ठित किया गया है। इस नई तकनीक से आंख के इलाज की सुविधा जिले में एकमात्र इसी अस्पताल में उपलब्ध कराई गई है। समारोह की अध्यक्षता मिथिला आंख अस्पताल के पेट्रोन रामजी झा ने की। संचालन विजय कुमार झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० नवीन कुमार ने किया। मौके पर रोटरी क्लब जोन 2 की एजी डॉ अमृता कुमारी, रोटरी समस्तीपुर के सेक्रेटरी विमल केडिया, रोटेरियन सुजीत खेमका, डॉ० संजय कुमार लाभ, डॉ० नीलेश, डॉ० केके मिश्रा, डॉ० अनुनय के अलावा प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, कमलेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल सिंह बाबा, इजहार अशरफ, मो० फिरोज, मो० नसीम अब्दुल्ला, दानिश कमाल, उमेशचंद्र झा, मिलन कुमार सिंह, जयंत चौधरी, नाराज झा, अभय कुमार झा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा को लेकर नागा रोड दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। प्रत्येक साल की भांति इस साल भी हिंदुओं के लोक आस्था का महापर्व दुर्गा पूजा किया बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जाना है। जिसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर में सर्वप्रथम नागा रोड दुर्गा पूजा समिति की पूजा हेतु एक आम बैठक नागा बाबा मठ के प्रांगण में आयोजित की गई, जिसमें पिछले वर्ष की लेखा-जोखा प्रस्तुत की गई। उसके बाद वर्ष 2023 की पूजा हेतु परिचर्चा की विधिवत शुरूआत हुई। बैठक की अध्यक्षता नागा रोड दुर्गा पूजा के अध्यक्ष प्रभु यादव ने की। उक्त बैठक में मूल कमिटी थोड़ा-बहुत फेरबदल करते हुए विस्तारित किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रभु यादव, सचिव संतोष कुमार एवं कोषाध्यक्ष संदीप कुमार के साथ नए पदाधिकारियों के रूप में महासचिव संजय सर एवं एक और कोषाध्यक्ष राकेश रंजन वर्मा को जिम्मेवारी सर्वसम्मति से दी गई। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में पूर्णिमा भारती, संजय पटेल, संजय सर्राफ, राजन यादव, प्रेमचंद कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, पिंटू गिरी, राहुल कुमार उर्फ होरिल कुमार एवं गुलटेन यादव, सह सचिव के रूप में मुकेश गुप्ता, जबकि संरक्षक के रूप में शिवपूजन प्रसाद गुप्ता, कृष्णा साह, गुड्डू सिंह, राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, विजय साह, परमानंद गिरी, शिवपूजन सिंह, भैरव गुप्ता, कन्हैया सर्राफ, पप्पू गुप्ता, राकेश गुप्ता, डॉ. हजारी प्रसाद गुप्ता, डॉ. जगदीश गुप्ता, गौरीशंकर श्रीवास्तव, शिवकुमार भारती, शत्रुघ्न गिरी, बृजकिशोर साह एवं अमरदीप गुप्ता को शामिल किया गया है। मौके पर सतन प्रसाद, मुकेश भारती, विक्की साह, छोटू कुमार एवं प्रदीप कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

दीननगर गांव मे स्वास्थ्य विभाग ने किया डीडीटी छिड़काव,ग्रामीणो ने ली राहत की सांस

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जमुई सिविल सर्जन के निदेर्शानुसार इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड के दीननगर गांव मे अलीगंज पीएचसी के प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा मो साजिद हुसैन की देखरेख मे ग्रामीणो की बुखार आने की शिकायत पर डीडीटी पावडर का छिड़काव रविवार को टीम के द्वारा करवाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणो के द्वारा बुखार आने व उल्टी दस्त के साथ डेंगू प्रकोप होने की शिकायत किया गया था। इसी के मद्देनजर दीननगर गांव मे छिड़काव करवाया गया है।और माइक्रो प्लान के तहत अलीगंज बाजार एवम अन्य जगहो पर भी डीडीटी छिड़काव करवाया जाएगा। बता दे कि इन दिनो भीषण गर्मी के कारण काफी बीमारियो का खतरा की आशंका बढ गई है। शिकायत मिलते ही चिकित्सीय टीम पहूचकर मरीजो को जाचकर उसकी दवा दिया जा रहा है। ऐसे खतरा की आशंका बहुत कम दिखाई पड रही है।कूछ जगहो पर बुखार आने की शिकायत हूई थी जहा स्वास्थ्य टीम पहुंचकर उसकी जांच कर दवा देकर तथा डीडीटी छिड़काव करवाया जा रहा है। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने गरामीणो को साफ सफाई रखने तथा आसपास अचरा कचरा को साफ कर गढ्ढा मे गाड दे ,साथ ही आसपास जलजमाव नही होने दीजिए। ताकि नाला की जलजमाव गंदगी से मच्छर घरो मे पहुचते है। लोगो को साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि स्वस्थ जीवन साफ सफाई पर ही निर्भर करती है। इसलिए आस पास लोगो को गंदगी का खुले मे ढेर नही करे,साफ सफाई के साथ वासी भोजन नही करे।क्यो कि बारिश नही होने से इन दिनो गर्मी का प्रकोप काफी बढ गया है।

लोकसभा,विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

झाझा-रविवार को भाजपा झाझा विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओ का सम्मेलन शहर स्थित रेलवे तालाब रोड के पास बने विवाह भवन में आयोजित किया गया।सम्मेलन की अध्यक्षता पार्टी के नगर अध्यक्ष सूरज सिंह तथा संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा किया गया।सम्मेलन में मंडल से लेकर बूथ स्तर तक की मजबूती तय सीमा अवधि में किये जाने को लेकर कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश पार्टी के वरीय पदाधिकारी के द्वारा दिया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता सह समाजसेवी हडड़ी रोग विशेषज्ञ नीरज साह ने कार्यकर्ताओ,पार्टी के अन्य पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुये कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जमुई जिले की सभी सीटों पर पार्टी का विजय ध्वज लहराया जाये इसके लिये हमलोगों को संकल्प लेना होगा कि हमलोग पार्टी की मजबूती को लेकर पार्टी की ओर से मिलने वाले दिशा निर्देश पर अपने अपने कार्यो को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करे।भाजपा की ओर से चलाये जा रहे कार्यक्रम अपनी माटी अपना देश कार्यक्रम के तहत शहर के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गुलाबचंद्र गुप्ता के आवास से अमृत कलश मे उनके आंगन का पवित्र मिटटी एकत्रित किया गया।लोकसभा संयोजक विनय पांडे,बृजनंदन सिंह,विजय अग्रहरी,संतोष झुनझुनवाला,नरेश यादव,टिल्लू बंका,ममता केशरी,संजीव केसरी,प्रशांत सुल्तानियां,सिंटू साव,हेमंत सिंह,विकास आर्य,सत्यनारायण तुरी सहित कई लोग मौजूद थे।

दुनिया इतिहास पढ़ने वालों को नहीं ,इतिहास गढ़ने वाले को याद रखती है : पप्पु यादव

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जाप सुप्रिमों पप्पु यादव ने कहा है कि दुनियां इतिहास पढ़ने वालों को नहीं ,इतिहास गढ़ने वालों को याद रखती है। हमारे कुछ पूर्वजों ने व्यापक व लोकहित का काम कर जनमानस में अमर हो चुके हैं।उनसे प्रेरणा लेकर वर्तमान युवा पीढ़ी को उन्हीं लोकहित की भावनाओं से प्रेरणा लेकर देश के नवनिर्माण में जी जान से जुटना होगा।तभी हमें समस्याओं से छुटकारा मिलेगी।वे आज जिले के मोतीपुर के पंसलवा में आयोजित आम सभा में बोल रहे थे। जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक मुजफ्फरपुर के द्वारा मोतीपुर के पंसलवा चौक पर पीलिंग मशीन एवम आरा मिल को लाइसेंस,अपराध,हत्या एवम महिला सुरक्षा के मुद्दों को लेकर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमों पप्पू यादव शामिल हुए। सभा में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश ने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर बिहार में हमारे नेता संघर्ष कर रहे हैं, यह उसकी निर्णायक सभा है और मुजफ्फरपुर इसका साक्षी बनेगा। जाप सुप्रिमों ने कहा , लगातार मुजफ्फरपुर में हत्या और बेटियों की तस्करी चरम पर है ।यहां मिलरों, मजदूरों और यहां के किसानों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा ,आखिर सामाजिक न्याय की सरकार ने अब तक क्या किया है? यहां डेढ़ लाख मजदूर अपना परिवार चलाते हैं। उन्होंने कहा का यदि हमारी सरकार में हिस्सेदारी भी होगी तो बीस लाख से पचास लाख तक हम बेरोजगारों को बिना ब्याज मदद करेंगे।उन्होंने कहा कि अगले एक दो दिन में पदयात्रा का कार्यक्रम तय ज्ञोगा। पदयात्रा में भारी संख्या में शामिल होने का आप सभी को निमंत्रण देने आया हूं। आप सभी अपने अधिकार के लिए इस यात्रा में अवश्य शामिल होइए। इस कार्यक्रम को सवर्ण प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार गुड्डू, राजेश रंजन पप्पू,प्रदेश महासचिव अभिजीत सिंह,संजीव चौधरी,रजनीश शाही, प्रभात रंजन झा,मनोज कुमार,आशा देवी,साजिद रसूल,प्रमोद राय,मुन्ना सिंह,ललन कुमार यादव मुखिया,मुन्ना सहनी,संतोष कुमार,संजीव कुमार निराला समेत हजारों की संख्या किसान,मजदूर एवम कार्यकताओं की भागीदारी रही। इससे पहले नारियार चौक पर सैंकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल के साथ जाप सुप्रिमों का स्वागत किया गया।

साइकिल हटाने को लेकर हुआ विवाद

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी शनिवार के दीन शाम मे जयनगर थाना क्षेत्र के डोरवाड़ गांव में साइकिल हटाने को लेकर हुआ विवाद में चेचेरे भाई ने चाकू मार कर जख्मी करने को मामला प्रकाश में आया है।घायल युवक डोरवाड़ गांव के वार्ड न. 18 निवासी राम विलास यादव का पुत्र प्रेम सागर बताया गया है। जिसका इलाज जयनगर अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष आशुतोष रंजन ने बताया कि पीड़ीत द्वारा आवेदन नही प्राप्त हुआ है आवेदन मिलते ही एफआईआर की प्रकिया अपनाई जाऐगी।

संक्षिप्त खबरें

सभी संचिकाओं को सूचीबद्ध कर प्रतिवेदन समर्पित करें अधिकारी : आयुक्त

पूर्णिया । उप विकास आयुक्त साहिला की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सभी शाखा एवं कार्यालय प्रभारी के साथ संधारित व्यवहृत, अव्यवहृत तथा पुरानी मृतप्राय संचिकाओं को सूचीबद्ध करने को लेकर बैठक का आयोजन उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में संबंधित विभागीय पदाधिकारी के साथ विभाग बार समीक्षा की गई। जिन विभागों द्वारा अभी तक संचिकाओं को सूचीबद्ध कर चिन्हित स्थल पर रक्षित नहीं किया गया है उन्हें निर्देश दिया गया कि आगामी सोमवार तक उक्त सभी संचिकाओं को सूचीबद्ध कर प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उक्त संचिकाओं का उपयोग किया जा सके।

लूट की योजना बना रहे अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने बीती रात्रि के समय रात्रि गश्ती पर निकली हुई थी जहां गुप्त सूचना के आधार पर हुसेपुर पंचायत के रीठ के पोखरा पर आधा दर्जन से अधिक अपराधीयो ने लूट की योजना बना रहे थे । जहां पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगे जिनमें पुलिस ने दो अपराधियों को एक बाइक के साथ धर दबोचा ।अन्य फरार होने में सफल रहे । गिरफ्तार अपरोधियों के पास से एक चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस दो एंड्राइड मोबाइल सेट तथा नगदी ₹20000 बरामद किया गया । गिरफ्तार अपरोधियों कि पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के सरयुपार गांव निवासी राम उदार कुशवाहा के पुत्र सुजीत कुमार कुशवाहा तथा दूसरा जैतपुर गांव के साई टोला निवासी मोहम्मद खलील मियां के पुत्र मोहम्मद नियाज के रूप में हुई है । गिरफ्तार अपरोधियों ने अपने अन्य आठ साथियों को नामजद किया है ।पुलिस ने दोनों अपराधियों को जेल भेज कर अन्य फरार अपराधियों के संभावित ठीक पर छापामारी कर रही है ।

लोन चालू को ले जदयू जिला अध्यक्ष ने सीएम को भेजा मेल

छपरा। सारण जिला जनता दलयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने सुबे के मुखिया नीतीश कुमार एवं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को मेल भेज कर लगभग 38 वर्षों से अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए संचालित सीएम रोजगार लोन योजना को पुनः चालू करने का अनुरोध किया है ' बता दें कि लगभग एक साल पहले नए प्रबंध निदेशक का पदस्थापन हुआ था ' उसी के बाद से अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा संचालित रोजगार लोन को बंद कर दिया गया है ' मालूम हो कि एक लंबे अरसे से सूबे के अल्पसंख्यकों को छोटे-छोटे रोजगार के लिए निगम द्वारा लोन उपलब्ध कराया जाता था ' जिला अध्यक्ष ने सीएम एवं प्रदेश अध्यक्ष को भेजें मेल में यह भी बताया कि निगम के इस निर्णय को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में काफी नाराजगी देखी जा रही है ' अल्पसंख्यक समुदाय के लिए यह इकलौता निगम है, जिसके माध्यम से छोटे-छोटे लोन अल्पसंख्यक समुदाय को रोजगार के लिए आसानी से उपलब्ध हो जाता था ' उन्होंने कहा कि जिला में दौरा करने के बाद निगम के प्रति अल्पसंख्यक समुदाय की नाराजगी देखी जा रही है ' अल्ताफ आलम राजू ने लोकसभा चुनाव और पार्टी के हित को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से इस दिशा में पहल करने का आग्रह करते हुए यह भी कहा कि तत्काल प्रभाव से प्रबंध निदेशक को हटाना आवश्यक है और रोजगार लोन योजना को चालू करने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

पानी पीने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तीन जख्मी

आरा। भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव में पानी पीने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से तीन लोग जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव निवासी राज कुमार ठाकुर का 19 वर्षीय पुत्र अमृत ठाकुर सुरेंद्र बारी का 18 वर्षीय पुत्र करण कुमार एवं दूसरे पक्ष से मोहन प्रसाद का 24 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार, उसके चाचा दीपक सिंह है। इधर, एक पक्ष के अमृत ठाकुर ने बताया कि वह कसाप गांव पर सैलून चलाता है, उसके दुकान में करण कुमार काम करता है। शनिवार की शाम गांव कहानी सुनील कुमार उसके दुकान में आया और पानी पीने के लिए मांगा, तो उसने कहा कि पानी नहीं है, उसने कहा कि अपने चेले से पानी मंगवाओ। लेकिन उसके दुकान पर कम कर रहे करण कुमार ने पानी नहीं लाया। इसी बात को लेकर उसने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जब करण उससे पूछताछ करने गया, तो दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हुई। इसके बाद उक्त सुनील कुमार द्वारा शीशे के टुकड़े से उसके शरीर के कई जगहों पर घोंप दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

पाल समाज के सैंकड़ो लोगों ने की भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊपर आस्था ब्यक्त करते हुए औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी में पिछड़ा वर्ग से आने वाले राष्ट्रीय पाल एकता मंच के पाल समाज के सैंकड़ो की संख्या में महिलाएँ,वपुरुष एवं नौजवान लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया सभी लोगों को सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।सांसद ने सभी लोगों को भाजपा परिवार में शामिल होने को लेकर धन्यवाद और आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोगो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया यह फैंसला स्वागत योग्य है ।पिछड़े,अतिपिछड़े, अनुसूचित वर्ग,महादलित एवं सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हुए जनहित के कार्य करती है ।भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़,समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है ।आप सभी लोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साथ चलने का संकल्प लिया यह बहुत अच्छा निर्णय है ।भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया कि सभी योजनाएँ गरीबों के हित के लिए है ।42 करोड़ गरीबों का जनधन के माध्यम से खाता खुला है ।भाजपा पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगो को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य हुआ है ।कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह ने किया ।भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर सिंह ने लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।राष्ट्रीय पाल एकता मंच के जिलाध्यक्ष सुदर्शन कुमार पाल ने कहा कि हम सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो से खुश होकर सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा परिवार में शामिल हुए है ।भाजपा सबका साथ,सबका विकास,सबका प्रयास और सबका विश्वाश के सिद्धांत पर कार्य करती है और हमेशा गरीबों के हित में कार्य करती है ।आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाँथो को मजबूत करेंगे और सांसद सुशील कुमार सिंह को अपार बहुमत से चुनाव जिताएंगे और भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे ।इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुदर्शन कुमार पाल,उपाध्यक्ष पिन्टु कुमार पाल, सचिव रमेश पाल,सेवानिवृत्त शिक्षक राम वचन पाल,जगदीश पाल,भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा,समाजसेवी विनोद सिंह,रवि सिंह,भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सह देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,युवा भाजपा नेता अंकित सिंह,टनटन सिंह,रामाधार पाल,शिवभगत पाल,रामप्रसाद पाल,सचिदानंद पाल,जुगेश पाल,संजीत पासवान,नरेश पाल,सूर्यदेव पाल,राजन पाल,प्रदीप पाल,अजित पाल,सोनचंद पाल,परशुराम पाल,शिव कुमार पाल,चंदन पाल,अमरजीत पाल,रामाधार पाल,गीता पाल,शिवकान्ति पाल,रानी पाल,अमित पाल,संजय पाल,विजय पाल,सूरज पाल,राम बचन भगत,विकास पाल,जनेश्वर पाल,जय प्रकाश भगत,सूरज पाल,गौरीशंकर पाल,माधुरी पाल,नगीना पाल,किशोरी पाल,रितेश पाल,मनीष कुमार,संजीत पाल एवं सैंकड़ो की संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

राजस्थान में महिलाओं के अत्याचार, मौन है गहलोत सरकार : मिर्धा

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/ कसबा । राजस्थान, जहां की महिलाओं ने हमेशा देश और विदेशों में भारत का झंडा बुलंद किया है, आज उसी राज्य में महिलाओं पर हो रहे शर्मनाक जूल्म और अत्याचार की घटना से भारत की महान लोकतांत्रिक और शांतिपूर्णतारुपी पहचान देश दुनिया में धूमिल होती नजर आ रही है। राजस्थान में एक महिला को सरेआम निर्वस्त्र कर घुमाया जाना न केवल वहां के सरकार की नाकामी को दशार्ता है बल्कि राज्य की कानून व्यवस्था की भी पोल खोल रही है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय मिर्धा ने एक प्रेस बयान जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में लगातार विभिन्न तरीके की हिंसा और महिला उत्पीड़न का दौर जारी है, लेकिन वहां के मुख्यमंत्री पूरी तरह खामोश बने हैं। यह घटना राजस्थान में कांग्रेस सरकार की विफलता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस शासित सरकार से पूरा राज्य ठगा हुआ, लूटा हुआ और मर्माहत महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब राजस्थान की बहनों के साथ इस तरह का घिनौना अत्याचार होता है तो पूरा देश स्तब्ध है लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चुप्पी साधे बैठे हैं। श्री मिर्धा ने कहा कि गहलोत सरकार की लचर शासन व्यवस्था का नतीजा है कि राज्य पूरी तरह से अस्थिर हो गया है जिसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस तरह की घटना को रोकने में राज्य सरकार न सिर्फ विफल रही है बल्कि लगातार हो रही बढ़ती हिंसा को रोक पाने में भी असमर्थ दिख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के अधिकार की पक्षधर रही हैं और पूरा भाजपा परिवार राजस्थान में वहां की गहलोत सरकार को नींद से जगाने और पीड़ित महिलाओं को पूर्ण न्याय दिलाने हेतु पूरी तरह तत्पर व संघर्षरत है।

दो बाइक सवार अपराधियों ने युवक को गोली मार किया हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना अंतर्गत के इस्लामपुर निकट कमला बांध पर शनिवार की रात को दो बाइक सवार हमलावरो ने एक युवक को गोलीमार कर हत्या कर दी मृतक युवक की पहचान मो.गुलाब के करीब 31 वर्षीय पुत्र मो. नजीम के रूप में हुई है बताया गया है कि वह अपने घर के बाहर निकल कर घूम रहे थे तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दिया जिसे लोगो ने आनन फानन में जयनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया।

जिसकी गंभीर स्थिति देखने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया बाद में मधुबनी सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकीं मौत हो गई मृतक युवक बेलडिंग कारखाने का कार्य करता था इधर डीएसपी विप्लव कुमार थानेदार आशुतोष रंजन रात में घटना स्थल तथा सुबह मृतक के घर जाकर गहन तफ्शीस में जूट है फिल्हाल घटना के कारणो का पता नही चला है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी व शिनाख्त में लगे हुए है डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया कि घटना कमला बांध के इस्लामपुर में हुआ है बेल्डिंग कारखाना चलाने वाले मो. नजीम को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारा गया है। जिसकी मौत इलाज के दौरान हो गयी है युवक को पेट में गोली लगी थी थानेदार ने दावा किया है कि शीध्र गोलीकांड का खुलासा व गिरफ्तारी होगी पुलिस गहन छानबीन व हत्यारों की गिरफ्तारी में जूट गयी है। इधर घटना के बाद इलाके में मातम व दहशत का माहौल बना है बेलही पंचायत के मुखिया सरपंच समेत अन्य गणमान्य ने पुलिस से अपराधियों की शीध्र गिरफ्तारी की मांग किया है। मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है। पत्नी व माता पिता समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के परिजन का कहना हुआ कि हत्यारे को प्रशासन जल्द गिरफ्तार करें ।

लापता मजदूर शव पईन से बरामद, घर में मचा हाहाकार

आरा। शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव स्थित पइन से शनिवार की शाम एक दिन पूर्व लापता मजदूर का शव बरामद हुआ। शव मिलते ही लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव वार्ड नंबर-एक निवासी राम अयोध्या राम का 38 वर्षीय पुत्र निरंजन राम है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के चचेरे भाई राजेश पासवान ने बताया कि शुक्रवार को वह बभनौली गांव में मजदूरी करने गए थे। शाम में करीब चार बजे वह घर वापस लौटे। इसके बाद वह बाजार घूमने के लिए निकल गए। इसी बीच वह पइन में डूब गए। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शनिवार की सुबह गांव वालों ने बताया कि एक व्यक्ति बड़की सनदिया गांव स्थित पइन के पास शौच करने के दौरान डूब गया है। जिसके बाद जब परिजन वहां खोजने गए तो शव नहीं मिला। शनिवार की देर शाम वहां से गुजर रहे एक स्थानीय ग्रामीण ने उनके शव को पइन में तैरते देखा। इसके बाद उसने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उनके शव को पइन से बाहर निकाला। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई में बड़े थे। मृतक के परिवार में मां विद्यावती देवी, पत्नी चिंता देवी, चार पुत्री काजल, करीना, प्रिया, मीनाक्षी व दो पुत्र कृष एवं अभिनंदन है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मृतक की मां विद्यावती देवी,पत्नी चिंता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृत्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाए : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

पूर्णिया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी धमदाहा तथा बायसी के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी कार्यालय वेश्म में आहूत की गई।

पुनरीक्षण पूर्ण गतिविधियों के तहत मतदाता सूची में विसंगतियों की पहचान कर त्रुटि का निराकरण करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में एक भी मृत्य मतदाता का नाम अंकित नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें। सामाजिक सुरक्षा से सूची प्राप्त कर कबीर अंत्योदय योजना के लाभुक की सूची से मृत्य परिवारों की जांच कर मतदाता सूची से नाम हटाने का निर्देश दिया गया।

18 से 19 वर्ष के युवा छात्र एवं छात्राओं का विभिन्न कॉलेजों में 12वीं के बच्चों का जांच कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का निर्देश सभी ईआर ओ को दिया गया साथ ही साथ संबंधित कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ बैठक कर बच्चों की उपस्थिति के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया। डीपीएम जीविका एवं अपने अपने क्षेत्र के बीपीएम जीविका, जीविका दीदी तथा आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता के माध्यम से जांच कर छूटे हुए योग मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित करने का निर्देश दिया गया।

शिक्षावादी स्वर्गीय विजय यादव की 14वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल।स्वर्गीय विजय यादव व्यक्ति नहीं एक विचार थे यह बातें बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव ने कहा। प्रखंड क्षेत्र के वलिदाद में शिक्षावादी विजय यादव की 14 वी शहादत दिवस को लेकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव ने स्वर्गीय विजय यादव के प्रतिमा अनावरण किया।

उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए ने कहा एक छोटे से गांव के रहने वाले स्वर्गीय विजय यादव अपने जीवन काल में सामंतवादी एवं सामाजिक न्याय के विरुद्ध हमेशा संघर्ष करते रहते थे। और वह सामंतवादी विचारधारा के लोगों को रास नहीं आया जो उन्हें 3 सितंबर 2009 को मलाकागंज गांव के पास गोली मारकर हत्या कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि मैं बहन इंदु देवी को धनबाद देना चाहुंगा कि जो अपने पति की हत्या के बाद अपने तीन पुत्र को सुसज्जित ढंग से प्रवरिश किया है जो आज उगता हुआ सितारा के रूप में उभर रहे हैं। और अपने पिता के विचारों को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। वहीं विजय यादव के मित्र रामेश्वर चौधरी ने विजय यादव के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 90 की दस्तक और 2000 की दशक में जिस तरह हम विजय यादव के साथ अरवल से खभैनी गांव तक पैदल चलकर सामाजिक न्याय के विरुद्ध आवाज उठाते थे और समाज के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं लोगों को हमेशा मार्गदर्शन देने का काम करते थे। और वही गुण आज उनके तीनों पुत्र में दिखाई देता है। वही स्वर्गीय विजय यादव के मित्र वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बचपन से ही हम लोगों ने एक साथ रखकर जीवन यापन किया है और हमेशा सामंतवादी और सामाजिक न्याय के खिलाफ कार्य कर रहे लोगों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का काम किया है। इस मौके पर गुरुवा विधायक विनय यादव, जहानाबाद विधायक सुदय यादव, अरवल पूर्व विधायक रविंद्र सिंह, विधान परिषद रामबली चंद्रवंशी, लाजपा (रा) के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन, लोजपा (रा) नेता सुनील यादव,राजद युवा जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव, बसपा जिला अध्यक्ष मनोज यादव एवं बड़ी संख्या में नेता और दर्शक मौजूद रहे।

ड्रग जैसे नशे की लत युवा वर्ग में अत्यधिक, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला है इसका कारोबार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिस तरह सरकार द्वारा शराबबंदी को लेकर कई तरह के अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद शराब माफिया बाज नहीं आ रहे हैं ' जबकि शराब से भी ज्यादा खतरनाक मादक पदार्थ है, जिसे ड्रग कहते हैं ' बता दें कि मादक पदार्थ एक ऐसा नशे की लत है, जिसे इस नशा की लत लग जाय, उसका जीवन तबाह हो जाता है ' शराब से भी ज्यादा खतरनाक मादक पदार्थ है, जिसका आए दिन शिकार युवा वर्ग हो रहे हैं ' हालांकि सरकार द्वारा इस पर शिकंजा कसा जा रहा है, लेकिन जिस अनुपात में इसे रोकथाम को लेकर सरकारी प्रयास होना चाहिए,नहीं हो पा रहा है ' आज के युवा पीढ़ी को मादक पदार्थ जैसे नशे की लत इन दोनों युवाओं को अपनी आगोश में ले रहा है ' मिली जानकारी के अनुसार ड्रग्स का कारोबार नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर चल रहा है, जिसका सप्लाई चैन व बड़ा नेटवर्क है ' वर्ष 2022 में एनडीपीएस एक्ट के तहत सारण में कल 16 प्राथमिक की दर्ज की गई ' यदि शराब तस्करों की तुलना में अफीम, स्मैक जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की धर पकड़ के लिए पुलिस तत्पर नहीं दिखती है, जिसका लाभ इन तस्करों को मिलता रहा है ' वर्ष 2023 में स्मैक तस्करी करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई में सारण पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया और उसके पास से 48. 55 ग्राम स्मैक भी बरामद किया ' सारण पुलिस द्वारा स्मैक तस्करों के खिलाफ फरवरी माह में की गई कार्रवाई में 7.55 ग्राम स्मैक बरामद किया गया ' जबकि इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया ' वहीं गत अप्रैल माह में 10 ग्राम तथा जुलाई माह में 31 ग्राम ड्रग्स बरामद हुआ तथा दो तस्करों को को गिरफ्तार करने में सारण पुलिस को सफलता मिली ' जबकि वर्ष 2022 में एनडीपीएस एक्ट के तहत सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 16 मामले दर्ज किए गए हैं ' प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी में एक प्राथमिक की दर्ज की गई, फरवरी व मार्च में दो -दो, अप्रैल, मई तथा जून माह में एक-एक प्राथमिक की दर्ज की गई ' इसके अलावा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में जून में एक, जुलाई में दो, सितंबर में एक, अक्टूबर में एक तथा नवंबर में दो तस्करों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई।

अरवल के चर्चित दिल्ली पब्लिक स्कूल इन दिनों रच रही इतिहास

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल:खिलाड़ी अपने जिला में खेल का अच्छे प्रदर्शन करने के कारण राज्य स्तरीय पर जौहर दिखा रहे हैं , कबड्डी खेल को बढ़ावा देने के लिए अरवल जिले के चर्चित दिल्ली पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षक अविनाश कुमार ने कबड्डी एसोसिएशन आफ बिहार के महासचिव विजय कुमार से पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स कबड्डी एसोसिएशन कार्यालय में अरवल जिला कबड्डी एसोसिएशन को मान्यता प्राप्त के लिए मुलाकात किया , कबड्डी एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव कुमार विजय ने आश्वासन नहीं बल्कि पूर्ण भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द अरवल जिला कबड्डी एसोसिएशन को मान्यता प्राप्त दिया जाएगा और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अरवल जिला के कबड्डी खिलाड़ी भाग लेंगे, राज्य स्तरीय पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित करके भारत से कबड्डी खेलने का मौका मिलेगा, उल्लेखनीय है कि जिला के कई खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेकर अरवल जिला का नाम रोशन किया है व दिल्ली पब्लिक स्कूल के कई छात्र छात्रा भारत के लिए मैच खेलकर अरवल जिला का मान सम्मान को बढ़ाया है,अरवल जिला में बहुत जल्द कई खेलों का एसोसिएशन मान्यता प्राप्त के लिए पहल किया जा रहा है, अरवल जिला हॉकी एसोसिएशन एवं अरवल जिला महिला फुटबॉल एसोसिएशन , अरवल जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, अरवल जिला बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन का मान्यता प्राप्त के लिए कई खेल प्रेमी प्रयास कर रहे हैं।

भोजपुर में विषैले जंतु के काटने से बालक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव में रविवार की सुबह विषैले जंतु के काटने से एक बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत बालक पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव निवासी जोखन राम का 7 वर्षी पुत्र रोहित कुमार है। इधर मृत बालक के पिता जोखन राम ने बताया कि रविवार की सुबह वह घर में चौकी पर बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी उसे किसी विषैले में जंतु ने काट लिया। इसके बाद उसने कहा कि पापा मुझे चूहे ने काट लिया तो उन्होंने कहा कि ठीक है। कुछ देर में ठीक हो जाएगा। लेकिन उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई और वह उल्टी करने लगा। जिसके बाद परिजनों उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत्यु घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृत बालक अपने चार भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। मृत बालक के परिवार में मां शोभा देवी व तीन भाई प्रिंस,रेशम, मोहित एवं एक बहन मंजू कुमारी है। हादसे के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। वही इस हादसे के बाद मृत बालक की मां शोभा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

दस दिवसीय गणेश महोत्सव की ऐतिहासिक तैयारी शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । स्थानीय आरडीएस कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर न्यास के तत्वावधान में स्वराज्य पर्व व गणपति महोत्सव मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा । इस संदर्भ में महोत्सव के संयोजक साहित्यकार डॉ. संजय पंकज ने प्रेस वार्ता में देते हुए कहा कि इस दस दिवसीय कार्यक्रम में पूरे देश के अनेक कलाकार व मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे । इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इसमें आधुनिक भारत के महान विचारक और स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की याद में गणपति उत्सव के पावन अवसर पर स्वराज्य पर्व का आयोजन किया गया है। डॉ पंकज ने बताया कि सनातन भारतीय ज्ञान विज्ञान शिक्षा साहित्य संस्कृति और साहित्य का बड़ा समागम होगा। यह पूर्वी भारत में होने वाला पहला सबसे बड़ा गणेश महोत्सव तथा स्वराज्य पर्व है। 10 दिवसीय समारोह 19 से 28 सितंबर तक चलेगा । 17 सितंबर को कलश यात्रा होगी। जिसमें कोई भी महिला व लड़कियां शामिल हो सकती हैं । कलश यात्रा में शामिल होने के लिए संपर्क सूत्र 7050110001 जारी किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान आयोजन समिति के सह संयोजक अविनाश तिरंगा उर्फ ऑक्सीजन बाबा, स्वागताध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद सिंह उर्फ अमर बाबू, सुगंध कुमार, आचार्य डॉ रंजीत नारायण तिवारी, अखिलेश चन्द्र राय, सुनील गुप्ता, अनिल विद्रोही, अमित कुमार, सकलदेव पासवान, सियाराम तिवारी, गणेश प्रसाद सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की नृत्यांगना डॉ. पूनम शर्मा का आना सुनिश्चित हुआ है । कार्यक्रम महोत्सव के उद्घाटन में 19 सितंबर को गीता श्लोक पर उनकी 21 सदस्यीय टीम के द्वारा अतुलनीय नृत्य प्रदर्शन किया जाएगा । वहीं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी व पंजाब में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी के साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के सौ से ज्यादा दिग्गज कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। दिनकर जयंती की पूर्व संध्या पर 22 सितम्बर को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन और 23 को दिनकर संवाद के साथ ही रात्रि में रश्मिरथी का मंचन प्रस्तुत किया जाएगा। प्रसिद्ध रंगकर्मी मुजीब खान (मुंबई) के निर्देशन में प्रेमचंद की कथा कृतियों के साथ अन्य नाटकों की प्रस्तुति होगी जिसमें विवेकानंद, लोकमान्य तिलक, भगत सिंह, कफन, गबरघिचोर आदि महत्वपूर्ण है। गणेश महोत्सव परिसर में राष्ट्रीय पुस्तक मेला भी लगेगा जिसमें देश के दर्जनों बड़े प्रकाशको की सहभागिता होगी। आयोजन लोकमान्य तिलक की याद में किया गया है, जिन्होंने गणपति उत्सव को एकता और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में शुरू किया था। उनका मानना था कि भारतीय समाज को एक मजबूत एकता की आवश्यकता है और इसके लिए सभी वर्गों को समानता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने स्वराज्य, एकता, और समरसता के महत्व को प्रतिपादित किया और पूरे देश को स्वाधीनता के लिए जागरूक किया।

विदित हो कि अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध खुदीराम बोस के बम धमाके का लोकमान्य तिलक ने समर्थन किया था और केसरी में लेख लिखा था जिस कारण उन पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चला और काला पानी की सजा मिली। 6 वर्ष मांडले जेल में रहते हुए उन्होंने गीता रहस्य जैसे कर्मयोग के ग्रंथ का सृजन किया।

अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे है गड़हनी चिकित्सा प्रभारी

नही होता सीबीसी जांच अब तक नही मिला मशीन

प्रात : किरण संवाददाता।

गड़हनी(भोजपुर)। भोजपुर जिले के गड़हनी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे पैथोलॉजी मे जांच मशीन आने व मरीजो को जांच की सुविधा प्रदान करने के सवाल किया ।इस संबंध मे जब पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुनिल महेन्द्र कपूर से पूछा गया तो वे विदक उठे ।उन्होने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाडते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक से सवाल जबाब करने की बात कहकर कुर्सी छोड़ चलते बने ।मरीजों को जांच की सुविधा के नही मिलने के कारण इधर उधर जांच कराने को मजबूर हैं ।वहीं विश्वस्त सूत्रों की माने तो पिछले साल से डेंटिस्ट (डॉक्टर व दांत जांच की मशीन) का सामग्री भी पीएचसी मे आकर शोभा की बस्तु बना हुआ है लेकिन अभी तक उसका शुभारंभ भी नही किया गया ।यह भी कहा सुना जा रहा है कि प्रभारी अपने कर्मचारियों को प्रताड़ित करते रहते है ।वेवजह वेतन रोकना, ड्यूटी पर आने के बा

सम्पादकीय

असहमत मंचों की मुसीबत

बीते मार्च से पहले के सात महीनों में ही करीब 400 संस्थानों की विदेशी चंदा लेने संबंधी अनुमति को निलंबित कर दिया गया था। ऐसी कार्रवाइयां 2014 से शुरू हो गई थीं। तब से अब तक अनेक छोटे या बड़े नाम सरकारी कोप का निशाना बन चुके हैं। वर्तमान सरकार के शासनकाल में विपक्षी नेताओं के खिलाफ सरकारी एजेंसियां की विवादित कार्रवाइयां और प्रेस की स्वतंत्रता पर हमले की चर्चा खूब रही है। कई विदेश संस्थानों ने भारतीय लोकतंत्र को खतरे में बताया है, भारतीय समाज को आंशिक रूप स्वतंत्र घोषित कर दिया है और प्रेस फ्रीडम इंडेक्स पर भारत लगातार नीचे गिरता गया है। लेकिन इसी दौर में जो एक और क्षेत्र सरकार के निशाने पर रहा है, वह थिंक टैंक और गैर सरकारी संस्थाओं का है। ऐसे जो संस्थान सरकार से असहमत रहे हैं, उसकी नीतियों का विरोध करते रहे हैं या जिन्होंने ऐसी रिपोर्टें तैयार की हैं, उन पर कई तरफ से सरकार का डंडा पड़ा है। उनके लिए विदेशी चंदा के रास्ते बंद या संकुचित कर दिए गए हैं और उन्हें इतने नियमों-विनियमों में फंसा दिया गया है कि सैकड़ों की संख्या में ऐसी संस्थाएं बंद हो चुकी हैं, अथवा उन्होंने अपनी गविधियों को बेहद सीमित कर दिया है। हाल के वर्षों में इस तरह के कदम कई संस्थानों के खिलाफ उठाए गए हैं। इस वर्ष मार्च में एक अखबार में छपी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि उसके पहले के सिर्फ सात महीनों में ही करीब 400 संस्थानों विदेशी चंदा लेने संबंधी अनुमति (केएफसीआरए) को रद्द या निलंबित कर दिया गया था। कई संस्थानों की ऐसी अनुमति के रिन्यूअल की अनुमति नहीं दी गई है या उनके लाइसेंस को समाप्त मान लिया गया है। इस क्रम में निशाने पर आया हालिया सबसे बड़ा नाम सेंटर फॉर पालिसी रिसर्च (सीपीआर) का है। सीपीआर का कहना है कि उसकी फंडिंग के रास्ते बंद कर दिए जाने के बाद 80 विशेष और कर्मचारी संस्थान को छोड़ कर जा चुके हैं। फरवरी में सीपीआर का विदेश से चंदा लेने का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। सीपीआर से बड़े नाम जुड़े रहे हैं, लेकिन यह बात उसके काम नहीं आई है। वैसे जब एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भारत में अपने दफ्तर बंद करने पड़े और उनके पक्ष में कोई आवाज नहीं उठी, तो अहसमति के मंच बनी भारतीय संस्थाएं किसी सहायता की उम्मीद शायद ही कर सकती हैं।

महंगाई अब स्थायी, बढ़ती रहेगी!

अजीत द्विवेदी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया है कि महंगाई जल्दी ही कम हो जाएगी। उनके कहने से पहले से कई आर्थिक जानकार यह दावा कर रहे थे कि महंगाई सीजनल है और जल्दी ही कम हो जाएगी। वित्त मंत्री के जल्दी महंगाई कम होने के बयान की एक दूसरी आर्थिक वजह भी थी। उन्होंने यह बात कहते हुए भारतीय रिजर्व बैंक पर परोक्ष व प्रत्यक्ष रूप से दबाव भी बनाया कि वह नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी नहीं करे। अभी पिछले कुछ दिन से मौद्रिक समीक्षा नीति की बैठकों में नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखा जा रहा है। लेकिन जुलाई के महीने में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से निर्णायक रूप से ऊपर जाने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि रेपो रेट में बढ़ोतरी हो सकती है। तभी वित्त मंत्री ने पहले ही अपना दांव चलते हुए कहा कि नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की प्रक्रिया प्रभावित होगी यानी विकास दर कम होगी। सो, एक तरफ रिजर्व बैंक है, जिसे खुदरा महंगाई दर को छह फीसदी से नीचे रखने की अपनी जिम्मेदारी निभानी है तो दूसरी ओर वित्त मंत्री हैं, जिनको विकास दर की रफ्तार की चिंता करनी है। यह दोनों संस्थाओं के बीच सनातन खींचतान है। अब अंतर यह आ गया है कि महंगाई स्थायी हो गई है और इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक कारण खाने-पीने की चीजों, खास तौर से सब्जियों की कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी भी है। दुर्भाग्य से भारत में हमेशा खाद्यान्न की कीमतों को ही महंगाई के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है और हर व्यक्ति का बयान उसको ध्यान में रख कर ही दिया जाता है। खाने-पीने की चीजों और खास कर सब्जियों को महंगाई का जिम्मेदार ठहराना एक किस्म की साजिश भी है, जिसकी आड़ में बाकी चीजों की महंगाई छिप जाती है। अनाज और सब्जियों को जब महंगाई के नैरेटिव में विलेन बनाया जाता है तो उसका एक बड़ा फायदा यह होता है कि एक वर्ग स्वाभाविक रूप से किसानों के नाम पर इसके बचाव में आ जाता है, जिससे पूरी बहस की दिशा मुड़ जाती है। यह कहा जाने लगता है कि कीमत बढे का फायदा किसान को हो रहा है और इस वजह से लोगों के पेट में दर्द में हो रहा है। लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है। अनाज और सब्जियों की कीमत में बढ़ोतरी का फायदा आम किसान को नहीं मिलता है। उसकी फसल तो पहले ही आढ़तिए खरीद चुके होते हैं। इनकी कीमतों में बढ़ोतरी भी बाजार का खेल है, जिसमें बड़े कारोबारी और थोड़े से बड़े किसान शामिल होते हैं। अगर सरकार विनिर्मित वस्तुओं की तरह या खाने-पीने की डिब्बाबंद वस्तुओं की तरह खुले अनाज और सब्जियों की अधिकतम कीमत यानी एमआरपी निर्धारित कर दे तब किसान को फायदा संभव है। लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। इससे जाहिर है कि यह बहस किसान के हित की नहीं होती है। इससे दूसरे लोगों का हित पूरा किया जाता है। तभी खाने-पीने की वस्तुओं यानी अनाज और सब्जियों की कीमतों में कमी आने के बावजूद महंगाई कम नहीं होने वाली है। हो सकता है कि आंकड़ों में अगले दो महीने में यह बताया जाए कि खुदरा महंगई कम होकर रिजर्व बैंक की छह फीसदी की सीमा के दायरे में आ गई है लेकिन उससे आम लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिलने वाली है। इसका कारण यह है कि खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें भी खुले बाजार में बहुत कम नहीं होने वाली हैं। उनकी एक न्यूनतम कीमत तय हो चुकी है। टमाटर की कीमत ढाई सौ रुपए किलो पहुंच गई, जिसमें कमी आ रही है लेकिन कम होकर इसकी खुदरा कीमत इसके दस फीसदी के बराबर यानी 25 रुपए किलो पर नहीं आने वाली है। इसी तरह धीरे धीरे ही सही लेकिन बढ़ते बढ़ते दालों, मसालों, तेल, चावल, आटा आदि की कीमत जहां तक पहुंच गई वहां से नीचे नहीं आने वाली है। इसलिए महंगाई आंकड़ों में जैसी दिखे, वह आम लोगों को चुभने वाली रहेगी। इसका कारण यह भी है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई में 45.9 फीसदी हिस्सा खाने-पीने की चीजों की कीमत का होता है। इसी के आधार पर खुदरा महंगाई का आकलन होता है। इसके अलावा ईंधन का हिस्सा 6.8 फीसदी और कोर सेक्टर का हिस्सा 47.3 फीसदी होता है। जुलाई में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक की ओर से तय छह फीसदी की सीमा पार कर 7.4 फीसदी पहुंच गई तो उसके पीछे कारण यह रहा कि खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 11.5 फीसदी पहुंच गई, जो जून में 6.5 फीसदी थी। यानी इसमें पांच फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो खुदरा महंगाई आसमान पर पहुंच गई। जुलाई के महीने में ईंधन की महंगाई दर 3.6 और कोर सेक्टर की महंगाई दर 4.9 फीसदी रही। खाने-पीने की चीजों में भी सब्जियों की महंगाई जून में 0.9 फीसदी थी, जो जुलाई में 37 फीसदी हो गई। खुदरा महंगाई पर इसका सबसे ज्यादा असर रहा। इसमें और बारीक आंकड़ों में जाएंगे तो हो सकता है कि यह पता चले कि टमाटर और एक-दो दूसरी सब्जियों की कीमतों की वजह से ऐसा हुआ। ऐसे में सवाल है कि पूरे साल अगर किसी न किसी सब्जी या अनाज की कीमत ऊंची रही तो खुदरा महंगाई दर कैसे कम होगी?मिसाल के तौर पर टमाटर के बाद प्याज की कीमतें बढे की आशंका है, जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने इसके निर्यात को सीमित किया और निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा दिया। बाद में सरकार ने 24 रुपए किलो की दर से दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का फैसला किया। प्याज के बाद हो सकता है कि किसी और कृषि उत्पाद की कीमत में बढ़ोतरी हो जाए। ऐसा इसलिए हो सकता है कि मानसून इस बार बहुत खराब रहा है और अगस्त का महीना सूखा गया है, जिससे खरीफ की फसल पर बड़ी मार पड़ी है। धान की खेती वाले इलाकों में पैदावार कम होगी, जिससे चावल की कीमत बढ़ सकती है। खरीफ का सीजन शुरू होने के साथ ही इसकी आशंका शुरू हो गई थी, जिसके बाद गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। पिछले साल इसी तरह गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई गई थी। इस तरह की नीतियों के दो खतरे हैं। पहला तो इससे दुनिया में देश की साख बिगड़ती है और दूसरे, इसका फायदा न तो किसानों को होता है और न उपभोक्ता को होता है। सो, सरकार को नीतिगत स्थिरता और निरंतरता पर ध्यान देना चाहिए। किसान और उपभोक्ता दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए कम अवधि की और लंबी अवधि की योजना बनानी चाहिए। अनाज और सब्जियों के पीछे पडे की बजाय विनिर्मित उत्पादों और ईंधन के ऊपर ध्यान देना चाहिए। डिब्बाबंद खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। पैकिंग में वजन कम किया गया और कीमत बढ़ाई गई है, जिसे स्त्रिंक्फलेशन नाम दिया गया है। इसी तरह एफएमसीजी उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कम कीमत के बावजूद भारत में ईंधन की कीमत आसमान छूती रही।

चंद्रयान-3 की सफलता से पश्चिमी देशों का चिढ़ना दशार्ता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा

अंततः भारत चल पड़ा है विश्व गुरु बनने की राह पर। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ विघनसंतोषी जीवों को शायद यह रास नहीं आ रहा है क्योंकि भारत, ब्रिटेन का कभी औपनिवेशिक देश रहा है और इन देशों की नजर में यह कैसे हो सकता है कि ब्रिटेन के चन्द्रमा पर पहुंचने के पूर्व ही उनका एक पूर्व औपनिवेशक देश अपना चन्द्रयान-3 सफलता पूर्वक चन्द्रमा पर उतार ले। भारत, पूरे विश्व में, पहला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका है। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है तो यह विश्व की भी उपलब्धि होगी। चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ (सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि), रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं, आदि का पता लगने पर क्या इस जानकारी का लाभ केवल भारत को ही होने जा रहा है

प्रह्लाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

भारत का मिशन चन्द्रयान-3 तुलनात्मक रूप से बहुत किफायती रहा है। इस पूरे मिशन पर केवल लगभग 615 करोड़ रुपए की लागत आई है, जबकि अन्य देशों यथा अमेरिका, रूस एवं चीन की इस तरह के मिशनों पर हजारों करोड़ रुपए की लागत आती रही है।

अंततः भारत चल पड़ा है विश्व गुरु बनने की राह पर। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ विघनसंतोषी जीवों को शायद यह रास नहीं आ रहा है क्योंकि भारत, ब्रिटेन का कभी औपनिवेशिक देश रहा है और इन देशों की नजर में यह कैसे हो सकता है कि ब्रिटेन के चन्द्रमा पर पहुंचने के पूर्व ही उनका एक पूर्व औपनिवेशक देश अपना चन्द्रयान-3 सफलता पूर्वक चन्द्रमा पर उतार ले। भारत, पूरे विश्व में, पहला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका है। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है तो यह विश्व की भी उपलब्धि होगी। चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ (सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि), रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं, आदि का पता लगने पर क्या इस जानकारी का लाभ केवल भारत को ही होने जा रहा है अथवा क्या विश्व के अन्य देश भी इस जानकारी का लाभ उठा सकने की स्थिति में नहीं होंगे? परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ तत्व भारत की इस महान उपलब्धि को सकारात्मक दृष्टि से न देखते हुए इस संदर्भ में अपनी नकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे है और सम्भव है कि भारत के प्रति उनकी यह नकारात्मक सोच इन देशों के लिए भविष्य में हानिकारक सिद्ध हो।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक कार्टून छापा है जिसमें बताया गया है कि विशिष्ट वर्ग के दो नागरिक एक कक्ष (कैबिन) में बैठे हैं एवं इनमें से एक संभ्रांत व्यक्ति एक अखबार में भारत के मंगल मिशन के सम्बंध में जानकारी पढ़ रहा है। इस कक्ष के बाहर भारतीय गरीब किसान के रूप में एक गाय को लेकर एक व्यक्ति दरवाजे के बाहर खड़ा है, जो दरवाजे पर दस्तक देता हुआ दिखाई दे रहा है। इस कार्टून से ऐसा महसूस कराए जाने का प्रयास किया जाना प्रतीत हो रहा है कि जैसे एक गरीब भारत देश, पश्चिमी देशों से अपने मंगल मिशन के लिए सहायता मांग रहा हो। संभवतः भारत के चन्द्रयान-3 की सफलता को पश्चिमी देशों में कुछ तत्व पचा नहीं पा रहे हैं।

एक ब्रिटिश पत्रकार पेट्रिक क्रिस्टी ने भारत को चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सफलता पूर्वक उतारे जाने की बधाई देते हुए यह मांग की है कि ब्रिटेन द्वारा भारत को उपलब्ध कराई जा रही आर्थिक सहायता राशि को वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि उसके अनुसार चूंकि भारत की आधी आबादी गरीबी का जीवन जी रही है अतः ब्रिटेन द्वारा भारत को दी जा रही आर्थिक सहायता राशि का उपयोग भारत में गरीबी मिटाने के उद्देश्य से न किया जाकर अंतरिक्ष में अपने चन्द्रयान भेजने के लिए किया जा रहा है। इस ब्रिटिश पत्रकार का दावा है कि ब्रिटेन द्वारा भारत को वर्ष 2016 से वर्ष 2021 के बीच 230 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की राशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई है। उक्त पत्रकार का यह भी कहना है कि यदि भारत अपने राकेट को अंतरिक्ष में भेज रहा है तो भारत को ब्रिटेन के पास कटोरा लेकर मदद के लिए नहीं आना चाहिए। जबकि इस संदर्भ में वास्तविकता यह है कि भारत कभी भी ब्रिटेन के पास आर्थिक सहायता मांगने के लिए गया ही नहीं है। इस संदर्भ में ब्रिटेन द्वारा सरकारी तौर पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ब्रिटेन ने भारत को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई है परंतु ब्रिटेन ने वर्ष 2015 के बाद से भारत में व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निवेश जरूर किया है ताकि भारत के बाजार में ब्रिटेन का योगदान बढ़ सके एवं ब्रिटेन के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर निर्मित हो सकें।

यह भी एक वास्तविकता है कि भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इस संदर्भ में हाल ही में भारत ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए अपनी अर्थव्यवस्था को आकार में ब्रिटेन से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बना लिया है। परंतु, कुछ ब्रिटिश राजनीतिज्ञ एवं पत्रकार इस तथ्य को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे हैं और वे अपनी साम्राज्यवादी सोच से भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं। ऐसे तत्व आज भी भारत को अपनी एक कालोनी (उपनिवेश) के रूप में ही देख रहे हैं और सोच रहे हैं कि भारत कैसे ब्रिटेन से पहले चन्द्रमा पर पहुंच सकता है। जबकि आज वस्तुस्थिति यह है कि ब्रिटेन की आर्थिक हालत इतनी अधिक खराब हो गई है कि ब्रिटेन के नागरिकों को अपने बिजली के बिल का भुगतान करने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है। पश्चिमी देशों को अब यह समझना होगा कि यह 21वीं सदी है एवं वैश्विक पटल पर भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ चुका है। यह पश्चिमी देशों के हित में ही होगा कि वे भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनें एवं अपने आर्थिक हितों को भी बल प्रदान करें, इस बात को जितनी जल्दी समझें उनके लिए उतना ही अच्छा है क्योंकि अन्यथा वे स्वयं के आर्थिक हितों को नुक्सान ही पहुंचा रहे होंगे। क्या ब्रिटेन इस बात को भूल गया है कि औपनिवेशक खंडकाल में उसने भारत पर शासन के दौरान वर्ष 1765 से लेकर वर्ष 1938 तक भारत से 45 लाख करोड़ पाउंड की लूट की है (यह तथ्य एक अधय्यन प्रतिवेदन में सामने आया है), हो सकता है यह राशि और भी अधिक रही हो। परंतु, उक्त राशि भी ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का 15 गुणा है। उक्त राशि को ब्रिटेन द्वारा भारत को लौटाए जाने पर भी विचार किया जाना चाहिए। ब्रिटेन द्वारा भारत में की गई भारी लूट के बावजूद भारत एक बार पुनः अब अपने पैरों पर खड़ा हो चुका है एवं भारत को अपने मिशन चन्द्रमा ग्रह, मिशन मंगल ग्रह एवं मिशन सूर्य ग्रह पर पश्चिमी देशों के दर्शन की आवश्यकता नहीं है। भारत को वैसे भी अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में नित नयी सफलता की कहानियां गढ़ने की आदत पड़ चुकी है, और फिर चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर चन्द्रयान-3 को सफलता पूर्वक उतारना तो एक शुरूआत भर है।

भारत का मिशन चन्द्रयान-3 तुलनात्मक रूप से बहुत किफायती रहा है। इस पूरे मिशन पर केवल लगभग 615 करोड़ रुपए की लागत आई है, जबकि अन्य देशों यथा अमेरिका, रूस एवं चीन की इस तरह के मिशनों पर हजारों करोड़ रुपए की लागत आती रही है। साथ ही, चन्द्रयान-3 ने 14 जुलाई 2023 को आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरीकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपनी यात्रा प्रारम्भ की थी और केवल 41 दिनों के बाद, 23 अगस्त 2023 को चन्द्रयान-3 ने चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सफलता पूर्वक अपनी लैंडिंग सम्पन्न कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। इसरो ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को इसलिए चुना क्योंकि सूर्य द्वारा कम प्रकाशित होने के संबंध में दक्षिणी ध्रुव को एक विशिष्ट लाभ प्राप्त है। इसरो के अध्यक्ष इस सम्बंध में कहते हैं कि चंद्रमा मिशन पर कार्य कर रहे वैज्ञानिकों ने दक्षिणी ध्रुव में बहुत रुचि दिखाई क्योंकि अंततः मनुष्य वहां जाकर उपनिवेश बनाना चाहते हैं और फिर उससे आगे की यात्रा करना चाहते हैं। इसलिए इसरो चन्द्रमा पर सबसे अच्छी जगह की तलाश कर रहा है और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव में वह क्षमता है। चन्द्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर के पास दो उपकरण हैं, दोनों चंद्रमा पर मौलिक संरचना के निष्कर्षों के साथ-साथ रासायनिक संरचनाओं से संबंधित हैं। अतः यह चन्द्रमा की सतह पर चक्कर लगाकर उक्त विषयों पर जानकारी भारत को उपलब्ध कराएगा।

वैसे भी देखा जाये तो अमेरिका के अंतरिक्ष केंद्र नासा में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के इंजीनियर्स कार्यरत हैं जबकि भारत के अंतरिक्ष केंद्र इसरो में सम्भवतः एक भी अमेरिकी इंजीनियर कार्यरत नहीं है। अर्थात, पश्चिमी देशों

स्वाधीन कलम नेपाली : तुझ-सा लहरों में बह लेता तो मैं भी सत्ता गह लेता

अहंकार और प्रपंचों से दूर उनका व्यक्तित्व अंदर और बाहर से एक समान रहा। यही कारण था कि उन्होंने जहां कहीं भी सामाजिक और राजनीतिक विकृतियां देखीं, ,अपनी कलम से उसकी जमकर खबर ली। नेपाली की दृष्टि में साहित्य साधना का उद्देश्य सत्ता की सीढ़ियां चढ़ना नहीं था।वे खेतों - खदानों में मरने -खपने वाली जनता के कवि थे। राष्ट्रीयता की भावना उनके रग-रग में व्याप्त थी। वे प्राकृतिक सौन्दर्य के अद्भुत चितेरे थे। नेपाली के समकालीन कुछ रचनाकार जहां अपनी कलम की बदौलत सत्ता की सीढ़ियां चढ़ रहे थे,वहीं कवि गोपाल सिंह नेपाली कलम की स्वाधीनता का संदेश दे रहे थे। जनवरी 1963 में उन्होंने लिखा ,

ह्य मेरा धन है स्वाधीन कलम
राजा बैठे सिंहासन पर,यह ताजों पर आसीन कलम
जिसने तलवार शिवा को दी
रोशनी उधार दिवा को दी
पतवार थमा दी लहरों को
खंजर की धार हवा को दी
अग -जग के उसी विधाता ने,कर दी मेरे अधीन कलम

नेपाली जी के समकालीन कुछ कवि अपने सत्ता- समर्थित राग और कलम की बदौलत ऐश्वर्य की सीढियां चढ़ रहे थे

ब्रह्मानन्द ठाकुर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

गीतों के राजकुमार कवि गोपाल सिंह नेपाली की आज 112 वीं जयंती है। उनका जन्म 1911 में आज ही के दिन पश्चिम चम्पारण जिले के कालीबाग दरबार में हुआ था। वे एक निर्लिप्त कवि थे। कभी नकाब नहीं पहना। अहंकार और प्रपंचों से दूर उनका व्यक्तित्व अंदर और बाहर से एक समान रहा। यही कारण था कि उन्होंने जहां कहीं भी सामाजिक और राजनीतिक विकृतियां देखीं, ,अपनी कलम से उसकी जमकर खबर ली। नेपाली की दृष्टि में साहित्य साधना का उद्देश्य सत्ता की सीढ़ियां चढ़ना नहीं था।वे खेतों - खदानों में मरने -खपने वाली जनता के कवि थे। राष्ट्रीयता की भावना उनके रग-रग में व्याप्त थी। वे प्राकृतिक सौन्दर्य के अद्भुत चितेरे थे। नेपाली के समकालीन कुछ रचनाकार जहां अपनी कलम की बदौलत सत्ता की सीढ़ियां चढ़ रहे थे,वहीं कवि गोपाल सिंह नेपाली कलम की स्वाधीनता का संदेश दे रहे थे। जनवरी 1963 में उन्होंने लिखा ,

ह्य मेरा धन है स्वाधीन कलम
राजा बैठे सिंहासन पर,यह ताजों पर आसीन कलम
जिसने तलवार शिवा को दी
रोशनी उधार दिवा को दी
पतवार थमा दी लहरों को
खंजर की धार हवा को दी
अग -जग के उसी विधाता ने,कर दी मेरे अधीन कलम

नेपाली जी के समकालीन कुछ कवि अपने सत्ता- समर्थित राग और कलम की बदौलत ऐश्वर्य की सीढियां चढ़ रहे थे, लेकिन कवि नेपाली को अपनी कलम की स्वतंत्रता की कीमत पर वैभव कभी भी स्वीकार्य नहीं रहा।उसने मुफलिसी जरूर कबूल की लेकिन मरते दम तक कलम की स्वाधीनता बचाए रखी। तब उन्होंने लिखा

तुझ-सा लहरों में बह लेता
तो मैं भी सत्ता गह लेता
ईमान बेचता चलता तो
मैं भी महलों में रह लेता
हर दिल पर झुकती चली मगर,आंसू वाली नमकीन कलम
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का उद्देश्य देश की जनता को सामाजिक ,आर्थिक और राजनीतिक समानता का अवसर उपलब्ध कराना था। आजादी मिलने के बाद कवि नेपाली ने महसूस किया कि आर्थिक असमानता की खाई और चौड़ी हुई है,शोषण-उत्पीड़न और अधिक बढ़ा है।भला यह सब देख कर कवि चुप कैसे रह सकता था? तब कवि ने लिखा

ह्यरोटी न किसी को,किसी को मोतियों की ढेर
भगवान तेरे राज में अंधेरे है अंधेर

इसी तरह अपनी चांदनी शीर्षक कविता में उन्होंने लिखा

चंद्रकिरण में महलों की दीवार चमकती रहती है,
झोपड़ियों से चांदनी लिपट भर रात सिसकती रहती है
यदि दूर कुटी के घेरे से
आजादी की परिभाषा है,
गणतंत्र कहो या एकतंत्र---
यह सारा तंत्र तमाशा है।

यह निर्विवाद तथ्य है कि पूंजीवादी व्यवस्था ने आज समाजको शोषक और शोषित दो वर्ग में बांट दिया है। इस वर्ग विभाजित समाज में सदियों से शोषक वर्ग का शोषण और उत्पीड़न बदस्तूर जारी है। आर्थिक समानता लाए बगैर इस वर्गीय शोषण का खात्मा नहीं किया जा सकता। सोवियत रूस में बोल्शेविक क्रांति ने वहां वर्गीय शोषण को समाप्त कर पूंजीवादी समाज व्यवस्था को ध्वस्त कर समाजवादी समाज व्यवस्था कायम किया था।ऐसी स्थिति में रूसी क्रांति से प्रभावित होकर भारत के किसानों और मजदूरों ने वर्ग संघर्ष की अनिवार्यता को महसूस किया और पहली बार तेलांगना में भूमि संघर्ष की शुरूआत हुई। पूरे तेलांगना मे आंदोलन शुरू हो गया। तेलांगना के रक्तरंजित आंदोलन को देख प्रसिद्ध गांधीवादी आचार्य विनोबा भावे तेलांगना पहुंचे और वहां चल रहे आंदोलन को शांत करने के लिए भूदान यज्ञ की शुरूआत कर दी। उन्होंने जमींदार किसानों और भूमिहीनों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए बड़े भू स्वामियों से जमीन दान में लेकर भूमिहीनों के बीच बांटने का अभियान चलाया। वे जमींदारों से कहते थे,भूमिहीन तुम्हारे छठे पुत्र हैं इसलिए अपनी कुल जमीन का छठा हिस्सा तुम इनके बीच बांट दो। दूसरी ओर वे भूमिहीन मजदूरों को समझाते थे कि भू स्वामी तुम्हारे पिता तुल्य हैं।इनसे जमीन जबरन छीनों नहीं ,मांग लो। यही पृष्ठभूमि थी भूदान आंदोलन की। पहला भूदान यज्ञ 18 अप्रैल ,1951 को तेलांगना के नाथमपल्ली गांव में हुआ। राष्ट्रकवि दिनकर ने विनोवा भावे के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए भू-दान शीर्षक से एक कविता लिखी जो उनके नील कुसुम संग्रह में पढा जा सकता है। इसमें उन्होंने भूस्वामियों को समझाते हुए लिखा है,

ह्यकृष्णदूत बनकर आया है ,संधि करो सम्राट
मच जाएगा प्रलय कहीं वामन हो गया विराट।

जाहिर है,वामन शब्दका प्रयोग भूमिहीन किसानों ,मजदूरों के लिए ही किया गया है।तो यह था भूमिहीनों एवं जमींदारों के बीच छिड़े संघर्ष को रोकने का उपाय !

विनोवा के भूदान यज्ञ और दिनकर की इससे सम्बंधित कविता के जवाब में कवि गोपाल सिंह नेपाली ने भूमिहीन किसान -मजदूरों के पक्ष में खड़ा होते हुए विनोवा भावे से प्रश्न करते हुए अपनी कविता भूदान यज्ञ के प्रति में लिखा ,

ह्य किसने कहा कि भिक्षा मांग करोड़ों के लिए
किसने कहा कि भीख है मरहम जग को फोड़ों के लिए
राष्ट्र पले अबतक चन्दों से
लाज बचे क्या पैबंदों से
मिटे न दुखड़ा इन धंधों से
नया वसंत बुला ला फिर तू,
सौरभ सुमन सुमन से मांग।

स्पष्ट है कि गोपाल सिंह नेपाली एक क्रांतिदर्शी कवि थे उनका मानना था कि एकमात्र व्यवस्था परिवर्तन से ही समतामूलक समाज का निर्माण सम्भव है और व्यवस्था परिवर्तन लिए क्रांति के सिवा दूसरा कोई रास्ता नहीं।

बार-बार हिंदू-मुसलमान करने वाले कौन?

बलबीर पुंज

क्या कारण है कि सेकुलरवादी-वामपंथी-जिहादी कुनबे को कठुआ के बजाय केवल मुजफ्फरनगर मामले में ही सांप्रदायिकता दिख रही है? इसकी वजह उनकी विकृत संवेदनशीलता प्रेरित परिभाषा है, जिसमें पीड़ित का अल्पसंख्यक-विशेषकर मुसलमान और आरोपी का हिंदू, वह भी उच्च जाति का होना आवश्यक है। विपरीत स्थिति वाले मामलों पर वे आक्रोश जताना तो दूर, उसका संज्ञान लेना भी पसंद नहीं करते। रोज की समस्याओं से जनमानस का ध्यान भटकाकर, देश में बार-बार हिंदू-मुसलमान कौन कर रहा है? वास्तव में, यह विकृत विमर्श एक राजनीतिक उद्योग के रूप में गहरी जड़ें जमा चुका है। अभी हाल ही में देश के अलग-अलग कोनों से जिस प्रकार विद्यालयों और उसके विद्यार्थियों पर अत्याचार की खबरें सामने आई, उसने इस कटु सच्चाई को पुनः रेखांकित कर दिया है। इन घटनाओं में से जिस एक मामले को सांप्रदायिक रंग देने अर्थात-हिंदू बनाम मुस्लिम बनाने का प्रयास हो रहा है, उसमें उत्तरप्रदेश स्थित मुजफ्फरनगर के एक निजी प्राथमिक स्कूल और उसके घटनाक्रम को स्वघोषित सेकुलरवादी, वाम-उदारवादी और मुस्लिम जनप्रतिनिधियों का बड़ा वर्ग सुलगाने का प्रयास कर रहा है। आखिर मुजफ्फरनगर का पूरा मामला क्या है? बीते शुक्रवार (25 अगस्त) क्षेत्र के खुब्बापुर गांव स्थित नेहा पब्लिक स्कूल की शिक्षिका-प्रधानाचार्य तृप्ता त्रिपाठी के निर्देश पर एक छात्र को उसके सहपाठियों द्वारा थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। घटना 24 अगस्त की है, जिसमें एक मुस्लिम छात्र पांच का गुणन सारणी (पहाड़ा) सुनाने में विफल हो गया। इसपर 60 वर्षीय तृप्ता, जोकि स्वयं को हृदयरोगी और विकलांग बताती है-उन्होंने कक्षा के अन्य छात्रों को उसे थप्पड़ मारने का निर्देश दे दिया। बकौल मीडिया रिपोर्ट, इस स्कूल में कुल 50-60 छात्र हैं, जिसमें लगभग आधे मुस्लिम है। कई परिवार पहले से उस स्कूल में अपने बच्चों को दिए जाने वाले शारीरिक दंड के बारे में जानते थे। यक्ष प्रश्न है कि पहले किसी ने क्यों इसका विरोध नहीं किया? वायरल वीडियो में आरोपी शिक्षिका कहती दिख रही है, मैंने तो डिक्लेयर कर दिया, जितने भी मोहम्मडन बच्चे हैं, इनके वहां चले जाओ। इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि यह वाक्य आधा अधूरा है। अब पूरा मामला क्या था? इसका खुलासा वह च

संक्षिप्त खबरें

10 लीटर देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बोचहा। गरहां पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जारी कार्रवाई के तहत शनिवार को 10 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति के पास से अवैध देसी शराब बनाने की सामग्री बरामद की गई है।, तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सात पेटी नौसादर ,10 किलो गुड़ ,एक ब्लैक कलर की स्कूटी गाड़ी पुलिस ने जप्त किया है। शराब कारोबारी की पहचान अहियापुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के संजय कुमार साहनी के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को 10 लीटर देसी शराब एवं शराब बनाने की सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है साथ ही आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

भभुआ शहर में ब्राह्मण महासभा का कार्यालय खुला

भभुआ। स्थानीय पोस्टऑफिस गली के सांस्कृतिक नगर (कोमल पांडेय के मकान) में ब्राह्मण महासभा के नए कार्यालय का उदघाटन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबन चौबे,कोमल पांडेय, पूर्व विधायक रिंकीरानी पांडेय एवं नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पाण्डेय ह्लएलौनह्व द्वारा रविवार को किया गया।मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-पाठ कर नए कार्यालय का शुरूआत किया गया।इस अवसर पर कैमुर सहित अन्य क्षेत्रों के ब्राह्मण नेताओ एवं समाजसेवियों का जमावड़ा लगा रहा जिन्होनें समाज के विकास के लिए संकल्प दुहराया।मौके पर वरीय अधिवक्ता व संयोजक रंग बहादुर पांडेय,मीरा चतुर्वेदी, सिमा पांडेय,धर्मराज पाठक,रामनारायण उपाध्याय, डॉ. राजकुमार पांडेय,पूर्व मुखिया अशोक पांडेय,धीरज पांडेय,हरिशंकर तिवारी,मदनमोहन द्विवेदी,वैजनाथ उपाध्याय, बलिराम पांडेय,ठाकुर पांडेय,रमाशंकर तिवारी,विजयशंकर तिवारी,हरिशंकर दुबे,नारायण तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर कार्यालय में एकदिवसीय प्रदर्शन

रक्सौल। इन दिनों गर्मी फिर एक बार बढ़ गई है और ऐसे में विद्युत विभाग भी अपना करामात दिखा रहा है। विद्युत व्यवस्था काफी लचर हो गई है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हेतु आपूर्ति प्रशाखा आदापुर के समक्ष एकदिवसीय सांकेतिक अनशन किया गया। जिसकी सूचना लिखित रूप में एमएलसी के अनुमंडलीय प्रतिनिधि रामेश कुमार सिंह ने स्थानीय कार्यपालक अभियंता को दिया। लोगों ने श्री सिंह के नेतृत्व में विभाग के खिलाफ प्रदर्शन भी और कहा कि इसमें सुधार नहीं होती है तो दो दिनों बाद अनशन किया जाएगा। उन्होंने दिए पत्र में बताया कि गत एक सप्ताह से शाम के 6 बजे से मध्य रात्रि तक आपूर्ति व्यवस्था बिल्कुल ही लचर हो गई है, लोड शेडिंग के नाम पर उपभोक्ताओं को काफी परेशान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हर घर बिजली के नाम पर प्रदेश सरकार द्वारा मिट्टी तेल के आबंटन में भारी कटौती की गई है, जिस कारण लोगो का विद्युत पर निर्भर होना लाजमी है। प्रदर्शन में पुरुष समेत महिला एवं बच्चे भी शामिल थे। मौके पर चंदन सिंह, अजमुल्लाह शाह, सत्येंद्र साह, रामकान्ति देवी, अनातिया देवी, फूलकली देवी, शिवशंकर राम, लालपरी देवी, सकीना खातून, मजबून नेशा, लालती देवी, रीना देवी सरीखे सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

पोहे गांव के आंगनबाड़ी केंद्र से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद

प्रात : किरण ब्यूरो चीफ जमुई

जमुई जिला के सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोहे गांव के वार्ड संख्या दो स्थित बंद पड़े एक आंगनवाड़ी केंद्र के भवन से पुलिस ने शनिवार की देर शाम भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप बरामद करने में सफलता हासिल की। शनिवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पोहे गांव स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र के भवन में भारी मात्रा में विदेशी शराब छुपा कर रखा गया है। मामले की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल के द्वारा पोहे गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पोहे गांव स्थित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की तलाशी ली गई। इस दौरान वार्ड संख्या दो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के भवन के पिछले कमरे से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की। आंगनवाड़ी केंद्र के पहले कमरे में भूसा रखा गया था। वहीं भूसे के पीछे पिछले कमरे में भारी मात्रा में शराब के कार्टून छिपा कर रखे गए थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पोहे गांव के वार्ड संख्या दो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के भवन से 345 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। पुलिस द्वारा जब्त किए गए शराब का ब्यौरा देते हुए उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान इम्पेरियल ब्लू कंपनी के 750 एमएल का 35 कार्टून, रॉयल स्टैग कंपनी के 750 एमएल का 1 कार्टून, किंगफिशर कंपनी का बीयर 28 बोतल एवं हयवर्डस कंपनी का 6 पीस केन बीयर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका समेत 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दर्ज प्राथमिकी में शराब के कारोबार में शामिल पोहे गांव निवासी आंगनवाड़ी सेविका के दो पुत्र छोटू सिंह व अजीत सिंह समेत पोहे गांव निवासी बमबम सिंह, कारू सिंह एवं पीरहिंडा गांव निवासी मानो सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक जयप्रकाश तिवारी, मकसूद खां, सहायक अवर निरीक्षक मो. तैयब, लालबाबू महतो, रामाशीष यादव समेत टाइगर मोबाइल बल के जवान शामिल थे।

दो पशु चोर को मुखिया ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। गांव -देहात क्षेत्रों में पशु चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर पशु चोरों के दो सदस्यों को शनिवार की देर रात मैदापुर पंचायत के मुखिया पंकज कुमार ने पड़कर पुलिस के हवाले किया है। इतना ही नहीं सीतामढ़ी जिले के कोवाही गांव से पशु को भी बरामद कर लिया गया है।

साथ ही चोरी में इस्तेमाल की गई पिकअप व उसके चालक भी पकड़े गए हैं। सूचना पर बोचहा थाना के दरोगा प्रीतेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर पिकअप जप्त कर चालक सहित एक बदमाश को थाने ले गई। पकड़े गए बदमाश की पहचान पिरखपुर गांव के मुमताज वही चालक की पहचान एतवारपुर के रहने वाले कासिम के रूप में हुई है। जबकि पिकअप मैदापुर पंचायत के ही रामचंद्र चौधरी का बताया गया है, मुखिया पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि श्याम बाबू साहू के मवेशी को बदमाशों ने चोरी कर ली है। सीतामढ़ी से वापस लौट रहे बदमाशों को पशुपालक सहित अन्य लोगों ने थाना क्षेत्र के मझौली के समीप पकड़ा। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ और पशु को सीतामढ़ी से बरामद किया गया। पंचायत के पूर्व सरपंच रामचंद्र राय ने बताया कि पंचायत व आसपास के गांव से कई पशु चोरी हो गए इसको लेकर पशुपालक काफी चिंतित थे और चोर को पकड़ने के लिए पिछले कई दिनों से पशुपालक फिराक में थे। इधर थाना अध्यक्ष अनिल राम ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ चल रही है इस गिरोह में कई लोग ओर भी शामिल हैं। जिन्हें भी पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी। इस घटना के बाद से पशु चोर गिरोह में हड़कंप मचा हुआ है।

पोषण रैली जागरूकता से कुपोषण को दुर करना ही मुख्य उद्देश्य : सीडीपीओ

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत छठे राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ शनिवार को इस्लामनगर अलीगंज बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर से पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी ज्योति के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली को संबोधित करते हुए सीडीपीओ ने बताया कि पोषण रैली से जागरूक होकर लोग कुपोषण के शिकार होने से बचाव कर सकेगे। राष्टीय पोषण पखवारा से गाव-गाव रैली के माध्यम से पोषण आहार सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारिया पाकर स्वस्थ जीवन के साथ संतुलित आहार स्वस्थ बच्चे को भी स्वस्थ रख सकेगे। उन्होने कहा कि सही पोषण,देश रोशन नारा का बुलंद करते हुए कहा कि पोषण माह मे उतम स्वास्थ्य एव शरीर के पोषण स्तर को बढावा देने के लिए यह रैली का आयोजन प्रखंड से लेकर पंचायत के हर आंगनबाड़ी केंद्रो पर किया जा रहा है ।उन्होने बताया कि इस बार राष्ट्रीय पोषण माह का थीम है सुपोषित भारत, साक्षर भारत,सशक्त भारत।

पूरे माह के दौरान सभी आंगनबाड़ी केदो पर एवं प्रखंड स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है जो कि केवल स्तनपान एवं पूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा ,पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ द्वारा पोषण में सुधार , मेरी माटी मेरा देश ,जनजाति केंद्रित पोषण संवेदीकरण, एनीमिया पर टेस्ट उपचार एवं चर्चा से संबंधित होगी साथ ही साथ सभी गतिविधियों की एंट्री भी पोषण अभियान के पोर्टल पर किया जाना है। विगत वर्षों में जन भागीदारी से राष्ट्रीय पोषण अभियान काफी सफल रहा है एवं बच्चों के कुपोषण दर को कम करने में तथा एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण में हम काफी सफल हुए हैं। इसी प्रण के साथ पुनः इस माह भी पूरे प्रखंड में पोषण माह का आयोजन किया जाना है इस मौके पर महिला परवेक्षिका प्रीति सिंह,विमला कुमारी,अरूणानंदिनी, कार्यालय लिपिक नीरज कुमार,तरूण कुमार,प्रखंड समन्वयक मनीषा कुमारी,तुलसी प्रसाद के अलावे सेविका सहायिकाएं उपस्थित थी।

पाल समाज के सैंकड़ो लोगों ने की भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण

प्रात : किरण संवादाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊपर आस्था ब्यक्त करते हुए औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी में पिछड़ा वर्ग से आने वाले राष्ट्रीय पाल एकता मंच के पाल समाज के सैंकड़ो की संख्या में महिलाएँ,वपुरुष एवं नौजवान लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया सभी लोगों को सांसद ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।सांसद ने सभी लोगों को भाजपा परिवार में शामिल होने को लेकर धन्यवाद और आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोगो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया यह फैंसला स्वागत योग्य है ।पिछड़े,अतिपिछड़े, अनुसूचित वर्ग,महादलित एवं सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हुए जनहित के कार्य करती है।भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़,समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है।आप सभी लोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साथ चलने का संकल्प लिया यह बहुत अच्छा निर्णय है।भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया कि सभी योजनाएँ गरीबों के हित के लिए है।42 करोड़ गरीबों का जनधन के माध्यम से खाता खुला है।भाजपा पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगो को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य हुआ है।कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह ने किया।भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर सिंह ने लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।राष्ट्रीय पाल एकता मंच के जिलाध्यक्ष सुदर्शन कुमार पाल ने कहा कि हम सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो से खुश होकर सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा परिवार में शामिल हुए है।भाजपा सबका साथ,सबका विकास,सबका प्रयास और सबका विश्वाश के सिद्धांत पर कार्य करती है और हमेशा गरीबों के हित में कार्य करती है।आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाँथो को मजबूत करेंगे और सांसद सुशील कुमार सिंह को अपार बहुमत से चुनाव जिताएंगे और भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुदर्शन कुमार पाल,उपाध्यक्ष पिन्टु कुमार पाल, सचिव रमेश पाल,सेवानिवृत्त शिक्षक राम वचन पाल,जगदीश पाल,भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा,समाजसेवी विनोद सिंह,रवि सिंह,भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सह देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,युवा भाजपा नेता अंकित सिंह,टनटन सिंह,रामाधार पाल,शिवभगत पाल,रामप्रसाद पाल,सचिदानंद पाल,जुगेश पाल,संजीत पासवान,नरेश पाल,सूर्यदेव पाल,राजन पाल,प्रदीप पाल,अजित पाल,सोनचंद पाल,परशुराम पाल,शिव कुमार पाल,चंदन पाल,अमरजीत पाल,रामाधार पाल,गीता पाल,शिवकान्ति पाल,रानी पाल,अमित पाल,संजय पाल,विजय पाल,सूरज पाल,राम बचन भगत,विकास पाल,जनेश्वर पाल,जय प्रकाश भगत,सूरज पाल,गौरीशंकर पाल,माधुरी पाल,नगीना पाल,किशोरी पाल,रितेश पाल,मनीष कुमार,संजीत पाल एवं सैंकड़ो की संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित रहे।

10 सितंबर को युवा उत्सव -2023 का होगा भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। आगामी 10 सितंबर को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले जिला स्तरीय युवा उत्सव - 2023 की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक समीक्षात्मक बैठक हुई, जिसमें युवा उत्सव की सफलता को लेकर बिन्दुवार चर्चा हुई। कला, संस्कृति एवं युवा शाखा के प्रभारी पदाधिकारी मोनू कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न बैठक में आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद थे। कला, संस्कृति प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि आगामी 10 सितंबर को युवा उत्सव - 2023 का भव्य आयोजन शहर के टाउन हॉल में सुनिश्चित है, जिसकी स्क्रीनिंग सुबह 10 बजे से होगी। स्क्रीनिंग के पश्चात उसी दिन शाम 05 बजे से मुख्य समारोह में सभी विधाओं के लिए योग्य प्रतियोगी चयनित कर लिए जाऐंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में अपनी कला के जौहर दिखाने के लिए भेजा जाऐगा, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ आए प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा उत्सव में जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से नयी युवा प्रतिभा की कलात्मक क्षमता को प्रतियोगिता के माध्यम से निखार कर उन्हें राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर के मंच उपलब्ध कराने का है। युवा उत्सव में पंद्रह से पैंतीस वर्ष तक के कलाकार भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय वादन-सितार, गिटार, तबला, सरोद, शहनाई, सारंगी, वायलिन, बांसुरी, वीणा, मृदंगम तथा हारमोनियम, समूह गान, एकल लोकगीत, लोकगाथा, सुगम संगीत, समूह लोक नृत्य, लघु नाटक, भाषण, चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प, छायाचित्र की विधाओं के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

प्राथमिक विद्यालय दुधेनिया के प्रधानध्यापक के ऊपर लगा लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई थाना क्षेत्र अंतर्गत रजौन पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय दुधेनिया के शिक्षक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया। घटना शनिवार अपराहन की है जब पूर्व में लगे आरोपों को लेकर ग्रामीणों की पंचायत लगी , उक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक पर विद्यालय की रसोइया की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया था, रसोईया सहित ग्रामीणों द्वारा दिए गए बयान की आधार पर कुछ दिन पूर्व जब मध्याह्न भोजन कार्य के लिए रसोईया विद्यालय नहीं पहुंची तब प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्ञान देव यादव ने रसोईया के एवज में पुत्री को विद्यालय भेजने की बात कही, विद्यालय में छुट्टी के बाद आवश्यक कार्य का बहाना बना आरोपी द्वारा महिला की पुत्री को गलत नीयत से रोक उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। पीड़िता द्वारा शोर- शराबा करने पर आसपास इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने मामले को किसी तरह समझा बुझा शांत कराया, अगले दिन विद्यालय खुलने पर रसोईया पीड़िता के साथ विद्यालय पहुंच अपने साथ हुए व्यवहार की शिकायत करने लगी जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच हो हल्ला सुन ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधियों की भीड़ इकट्ठी हो गई। उपस्थित ग्रामीणों ने मामले पर पंचायत बैठा मामले का निपटारा करने का प्रयास किया। शनिवार को विद्यालय अवधि के बाद उक्त मामले को ले पंचायत प्रारंभ हुई जिसमें मामला निपटारे तक न पहुंच उग्र रूप ले लिया , प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्ञान देव यादव के साथ जबरन मारपीट की गई। घटनाक्रम में उक्त शिक्षक को काफी छोटे आई जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनो में चल रहा। मामले की सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तक पहुंचने के पश्चात उन्होंने पूरी जानकारी न होने को ले कुछ भी स्पष्ट कहने से इनकार कर दिया, साथ ही मामले की छानबीन करने के पश्चात दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्ञानदेव यादव ने उपरोक्त घटनाक्रम पर बताया कि ग्रामीण और रसोईया की मिली भगत के कारण जबरन फसाने का प्रयास किया जा रहा।

प्रधानाध्यापक के द्वारा ग्रामीण मोहन यादव,रसोईया गीता देवी, समरी देवी पर और कुछ ग्रामीणों पर 500000 मांगने का आरोप लगाया है हम नही दे सके इसीलिए मेरे ऊपर षड्यंत्र रच कर छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं

गंगा घाट पर पीपल नीम ,तुलसी, का पौधा लगा रहे लोक कलाकार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक, लोक कलाकार सुनील कुमार पटना गंगा घाट पर पीपल नीम तुलसी लगाने का अभियान चला रहे हैं। अपने इसी इसी अभियान को लेकर वे बच्चों महिलाओं की टोली के साथ मुजफ्फरपुर से पटना पहुंचे और वहां गंगा घाट पर नीम ,तुलसी पीपल,बरगद ,आम और जामुन का पौधा लगाया। इस अवसर पर पीपल नीम तुलसी अभियान के संयोजक एवं बिहार के प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉक्टर धर्मेंद्र ने बताया कि जयपुर के डोल का बाढ़ जंगल में वृक्षों की कटाई की जा रही है जिससे वहां पर फिटनेस पार्क बनाया जा सके। जयपुर शहर के पर्यावरण योद्धा जंगल काटने के विरुद्ध एक सप्ताह से धरना पर बैठे हैं। जयपुर शहर के चौक चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा , राजस्थान सरकार जयपुर के डोल का बाढ़ जंगल काटने पर जल्द प्रतिबंध लगाए अगर ऐसा नहीं हुआ तो देश के सभी पर्यावरण प्रेमी इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। उन्होंने पीपल नीम तुलसी अभियान से जुड़े सभी पर्यावरण योद्धाओं से अपील की है किले बेजुबान पशु पक्षियों की आवज बने ।इस अवसर पर लोक कलाकार सुनील कुमार ने पीपल नीम तुलसी अभियान को समर्थन देते हुए लोक गीत गंगा घाट पर बोले कोयलिया हो जल जीवन हरियालियां नीम लगाव हो तुलसी लगाव और लगाव पीपल गछिया हे जल जीवन हरियालीगीत गाकर पीपल नीम तुलसी अभियान को मजबूती प्रदान करने की अपील की। पीपल नीम तुलसी अभियान के तहत वृक्षारोपण गतिविधि एलसीटी घाट, मैनपुरा, मरीन ड्राइव गंगा पथ, नीम कॉरिडोर पर किया गया।धन्यवाद ज्ञापन पीपल नीम तुलसी अभियान टीम के उत्प्रेरक राजेश प्रसाद ने किया।

माहेर बिहार स्थापना दिवस व भूमि पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। आईसीपी रोड स्थित माहेर ममता निवास के प्रांगण में माहेर बिहार स्थापना दिवस दिवस व भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति आईसीपी प्रबंधक प्रवीण कुमार, बिशिष्ट अतिथि रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार, माहेर संस्थापक निदेशक सिस्टर लूसी, सचिव निकोला पवार, डॉ प्रभु जोसेफ, एनयूजेआई अनुमंडल संयोजक बिपिन कुशवाहा, रक्सौल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण कुमार, रक्सौल लायंस क्लब के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद चौरसिया, पूर्व बिधान सभा प्रत्याशी कपिलदेव प्रसाद, डॉ गौतम कुमार, समाजसेविका पूर्णिमा भारती, स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं सर्वोत्तम गिरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुप्रिया बोदरा व गायत्री थापा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।हिन्दू, मुश्लिम, सिख व ईसाई चारो धर्म के अनुवाइयो ने मंत्रोचारण कर भूमि पूजन किया। वक्ताओं ने माहेर ममता निवास के उपलब्धियो व कार्यो की चर्चा करते हुवे बताया कि ये संस्था गरीब, लाचार, बीमार, अर्धविक्षिप्त महिलाओं को रोड से उठाकर उसे निःशुल्क कपड़ा, भोजन, दवा एवं रहने की व्यवस्था करती है। संस्था के ऐसे कार्यो की काफी सराहना की। सिस्टर लूसी कुरियन को उत्कृष्ट कार्यो के लिये 2016 में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वक्ताओं ने ऐसी संस्था के भवन निर्माण में हर सम्भव सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी कपिलदेव राय ने निजी कोस से एक कमरे का निर्माण कराने की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिस्टर लूसी कुरियन व संचालन रक्सौल प्रबंधक बीरेंद्र कुमार ने की। माहेर ममता के संस्थापक निदेशक सिस्टर लूसी कुरियन ने कहा कि रक्सौल के कनना में माहेर ममता निवास के भवन निर्माण के लिये 11 कट्ठा 12 धुर जमीन लिया गया है, जिसमे अत्याधुनिक सुबिधा से लैस भवन निर्माण होगा, उन्होंने उपस्थित लोगों से इस कार्य मे सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि माहेर का प्रधान कार्यालय पुणे में है। उन्होंने बताया सात राज्यो में 68 शाखाएं कार्यरत है। जिसमे करीब 2000 बच्चे, बूढ़े, अपाहिज, मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगो को रखा गया है। संस्था की स्थापना 2 फरवरी 1997 को हुई थी। वहीं बिहार में स्थापना दिवस के अवसर पर केक भी काटा गया। इस मौके पर लायन्स क्लब रक्सौल के सचिव पवन कुशवाहा, निजामुद्दीन अंसारी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार, अखिल मारवाड़ी महिला सम्मेलन रक्सौल के अध्यक्ष वीणा गोयल, सोनू काबरा, सिखा रंजन, अनुराधा शर्मा, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, रसीद अहमद, मेराज अहमद, रफी अहमद, हुसैन अहमद, अंशु सिंह खालसा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बिजली की आंख मिचैली पर धोबियाकुरा पावर ग्रीड का जिला परिषद सदस्य एवं ग्रामीणों ने किया घेराव

प्रात : किरण संवादाता

झाझा प्रखंड क्षेत्र के बाराजोर, कावर, छापा, बोड़वा, पैरगाहा, करहरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की हो रही आंख मिचैली से परेशान ग्रामीणों ने आखिरकार जिला परिषद सदस्य धर्मदेव यादव की अगुवाई में धोबियाकुरा पावर ग्रीडी पहुँचकर हंगामा मचाया। जिला परिषद सदस्य ने विद्युत विभाग के कर्मियों पर भड़ास निकालते हुये कहा कि यहां के कर्मी ऑफीस में बैठकर पंखे के नीचे आराम फरमाया करते है और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग बिजली के अभाव के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ऐसें में अगर विद्युत विभाग की रवैया नही बदला गया तो मजबूरन ग्रामीण पावर ग्रीड में तालाबंदी करते हुये प्रदर्शन करने पर उतारू हो जायेगे जिसकी जिम्मेवारी विद्युत विभाग के उपर होगी।जिला परिषद सदस्य ने कहा कि बारिश नही होने के कारण किसानों के खेतो में पानी की अभाव हो रहा है ऐसे मे किसान किसी तरह मोटर लगाकर आहार,तालाब से पानी एकत्रित कर रहे है लेकिन बिजली की कटौती होने के कारण उनलोगों को डीजल खरीददारी करनी पड़ रही है।इसके अलावे बिजली की आंख मिचैली के कारण बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रहा है।उन्होने बताया कि बीते एक माह से भी अधिक समय से बिजली की कटौती ग्रामीण क्षेत्रों मे हो रहा है जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी भी हो रही है।अगर जल्द से जल्द बिजली विभाग के द्वारा इस दिशा मे ठोस कदम नही उठाया गया तो चरणबद्ध तरीके से सड़को पर उतर ग्रामीण आंदोलन करते हुये अपनी मांगों को रखने का काम करेगे।मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

मवेशियों से लदा पिकअप वाहन जप्त दो तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो थाना क्षेत्र के बलथर पुल से सोनो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पशु तस्करी के लिए ले जाए जा रहे मवेशियों से लदे एक पिकअप वाहन जप्त किया पुलिस मौके से दो पशु तस्करों को भी किया गिरफ्तार पशु तस्कर की पहचान झाखा थाना क्षेत्र के राजल गांव निवासी रंजीत कुमार यादव वह लखीसराय के हलसी निवासी मस्जिद आलम के रूप में हुई है सोनो थाना अध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया की तस्करी के लिए पशु को ले जाए जाने के गुप्त सूचना पर उन्होंने थाना के एसआई एस .एन सिंह व पुलिस जवानों के साथ कार्रवाई करते हुए बलथर पुल के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान खैरा की ओर से आ रही मवेशी लदे एक पिकअप वाहन और जप्त किया गया सभी मवेशी को स्थानीय गौशाला में रखने की व्यवस्था करवाई गई थाना अध्यक्ष ने बताया है की गिरफ्तार पशु तस्करों के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

संक्षिप्त खबरें

जीवन रक्षा हेतू रक्तदान शिविर का किया आयोजन

भागलपुर। सेवा संस्कृति और संस्कार की 8 दशक से शहर के लोगों के जीवन रक्षा के उद्देश्य को लेकर बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी समाज के द्वारा कई पहलुओं पर हरसंभव सहयोग करने के प्रयासरत रही है। इसी कड़ी में रविवार को स्थानीय देवी बाबू धर्मशाला प्रांगण में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस रक्तदान शिविर में बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सभी अधिकारी व कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से शहर वासियों के जीवन रक्षा उद्देश्य को लेकर एक दिवसीय रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने की आम लोगों से भी अपील की। साथ ही उक्त कार्यक्रम के आयोजन को लेकर संगठन के अधिकारियों द्वारा सुबह के 10:00 बजे से ही रक्तदान करने की तैयारियों में लगे हुए थे। वही देर शाम तक शिविर जारी था। इस दौरान रक्तदान शिविर के सफल आयोजन को लेकर बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के दर्जनों कार्यकर्ता सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही थी। इस दौरान समिति के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम हम लोगों का विगत कई वर्षों से चला चला आ रहा है, रक्तदान शिविर के माध्यम से ऐसे लोगों की सहायता हो सकती है, जिसे दुर्घटना के बाद तुरंत ब्लड की आवश्यकता होती है।

नगर निगम कई सुविधाओं पर है लापरवाह : तुषार

मुंगेर। मुंगेर नगर निगम के चुनाव में डिप्टी मेयर पद से किस्मत आजमाने वाले और उपविजेता रहने वाले लाल दरवाजा मोहल्ला वार्ड नंबर 02 (दो) के नागरिक तुषार यादव ने बयान जारी कर कहा है कि मुंगेर शहर में घर घर से नियमित कचड़ा का उठाव नहीं होता है, इस पर मेरी आपत्ति है। अक्सर देखा जाता है कि रविवार के अलावे भी जो भी एजेंसी के जिम्मे रोज कचड़े को उठाने की जिम्मेदारी है नहीं आते और ये किसी भी जागरूक व जिम्मेवार शहरवासी के लिए असहज स्थिति है और वो सड़क, गली या नाले पर भी घर के कचड़े को नहीं फेंक सकता। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम प्रशासन ऐसे कई जरूरी सुविधाओं पर लापरवाह बना हुआ है। निगम क्षेत्र के हर घर से नियमित कचड़े का उठाव सोमवार से शनिवार ही नहीं बल्कि रविवार को भी होना चाहिए। लेकिन सुनिश्चित दिनों में भी ये सुविधा मुहैय्या कराने में मुंगेर नगर निगम फेल है। शहर के लोगों का और थोड़ा ज्यादा सहयोग और समर्थन मिल जाता तो मै रविवार को भी ये सुविधा उपलब्ध करवाता।

सरपंच को मिला जान मारने की धमकी, थाने में आवेदन

संग्रामपुर । थाना क्षेत्र के बढ़ौनिया पंचायत के सरपंच कुणाल सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी एवं रंगदारी की मांग की गयी है। इस संबंध में सरपंच श्री सिंह ने संग्रामपुर थाना को आवेदन देते हुए जान मारने एवं रंगदारी मांगने वाले को नामजद अभियुक्त बनाया है। सरपंच द्वारा थाना में दिए आवेदन में कहा गया है कि 01 सितम्बर 2023 की संध्या करीब 7 बजे रामपुर चौक पर खड़ा था। तभी राहुल कुमार एवं साहेब यादव दोनों का पिता ध्रुव यादव, ग्राम सराय, थाना संग्रामपुर शराब के नशे में गाली-गलोज करते हुए जा रहा था। मैं जब उसे गाली देने से मना किया तो राहुल यादव ने कहा कि तुम्हारे जैसा सरपंच बहुत देखे हैं घर से बाहर निकलोगे तो तुम्हारे लाश का भी पता नहीं चलेगा इतना कह कर वहां से निकल गया, फिर 02 सितंबर 2023 को संध्या लगभग 07-08 बजे के बीच मोबाइल नंबर 8080040250 एवं 726104 8359 मोबाइल नंबर से मेरे मोबाइल पर कॉल आया और धमकी दिया की तुम बढ़ौनिया का हीरो हो गया है, तुमको जब चाहेंगे बढ़ौनिया से उठा लेंगे, तुमको कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा और तुम जिस दिन अपने गांव से बाहर निकलेगा उस दिन तुमको गोली मार देंगे, और गाली देने लगा। सरपंच श्री सिंह ने जान की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न

सदर मुंगेर । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला की बैठक बरियारपुर सर्व कल्याण दुर्गा मंदिर में आयोजित हुई। इस की अध्यक्षता जिला सह मंत्री वासुदेव ने किया। इसमें मुख्य रूप से प्रांत संयोजक रजनीश एवं प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से शौर्य यात्रा पर चर्चा हुई एवं शौर्य यात्रा का रूपरेखा तैयार किया गया। इस अवसर पर बरियारपुर बजरंग दल प्रखंड कार्यकारिणी घोषणा की गई। जिस में प्रखंड संयोजक के रूप में अभय किशन, सह संयोजक मोनू सिंह एवं आदित्य जयसवाल, मिलन केंद्र प्रमुख रितिक राज एवं अनुराग पोद्दार, नवजीत कुमार झा, ब्लोपासना सह प्रमुख साहिल राज, सुरक्षा प्रमुख ऋषभ कुमार सिंह कौशल यादव एवं यशवंत कुमार को हो दायित्व दिया गया।

अधिकारी के समक्ष फरियादी को मुखिया ने मारपीट कर किया लहुलुहान

न्याय की गुहार ले मुखिया के विरुद्ध फरियादी पिता व पुत्र ने दी थी याचिका

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ सुशासन बाबू राजनीति की कुर्सी पर बने रहने के लिए उतारू है तो वही राजनीतिक महकमे में खुद को बेहतर साबित करने की दिशा में मुम्बई में आयोजित बैठक में शिकरत करने पहुंचे हैं। वहीं दूसरी ओर बिहार की राजनीति व सत्ता पर काबिज होने के लिए सभी का हाल खस्ता होता दिख रहा है, वही सुशासन की सरकार बाबू अपना दबदवा बनाने के लिए लगातार कई तरह की घटना सामने आ रही है। वही सुशासन बाबू नीतीश सरकार के राज्य में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए खुली तसवीरें साफ तौर पर उभर कर सामने आती दिख रही है।

वही सुशासन बाबू के राज में कभी नगर तो कभी किसी भी गांव में मुखिया की दबंगई की खुली तसवीर को शायद ही आपने आज तक कभी देखी होगी, गांव तो छोड़िए साहब, अब तो खुले आम सरकार के दफ्तरों में देखने को मिल रही हैं। इसी कड़ी में लोकपाल कार्यालय परिसर में खुलेआम दबंग जनप्रतिनिधियों में एक मुखिया ने लोकपाल अधिकारी व दर्जनों जे.ई. के समक्ष न्याय की गुहार लगाने वाले फरियादी सह शिकायतकर्ता पिता व पुत्र की जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान मुखिया ने दोनों पिता व पुत्र को इतना पीटा की दोनों बाप व बेटे लहूलुहान हो गये, यह दृश्य हकीकत जिला समाहरणालय स्थित लोकपाल कार्यालय परिसर में खुलेआम देखने को मिली है। वही

मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक मनरेगा योजना में 62 लाख 98 हजार लगभग 63 लाख का घोटाला का मामला मुखिया के विरुद्ध पिता व पुत्र के द्वारा आवेदन किया गया था, जो मामला मुखिया के ऊपर चल रहा था। ज्ञात हो कि घोटाले की उक्त मामले को लेकर मदरौनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना के खिलाफ स्थानीय गांव के एक ही परिवार के पिता व पुत्र ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसकी सुनवाई को लेकर आरोपी मुखिया सहित ग्रामीण पिता व पुत्र लोकपाल कार्यालय पहुंचे थे, इस दौरान मुखिया और शिकायतकर्ता के बीच में उक्त मुद्दे को लेकर बहस शुरू हो गई और वही मुखिया ने अपनी दबंगई का परिचय देते हुए लोकपाल अधिकारी के सामने दोनों पिता व पुत्र को बुरी तरह से मारपीट कर लहूलुहान कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। दोनों पिता व पुत्र लहूलुहान व घायल होने के बाद मामले की गम्भीरता को देखते हुए स्थानीय थाना पुलिस को घटना से संबंधित लोकपाल कार्यालय कर्मियों ने सूचित कर दिया। वही प्राप्त सूचना के आलोक में जोगसर थाना पुलिस मौके पर पहुंच दोनों बाप व बेटे को जख्मी हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे वही विपक्षी पार्टी मुखिया को पुलिस हिरासत में लेकर थाने लेजाया गया है। वही पिता व पुत्र के प्राम्भिक इलाज के लिए स्थानीय थाना पुलिस पदाधिकारी के द्वारा त्वरित इनज्योरी रिपोर्ट के लिए पर्चा कटा कर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही दूसरी ओर मुखिया ने भी थाने में लिखित आवेदन दे दोनों पिता व पुत्र के विरुद्ध शिकायत की। वही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

वही कार्यालय प्रांगण में हुई मारपीट के मामले को लेकर लोकपाल पदाधिकारी आलोक मिश्रा का कहना है कि मधुबनी पंचायत के जनप्रतिनिधि सह मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना पर स्थानीय गांव के अमरेंद्र कुमार और उसके बेटे बृजेश कुमार ने योजना राशि गमन किये जाने की शिकायत की थी। जिसको लेकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में सुनवाई होनी थी, मैं संबंधित योजना को लेकर समझने के प्रयास सोच में बुक देख ही रहा था तभी दोनों में झड़प हो गई और मुखिया ने दोनों बाप बेटे जमकर पिटाई कर दी। वही उक्त घटना में दोनों पिता व पुत्र लहूलुहान हो जख्मी व घायल हो गये है। वही मुखिया के इस वर्ताव को लेकर हम लोग काफी डरे और सहमें है, हम लोग बिल्कुल असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, मैंने इससे पहले जिलाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारी को सुरक्षा को लेकर आवेदन भी दिया है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अगर कार्यालय परिसर में ही सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया तो कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।

वही दूसरी ओर शिकायत करने वाले अमरेंद्र कुमार और उसके पुत्र बृजेश कुमार ने कहा कि मदरौनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना काफी दबंग व अपराधी परिवर्ति के है और वह अपनी दबंगई के चलते किसी की बात नहीं सुनते वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मनमानी को लेकर मनरेगा के तहत कार्य होने वाले योजना में घोटाले बाजी करते दिख रहे हैं उनके खिलाफ जो भी आवाज उठाते हैं या शिकायत दर्ज करते हैं मुखिया उसे काफी प्रताड़ित करता है, लेकिन यह कब तक सहन किया जाएगा। इस पर संज्ञान लेने के लिए मैंने विभाग को आवेदन दिया था, और मैं स्थल जांच की भी बात कही थी, लेकिन आज कार्यालय प्रांगण में अधिकारी के समक्ष उनकी उपस्थित में दबंग मुखिया ने हम दोनों पिता पुत्र को काफी बुरी तरह से मारपीट की है, यह कहीं से सही नहीं है मैं मुखिया के खिलाफ केस करूंगा और उनके विरुद्ध जिलाधिकारी को भी सूचना दूंगा।

अब देखने वाली बात यह होगी कि विभाग दोषियों पर कब कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा दिला पाती हैं, या फिर मनरेगा योजना के तहत ऐसे ही बंदर बांट चलता रहेगा।

रक्षाबंधन पर्व पर भाई द्वारा बहन को दिया गया वैक्सीन का अनूठा उपहार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार जिलेभर में एक अनोखे ढंग से मनाया गया। एक तरफ जहां बहन ने भाई की रक्षा के लिए उनके कलाई पर प्रेम सद्भाव स्वरूप राखी बांधकर जीवन पर्यन्त सुरक्षा की कामना की तो वही भाई ने भी उपहार स्वरूप अपनी बहन को वैक्सीन का अनूठा उपहार देकर बच्चेदानी कैंसर से बचाव के लिए सर्वाइकल वैक्सीन का अमृत उपहार दिया। यह अनूठा कार्यक्रम भागलपुर की संस्थान जीवन जागृति सोसाइटी के संस्थापक सह अध्यक्ष डॉ.अजय कुमार सिंह ने एक कार्यक्रम के आयोजन कर दी। यह जिला वासियों के लिए पहला व सचमुच एक वास्तविक अनूठा पहल रहा है।

जिससे भाई के द्वारा अनूठा उपहार जीवन भर बहन को सुरक्षा प्रदान करेगा। वही इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जीवन जागृति सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर अजय ने कहा कि इस अनूठा प्रयास एक भाई बहन की रक्षा कर रहा है, और इससे बहन की सुरक्षा जीवन भर बनी रहेगी। इससे अच्छा और कोई उपहार नहीं हो सकता है, एक बहन के जीवन के लिए वही कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेखा झा ने बताया कि डब्लूएचओ का लक्ष्य है कि 2030 तक सर्वाइकल कैंसर के लिए लोगों को जागरूक करने और इससे बचने के उपाय पर जोड़ देते हुए उक्त बीमारियों को कम किया जा सकें। यह एक अच्छा उदाहरण है, जिससे लोग जागरूक होंगे और सभी बच्चेदानी कैंसर से बचाव के लिए सर्वाइकल वैक्सीन लगवाएंगे, जिससे हमारे पूरे देश की महिला सुरक्षित होगी। वही कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अजय सिंह के उद्देश्य से प्रभावित हो कर कहा कि बहाने भाई के इस अनूठे उपहार से काफी खुश दिखाई दे रही हैं।

लोकमंच की बैठक हुई महुआ में

प्रात : किरण ब्यूरो

वैशाली/महुआ। भारतीय लोकमंच पार्टी महुआ प्रखंड की बैठक मंगरु चौक पर छात्र प्रखंड संयोजक संजय कुमार यादव के संस्थान में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र कुमार पासवान और अतिथि जिला महासचिव सुजीत कुशवाहा महजूद थे। जबकि कुणाल सिकंद और धर्मेन्द्र कुमार पासवान ने कई नये लोगो को लोकमंच की सदस्यता ग्रहण करवाये। जिसमें पूनम दास, अभिनाश कुमार साहनी, सुबोध दास, रंजेश कुमार को पार्टी कि सदस्यता ग्रहण करवाये। जबकि बैठक के दौरान महुआ प्रखंड की संयोजक की बात राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र कु० पासवान ने रखा तो जिला महासचिव सुजीत कुशवाहा ने दो नाम बताया संतोष कुमार और दूसरा देवानंद दास जिसमें महुआ प्रखंड के सैदपुर गाँव निवासी देवानंद दास को सह सहमति से सभी लोगो ने महुआ प्रखंड संयोजक चुना गया। देवानंद दास को प्रखंड संयोजक चुने जाने लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद और राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र कुमार पासवान ने माला महना कर नव मनोनीत प्रखंड संयोजक देवानंद दास को बधाई एंव शुभकामनाएं प्रदान किये। लोकमंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री साधु शरण पांडेय, राष्ट्रीय महासचिव सह अधिवक्ता शगुफ्ता रशीद, छात्र प्रदेश संयोजक मो० मिनहाज समसी, छात्र प्रदेश संगठन सचिव सह सारण प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, नेत्री आरती साहनी, रेखा प्रसाद, नेता सह अधिवक्ता राहुल सिन्हा, चंदन कुशवाहा, हरेन्द्र सिंह, जिला महासचिव सुजीत कुशवाहा, महुआ छात्र प्रखंड संयोजक संजय कुमार यादव, छात्र नेत्री प्रकामया श्रीवास्तव, पूनम यादव आदि लोगो ने नये सदस्यों को बधाई एंव शुभकामनाएं दिये है।

नशे की लत की चपेट में युवा वर्ग सहित स्कूली बच्चे भी शामिल : प्राध्यापक

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में नशे की लत ने ऐसे जकड़ लिया है जैसे मानो कोई कीमती सामान कही खो गया हो जगह जगह युवा वर्ग ही नही बल्कि वयस्क व्यक्ति भी अपनी नशा करने के हड़कत से पीछे नहीं रहे हैं। जगह जगह नशे की कारोबार में संलिप्त लोगों की तलाश में भटकते नजर आते हैं। इसी कड़ी में नाथनगर मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र इलाके में युवा पीढ़ी के बच्चों पर भी पर अच्छा खासा इनका असर पड़ रहा है। वही नशे की लत से आसपास के स्कूली बच्चों का भी मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। वही तोनशीली पदार्थों के सेवन के लिए युवा व बच्चे अक्सर अपराध से नाता जोड़ रहे है। तंबाकू, नशीली दवाइयां सहित अन्य नशीली दवाओं के सेवन के उपयोग करने में लगे हुए हैं, वही शहरी क्षेत्र ही नही बल्कि प्रखंड के पंचायत स्तर पर भी स्कूलों के बच्चे स्वास मादक पदार्थों (स्मैक) का सेवन करने लगे है।

वही बच्चे नशीली दवाओं एवं नशीले मादक पदार्थों के कारोबारी के कारोबार का बाजार की लिंक वह पहुंच बड़े-बड़े महानगरों से होते हुए छोटे शहरों, कस्बों के गलियारों से होते हुए गांवों तक पहुंच चुकी है। वहीं नाथनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय करेला प्रांगण में नशेड़ियों के लगने वाले जमावड़े से विद्यालय कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षक शिक्षिका भी इससे परेशान है। विद्यालय की सीढ़ियों पर और अन्य जगहों पर माचिस की तिल्लियां, सिल्वर पेपर, समेत अन्य कई नशीली पदार्थों के बोतल को देख अंदाजा लगाया जा सकता है की, अक्सर यहां नशेड़ियों का अड्डा लगता है। जिससे विद्यालय व आसपास का माहौल खराब हो रहा है। विद्यालय के निर्धारित समय पर बंद हो जाने के बाद से ही नशेड़ियों के द्वारा जमावड़ा का अड्डा बन जाता है। वही विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं विद्यालय आने से भी परहेज करते है, अक्सर विद्यालय के समय में भी असामाजिक तत्वों के लोग विद्यालय का चक्कर लगाते रहते है। जिससे विद्यालय आने वाले छात्र छात्राएं असहज महसूस करते नजर आ रहे है। इसी कड़ी में मध्य विद्यालय करेला के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सुमन ने बताया है कि सामाजिक और प्रशासनिक पहल कर समाज में बदलाव लाया जा सकता है, लेकिन विद्यालय शिक्षा के पवित्र मंदिर में इस तरह नशेड़ियों का जमावड़ा लगना अच्छी बात नही है, वही उन्होंने कहा है कि नशेड़ियों के जमावड़े से पूरा विद्यालय परिसर नशे के अवशेषों के निष्क्रिय सामान को छोड़ गंदा कर चले जाते हैं। जिससे विद्यालय में शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही नशेड़ी के द्वारा विद्यालय की खिड़कियां, बिजली की वायरिंग समेत अन्य सामानों को क्षतिग्रस्त कर उक्त सामानो चोरी की घटना की वारदात को अंजाम दे अपने नशे के सामान की आपूर्ति को लेकर बेच देते हैं। वही मामले को लेकर मध्य विद्यालय विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा स्थानीय मधुसुदनपुर थाना में उक्त घटना को लेकर लिखित शिकायत भी की थी, लेकिन मामले पर मधुसुदनपुर पुलिस ने कोई संज्ञान नही लिया है। वही मामले को लेकर थानेदार महेश कुमार ने कहा है कि इस तरह की गतिविधि की जानकारी वर्तमान में हुई है। वही दोषियों के विरुद्ध जल्द करवाई की जाएगी।

रालोजपा मिंटू यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेता मिंटू यादव को प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया ' राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय सांसद मंत्री पशुपति पारस एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज के द्वारा मनोनीत पत्र प्रदान किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पारस जी ने कहा कि मिंटू यादव जी बहुत लंबे समय से पार्टी के लिए काम करते रहे हैं इनकी कर्मठता एवं ईमानदारी का लाभ पार्टी को मिलेगा साथ ही पारस ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बहुत-बहुत बधाई दी ' इधर प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने कहा कि मिंटू यादव युवा है और इन्हें कई वर्षों से पार्टी को मां समान समझते हुए पूरे तन मन धन से सेवा की है इन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

दिया। प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार ने बताया कि मिंटू यादव राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी से बहुत लंबे समय से जुड़े हुए हैं इन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर संगठन बहुत मजबूत होगी साथ ही।

बबीता राय बनी जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव

मुंगेर। बिहार प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेत विश्वास ने मुंगेर जिलें के धरहरा प्रखंड निवासी जदयू नेत्री बबीता राय को प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। मनोनयन के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने आशा और विश्वास के साथ उम्मीद जताया है कि बबीता राय पार्टी संगठन को पुरे प्रदेश में मजबूत करेंगी और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेंगी। प्रदेश महासचिव बनने पर बबीता राय को दर्जन भर जदयू नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में जदयू प्रदेश महासचिव सौरभ निधि, संतोष साहनी, जदयू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल, युवा जदयू जिलाध्यक्ष बिक्की गुप्ता, जदयू नगर अध्यक्ष गुड्डू राईन, जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रीता राज, युवा जदयू के जिला उपाध्यक्ष कन्हैया चौधरी, जदयू नेता बच्चन राज पासवान, सुभाष मंडल, सोनी कुमारी, आशा देवी, रीना देवी सहित अन्य शामिल हैं।

मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स संग्रामपुर के सौजन्य से पुलिस पब्लिक मीटिंग का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर) संग्रामपुर बाजार स्थित धर्मशाला में मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स संग्रामपुर के सौजन्य से पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम चेंबर के फाउंडर मेंबर स्वर्गीय जलालधन प्रसाद भगत को श्रद्धांजलि दी गई । इसके बाद सभी सदस्यों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद बैठक की कार्रवाई शुरू की गई। संग्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार थाना अध्यक्ष रंजन कुमार के मौजूदगी में संग्रामपुर बाजार स्थित सभी व्यवसायियों के बीच में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। आने वाले समय में अब पर्व त्यौहार का महीना आने वाला है दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा, विश्वकर्मा पूजा है इस अवसर पर व्यवसाईयों

की सुरक्षा एवं पेट्रोलिंग की व्यवस्था बाजार के अंदर सुचारू रूप से हो और संग्रामपुर चौक पर चेंबर के तरफ से स्थान उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें पुलिस बल वर्किंग आवर में पुलिस बल ड्यूटी कर सके। थाना अध्यक्ष महोदय ने बताया कि व्यवसाईयों की जो मांग है उसको हम लोग पुलिस बल की व्यवस्था करने का प्रयास करेंगे। जिससे कि वे खुले मन से अपना व्यापार कर सकें बाजार के अंदर रोड पर मोटरसाइकिल एवं अन्य समान रोड पर लगाने के वजह से ठेला वगैरा ट्रैफिक की स्थिति हो जाती है लोगों का आवागमन बहुत मुश्किल होता है आवश्यकता पड़ने पर यथाशीघ्र बाजार में पुलिस की गाड़ी भी नहीं पहुंच पाती है इस पर वीडियो साहब सह नगर पंचायत सचिव के द्वारा कहा गया कि इस पर भी पेट्रोलिंग पुलिस बल ध्यान देंगे और अगर किसी के द्वारा जान भुज कर के रोड का अतिक्रमण सामान रखकर किया जा रहा है तो पहले हम मौखिक सूचना दे रहे हैं नहीं मानने पर कानून संबंध जेसीबी के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आएगी और पदाधिकारी के द्वारा दुकान में पुलिस प्रशासन का टेलीफोन नंबर सार्वजनिक करने का भी आग्रह किया गया है उसके लिए चैंबर स्टीकर बनाकर के सभी दुकान में चिपकाए जाएगा और पहले से बाजार में सीसी कैमरा तो लगा हुआ है लेकिन अब बाजार के चारों तरफ व्यवसाय एवं अन्य लोगों के सहयोग से सी सी टीवी कैमरा अच्छे गुणवत्ता वाला पावरफुल विजन वाला जिससे एकदम साफ फोटो और दूर का भी फोटो पता चले लगाने की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि बाजार के अंदर औ सामाजिक तत्व की गतिविधि पता चल सके और उस पर प्रशासन के द्वारा अंकुश लगाया जा सके व्यापारियों में प्रसन्नता है की रात्रि समय में बहुत अच्छा पेट्रोलिंग की व्यवस्था सायरन वाला किया गया है इसके लिए थाना अध्यक्ष जी को धन्यवाद दिया गया बैठक में सुनील प्रसाद भगत पशुपतिनाथ भगत वापी भगत नीलम भगत अमरनाथ भगत ओम प्रकाश गुप्ता प्रदीप भगत राजेश केसरी राज भगत गुड्डू शाह शंभू प्रसाद भगत राजन लालू भगत मुन्ना भगत एवं सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

बिजली कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने नौवागढ़ी में फूका ऊर्जा मंत्री का पुतला

प्रात : किरण ब्यूरो , मुंगेर

मुंगेर : उमस भरी भीषण गर्मी में पिछले एक सप्ताह से बिजली कटौती से परेशान नौवागढ़ी क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार संध्या शहीद- ए - आजम भगत सिंह चौक पर राज्य के ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, क्षेत्रीय सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा स्थानीय विधायक प्रणव कुमार के विरुद्ध मुदार्बाद के खूब नारे लगाए। पुतला दहन का नेतृत्व नौवागढ़ी क्षेत्र

के युवा समाजसेवी दीपक कुमार ने किया। पुतला दहन के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए दीपक कुमार ने कहा कि उमस भरी भीषण गर्मी में पिछले एक सप्ताह से नौवागढ़ी एवं पाटम क्षेत्र में विद्युत विभाग के द्वारा आठ से दस घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिस कारण आम लोगों को खासे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खासकर जब रात्रि में बिजली कटौती की जाती है तो छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ आम लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। दीपक कुमार ने आगे कहा कि 24 घंटे के अंदर अगर बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो विद्युत विभाग कार्यालय में तालाबंदी कर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। अजय मंडल ने बताया कि नौवागढ़ी क्षेत्र के साथ बिजली विभाग के द्वारा हमेशा सौतेलापन व्यवहार किया जाता है। इस इलाके में लगातार बिजली कटौती की जाती रही है, जबकि इस इलाके के उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं। मौके पर संतोष मंडल, आशीष यादव, रंजीत साह, मधुकर कुमार, अजय मंडल, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

मुंगेर के शहरी व ग्रामीण इलाकों में बिजली रानी की बेवफाई से आम लोगों का जीना हुआ मुहाल

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। इन दिनों मुंगेर जिलें के शहरी व ग्रामीण इलाकों में बिजली रानी की बेवफाई का कहर जारी है। जिस कारण उमस भरी भीषण गर्मी में आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यहां बिजली कटौती का आलम यह कि आठ से दस घंटे तक बिजली लोगों को नहीं मिल पा रही है। बिजली उपलब्धता के बावजूद बिजली आपूर्ति में कटौती आम लोगों के समझ से परे है। बिजली समस्या पर शासन - प्रशासन क्षेत्रीय रहनुमा खामोशी का चादर ओढ़े है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की खामोशी से लोगों में आक्रोश गहराना शुरू हो गया है। बिजली समस्या से परेशान लोगों अब सड़क पर उतर कर आंदोलन करने लगे हैं।

नगर परिषद जमालपुर के वार्ड पार्षद राकेश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को आम लोगों ने विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता का पुतला दहन किया शासन प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया। जिले के मुंगेर सदर प्रखंड, जमालपुर सहित अन्य प्रखंड के लोग भी

बिजली कटौती से खासे परेशान हैं। यही हाल मुंगेर नगर और जमालपुर नगरपरिषद क्षेत्र के लोगों का भी है। बिजली रानी की बेवफाई का सबसे अधिक कहर रात में देखनें को मिल रहा है। रात में पांच से सात धंटे तक बिजली गायब रहने से लोग रतजगा करने को विवश हैं। लोग करवटें फेरते फेरते रतजगा करने को मजबूर हैं। बिजली विभाग के अधिकारी लोगों का फोन उठाने भी मुनासिब नहीं समझते हैं।

इधर प्रस्तावित नौवागढ़ी प्रखंड क्षेत्र के नौवागढ़ी दक्षिणी, नौवागढ़ी उतरी, जानकीनगर, तारापुर दियारा, कलारामपुर, इटहरी, पाटम पूर्वी, पाटम पश्चिमी तथा बांक पंचायत में भी इन दिनों बिजली रानी की बेवफाई जारी है। उमस भरी भीषण गर्मी में प्रति दिन आठ से दस धंटे बिजली गुल रही है। दिन तो लोग किसी प्रकार काट लेते हैं, रात में जब बिजली रानी अपनी बेवफाई कहर बरपाने लगती है तो लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। ग्रामीण संजय मंडल, सीता देवी, छात्र राजबीर कुमार सहित अन्य लोग कहते हैं कि मुंगेर लगता है बिजली विभाग पर क्षेत्रीय विधायक और सांसद का कोई नियंत्रण नहीं है। तभी तो बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी मुंगेर में चल रही है। बिजली की समस्या से परेशान नौवागढ़ी क्षेत्र के लोग अब गोलबंद होने लगे हैं। अंदर ही अंदर लोगों में रहनुमाओं के प्रति आग सुलग रही है। लोग अब आंदोलन करने के मूड में नजर आ रहे हैं। शनिवार को नौवागढ़ी निवासी समाजसेवी दीपक कुमार ने डीएम को आवेदन देकर बिजली समस्या से अवगत कराया। रविवार को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शहीद-ए-आजम भगत सिंह चौक नौवागढ़ी के समीप समाजसेवी दीपक कुमार के नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव का पुतला दहन किया गया और सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई।

पालीगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया अभिनन्दन समारोह का आयोजन

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार स्थित स्वामी सह

संक्षिप्त खबरें

समारोह को सफल बनाने के लिए प्रेस वार्ता किया गया

आरा। राष्ट्रीय कुंवर सेना के द्वारा आयोजित पूर्व सांसद भारत के नेल्सन मंडेला आनंद मोहन एवं पूर्व सांसद लवली आनंद जी का दिनांक 7झ9झ2023 को जन संवाद सह सम्मान समारोह है ।समारोह को सफल बनाने के लिए आज रामबाबू सिंह के आवास पर प्रेस वार्ता हुई समारोह को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय कुंवर सेना के निर्मल सिंह सक्रवार,डॉ.रघुवर प्रसाद ,रामबाबू सिंह ,संजय सिंह मुखिया ,मनोज सिंह ,प्रयाग यादव पप्पू यादव, राम सकल सिंह भोजपुरिया, विजय सिंह आदि लोग थे ।प्रेस वार्ता को संबोधित रते हुए निर्मल सिंह सक्रवार ,डॉ.रघुवर प्रसाद, रामबाबू सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव का दौरा का जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जगह-जगह तोरण द्वार, हाथी, ऊंट, घोड़ा, बैंड बाजा ,मोटरसाइकिल एवं विभिन्न वाहनों से व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक होगा उपस्थित लोगों में संजय सिंह मुखिया, लादेन यादव ,पवन सिंह, मनोज सिंह आदि थे।

स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ का मजबूती को लेकर बैठक

करपी (अरवल) स्थानीय प्रखंड स्थित करपी पंचायत भवन में रविवार को स्वच्छता पर्वेक्षकों की बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता पप्पू कुमार ने किया, बैठक में सभी पर्यवेक्षकों ने स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ ने संगठन विस्तार के साथ मजबूती बनाने के लिए और सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ मानदेय को लेकर आपस में चर्चा किया गया , वही पर्यवेक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा बताया गया की सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक अपने अपने पंचायत में उपयोगिता शुल्क अधिक से अधिक संग्रह करें, इस दौरान अध्यक्ष मोहम्मद नासिर मंसूरी, सचिव विकास कुमार, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मणिमला कुमारी, मीडिया प्रभारी पिंटू कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे

छुट्टी कटौती के फरमान को वापस लेः लाल बदन

अरवल। लोक जनशक्ति रामविलास आईटी सेल के जिला अध्यक्ष लाल बदन पासवान राज्य सरकार पर जमकर हमला बोल, उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में छुट्टी कटौती के तकलूकी फरमान को तुष्टिकरण बताया, कहां की नीतीश सरकार ने जन्माष्टमी दुर्गा पूजा छठ पूजा पर छुट्टी कटौती कर बच्चों के साथ अन्याय कर रही है, उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार में जब बच्चे स्कूल जाएंगे नहीं तो शिक्षक पढ़ाएंगे किसको, सरकार से कहा कि छुट्टी के कटौती के आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

गया ।जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी के दिशा निर्देश पर एवं सचिव सुकून कुमार मांझी के देखरेख में राजकीय हिंदी मध्य विद्यालय गेवालबीघा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में पैनल अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विक्टिम प्रतिकार 2014 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी विकाश कुमार प्रधानाध्यापक शकील अहमद, पारा वोलेंटियर जुल्फिकार अंसारी, संतोष ठाकुर, धीरज रौनीयार,सहित भारी संख्या में स्थानीय अभिभावक उपस्थित होकर ध्यानपूर्वक सुना एवं जिला विधिक प्राधिकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे बिहार विक्टिम कंप सेसेशन 2014 के बारे में जानकारी दिया गया है।

शहादत दिवस पर गया से सैकड़ो की संख्या पटना चलेंगे लोगः-विनय

गया ।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आम जनता अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले राजद कार्यालय(पटना) स्थित सभागार में 5 सितंबर 2023 को अमर शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस मनाया जाएगा। सैकड़ों की संख्या में गया जिला से भी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। दलित पिछड़ा एवं 90% कमजोर वर्गो के विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करेंगे ।जगदेव बाबू के शहादत दिवस पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया है ।इस पर परिचर्चा का मुख्य बिंदु है कि आर एस एस एवं भारतीय जनता पार्टी को आखिर चक्रवर्ती सम्राट अशोक से इतनी नफरत क्यों है।

भोजपुर व्यवसायी संघ का गड़हनी में प्रथम व्यवसायी सम्मेलन का हुआ आयोजन

व्यवसाई बंधुओं की समस्याओं के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा भोजपुर व्यवसायी संघ : सुदामा प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर) ।जिले के नगर पंचायत गड़हनी के एक सभागार में भोजपुर जिला व्यवसायी संघ के बैनर तले गड़हनी में प्रथम व्यवसायी संघ सम्मेलन का आयोजन डॉ० अकबर अली के अध्यक्षता व संचालन श्री निवास यादव ने किया ।मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन व्यवसायी संघ के जिला सचिव सह तरारी विधायक कॉ० सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित कर किया गया ।वही कार्यक्रम के शुरूआती दौर में सभी उपस्थित अतिथियों व व्यवसायी को अंग वस्त्र व फूलमाला से स्वागत गड़हनी व्यवसायी संघ के द्वारा किया गया ।वही सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा कि व्यवसायी बंधु एकजुट होकर सारी बाधाओं को पार कर सकते हैं,हम एकजुट रहेंगे तो किसी की हिम्मत नहीं होगी कि कोई अपराधी हम पर उंगली उठा सके । व्यवसायी संगठन से ज्यादा से ज्यादा व्यवसायी बंधुओं को जोड़ कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। आगामी 26 नवंबर को व्यवसायी संघ,भोजपुर का जिला सम्मेलन आरा के नगरी प्रचारणी के सभागार में आयोजित किया जाएगा आप सभी अपनी अपनी कमर कस के जिला स्तर पर व्यवसायी संघ का शक्ति दिखाए की हम एक हैं ।कार्यक्रम का संचालन कर रहे गड़हनी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने सभी उपस्थित अतिथि व दुकानदार को बताया कि संघ द्वारा प्रस्तावित मुद्दा में बाजार पर सीसीटीवी,शौचालय व सुरक्षा समेत विभिन्न मुद्दों को विस्तार से उठाया ।साथ ही कहा कि व्यवसायीयो को जात-पात भूलकर एकजुट होना होगा तब हमारा संगठन मजबूत होगा ।वही वक्ताओं में व्यवसायी संघ के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह,संजय महासेठ, डॉ०अकबर अली,शाहीन रजा,पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ गुड्डु,प्रियांशू मॉल मालिक संतोष गुप्ता,पूर्व सरपंच लव कुमार समेत कई लोगो ने गड़हनी व्यवसायी संघ को मजबूत करने की बात रखी ।मौके पर राजीव केशरी,जज गुप्ता,बमभोला, मो.रमीज,शंकर गुप्ता,मो.इमरान,अविनाश प्रसाद,कौसर अली,प्रमोद गुप्ता सहित गड़हनी के सैकड़ो व्यवसायी मौजूद थे।

डॉ कुमारी रश्मि को 'फॉक्स स्टोरी इंडिया' की ओर से वीमेन फेस ऑफ द ईयर-2023 के टाइटल से सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी को 'फॉक्स स्टोरी इंडिया' की ओर से "वीमेन फेस ऑफ द ईयर-2023" के टाइटल से सम्मानित किया गया है। डॉ रश्मि को यह अवार्ड उनकी साहित्यिक उपलब्धियों एवं संगीत, कला, साहित्य, शिक्षा, धर्म तथा समाज सेवा के क्षेत्रों में निष्ठापूर्वक योगदान देने हेतु प्रदान किया है। विगत वर्ष दिनांक 11 दिसंबर, 2022 को डॉ. रश्मि की तीन हिन्दी काव्य-कृतियों "कविता बसंत बन जाती है", "नये गीत हम गायेंगे" एवं "नव्य मुक्तक माला" का लोकार्पण वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर त्रिवेदी एवं गया शहर के गणमान्य साहित्यकारों की गौरवमय उपस्थिति में शब्दाक्षर काव्यानुष्ठान के साथ सम्पन्न हुआ था, जो गया जिले के साहित्यिक इतिहास में एक अविस्मरणीय अवसर था। डॉ. रश्मि को 'फॉक्स स्टोरी इंडिया' द्वारा "वीमेन फेस ऑफ द ईयर-2023" का टाइटल मूल रूप से 2022 में एक साथ लोकार्पित उनकी त्रय काव्य-कृतियों के लिए प्रदान किया गया है। अवार्ड हेतु चयन की प्रक्रिया विभिन्न चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें देश के विभिन्न भागों से अनेक महिलाओं ने भाग लिया था। "फॉक्स स्टोरी इंडिया" के मार्च 2023 संस्करण के मुखपृष्ठ पर देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में चयनित एवं ख्याति प्राप्त 100 प्रतिभाशाली तथा मेहनती महिलाओं की तस्वीरें प्रकाशित हुई हैं, जिनमें डॉ रश्मि की भी तस्वीर शामिल है। इस पत्रिका में उनकी शैक्षणिक, साहित्यिक तथा सामाजिक उपलब्धियाँ भी प्रकाशित हैं। डॉ रश्मि को फॉक्स स्टोरी इंडिया द्वारा भेजा गया ऑनर बोर्ड कूरियर द्वारा प्राप्त हुआ है। फॉक्स स्टोरी इंडिया भारत का एक प्रसिद्ध समाचार मंच है जो गूगल द्वारा सत्यापित है ।पाठकों द्वारा इसे समाचारों की सीधी और सटीक प्रस्तुति के लिए जाना जाता है ।डॉ रश्मि ने बतलाया कि 10 सितंबर, 2023 को उनके चतुर्थ काव्य-संग्रह "उस पार क्षितिज के जाना है"(2023) का लोकार्पण होने जा रहा है। लोकार्पण सत्र के उपरांत आगामी हिंदी दिवस के तत्वावधान में शब्दाक्षर बिहार का प्रादेशिक काव्यानुष्ठान भी आयोजित होगा, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से कवि,कवयित्रियों का आगमन होने जा रहा है। प्रिंसेप्स पब्लिशिंग से प्रकाशित अपने चतुर्थ काव्य संग्रह "उस पार क्षितिज के जाना है" के बारे में डॉ रश्मि ने बताया कि इस संकलन में शामिल अधिकतर कविताएँ मनुष्य को नव आशा तथा नूतन स्वप्नों के साथ अपने लक्ष्य की ओर अनवरत रूप से आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देती हैं। क्षितिज के उस पार जाने की अभिलाषा स्वतंत्र रूप से मनोवांछित सफलता पाने एवं अज्ञात सत्य को जानने की उत्कट ललक का भी प्रतीक है। पाठक इस काव्य-संग्रह में सफलता, असफलता, मिलन, विरह, सुख तथा दुःख की घड़ियों में मानव हृदय में उठने वाली भावनाओं का सुंदर काव्यांकन पा सकेंगे।

जिला परिषद बैठक में गया जिला को सुखाड़ श्रेत्र घोषित करे : पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जिला परिषद गया की स्मान्य बैठक में पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार भी मौजूद रहे हू। इस बैठक के दौरान विधायक ने कहा कि गया जिले के सभी प्रखंडों में सुखाड़ की स्थति उत्पन्न हो गई है ।समय से कम वर्षा होने के कारण जो धान की रोपनी की गई है ।अधिकांशतः धान का बिचड़ा पानी के आभाव में तेजी से सुख रहा है और जमीन में दरार भी हो रहे हैं ।सभी चापाकाल बंद पड़े हैं। जिससे लोगों को पीने की पानी का भी समस्या उत्पन्न हो रही है ।आवश्यकतानुसार बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बिजली कुछ घंटे मिलने के बावजूद भी कम वोल्टेज के कारण सिंचाई एवं पीने के पानी का भी संकट आ गए हैं। किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का समय पर न होना। बारिश न होना ये कृषि के लिए खतरे की घंटी है ।पूरी दुनिया पर जलवायु परिवर्तन का असर दिख रहा है। विधायक ने अपने प्रस्ताव में कहा की गया जिले को सुखाड़ ग्रस्त घोषित किया जाए। जिसे जिला परिषद के अध्यक्ष नैना देवी, उपाध्यक्ष शीतल यादव सहित सभी जिला परिषद सदस्यों के द्वारा एवं प्रखंड प्रमुखों के द्वारा ध्वनिमत से किया गया ।इस प्रस्ताव को राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि आज की बैठक में 29 विभाग के अधिकारियों को शामिल होना था लेकिन मात्र आधे विभागों के अधिकारी की उपस्तिथि हुई ,जो की लोकतंत्र के लिए चिंता की विषय है। इसके साथ ही साथ विभिन्न योजनाओं को पूरा होने के बावजूद भुगतान नहीं होना,विकास को बाधित करना है ।जिला परिषद के सदस्यों ने

कहा की अभियंताओं के कमी से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने के बावजूद विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इससे गया जिला विकास के दौर में पिछड़ रहा है। मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं की जिला परिषद के बैठक में 29 विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो , एवं अभियंताओं के रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरें जाए। जिससे विकास की गति तेज हो सके एवं गया जिले को सुखाड़ ग्रस्त घोषित किया जाए ।बंद चापाकालों को चालू किया जाए वा किसानों के लिए आकस्मिक फसलों की व्यवस्था कराई जाए।

गायत्री परिवार के जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

प्रात : किरण संवाददाता

गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार , गया के द्वारा शांतिकुंज , हरिद्वार के तत्वाधान में चलाए जा रहे आठवें आंदोलन आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के तहत सृजन सेनानियों को तैयार करने के लिए गया उपजोन द्वारा बिहार के पांच ज़िला के प्रभारी डॉ. शैलेंद्र कुमार के सौजन्य से कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया और चलाए जा रहे गतिविधियों से अवगत करवाया गया है ।इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉट्ट शैलेंद्र कुमार ने कहा की आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम विश्व स्तर पर चलाया जा रहा है जिसमें हमलोग भावी संतान आए वह योग्य हो , कुशल हो , प्रतिभाशाली हो और आज्ञाकारी हो।

वह शारीरिक , मानसिक , सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से उन्नत हो। वह विकास की ओर अग्रसर हो और समाज राष्ट्रहित में सोचे। वह अपने निजी स्वार्थ के नहीं बल्कि समाज के लिए देश लिए और राष्ट्र के लिए समर्पित हो । ऐसा महामानव हमलोग अपने पीढ़ी को आगे लाने के लिए प्रयासरत हैं इसके लिए आध्यात्मिक कृत्य के माध्यम से व संस्कार के माध्यम से हमलोग माताओं को यह संदेश देते हैं की माता अपने गर्भ में जो आपका बच्चा आया है वो उसी के अंदर आकर 80% विकास और आपका जैसा विचार रहेगा , जैसा चिंतन रहेगा , जैसा आपकी भावना रहेगी , जैसा आपका घर का वातावरण होगा उसी के अनुरूप वो बच्चा ढलता चला जाता है। वो आपकी बातों को सुनता है । माता खुश होती है तो उनका गर्व में पल रहे बच्चा भी खुश होता है। उस स्थिति में मां अगर तनाव में रहती हैं तो उनका बच्चा भी तनाव में रहता है। इसलिए बचपन से ही हमलोग माताओं को अच्छे दिनचर्या व आदर्श दिनचर्या करने के लिए बताते हैं । स्वच्छ आहार , संतुलित आहार और सुसंस्कारी आहार लेने के लिए बताते हैं । माताएं अपने गर्व में पल रहे बच्चे से बात करें , उन्हें अच्छी - अच्छी संदेश सुनाएं , कहानियां सुनाएं , संगीत आदि सुनाएं। उसी से अच्छा संस्कार आता है। इस कार्यक्रम में पांच जिला के लगभग 350 कार्यकर्तागण की उपस्थिति रही है।

विकास मित्र द्वारा किए गए कार्यो का विधायक ने की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।पूर्व मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के अध्यक्षता में चंदौती नगर प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई है ।संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने किया है ।इस बैठक में 46 वार्डो के विकास मित्र मौजूद रहे हैं। विधायक ने विकास मित्र द्वारा किए गए कार्यों और आगामी किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की साथ ही ,विधायक ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाए साथ ही कार्यो में तेजी लाने और कैसे कार्यो में तेजी आएगी ।उसको लेकर भी चर्चा हुई है। विधायक ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं आयुष्मान भारत योजना, पी० एम० उज्वला योजना, पी० एम० किसान सम्मान निधि योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना,नई राशन कार्ड,पेंशन ,हेल्थ कार्ड सहित विकास की विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा हुई है। विधायक ने गरीब एवं वंचित लोगों की चिंता करते हुए कहा की समाज के अंतिम पायदान पर बैठे गरीब लोगों को भी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए विकास मित्र को दिशा निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक माह विकास कार्यो की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया है ।26 रिक्त विकाश मित्र के पदों पर अविलंब बहाल करने और पेंशन राशि में वृद्धि के लिए राज्य सरकार से मांग किया ।केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं के कार्यनवान हेतु सभी वार्डो में कैंप लगाकर लाभुकों को सहायता प्रदान की जाए। विधायक ने कहा की आज के समय में जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा कम और समय पर नहीं हो पा रही है। जिससे मगध प्रमंडल के सभी प्रखंड सुखाड़ के चपेट में है। स्वच्छ भारत अभियान की चर्चा करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री के द्वारा गांव एवं शहरों में 10 करोड़ से अधिक शौचालय का निर्माण कराकर गरीबों को सम्मान देने का काम किया और लोगों से अपील की पर्यावरण स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाकर एक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें ।इस बैठक बाद नगर प्रखंड परिसर में पर्यावरण को संतुलित करने हेतु वृक्षारोपण किया गया है।

इस मौके पर देवानंद पासवान, धीरज रौनीयार,सुरेंद्र यादव,मनोज चंद्रवंशी,अमित लोहनी,शिवा मांझी, डब्लू कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

भारतीय सूढी उत्थान संगठन की साप्ताहिक बैठक चुटकिया बाजार में आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। चुटकिया बाजार सूढ़ी धर्मशाला में भारतीय सूढी उत्थान संगठन की साप्ताहिक बैठक चुटकिया निवासी मनोज जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उस अवसर पर स्थायी अध्यक्ष विनोद शौंडिक एवं महासचिव दिलीप कुमार,कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद के साथ साथ संरक्षक डॉ अविनाश प्रसाद मौजूद रहे। बैठक में निम्नलिखित वक्ताओं ने बहुत ही जोर शोर से अभिवादन करते हुए सूढी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में लाने के लिए एकजुटता के साथ तन मन धन से सहयोग का आश्वासन दिए । सैंकड़ों उपस्थित लोगों ने यह संकल्प दोहराया कि हम स्वयं सपरिवार एवं बंधुओं के साथ एक विशाल बैठक का आयोजन करते हुए यह नारा लगाएंगे कि "सूढी जाति के 7.5 प्रतिशत आबादी एकजुट होकर उन्ही को मत देंगे जो सूढी जाति को अति पिछड़ा में लाने का संकल्प के साथ वादा करेंगे ।" संरक्षक डॉ अविनाश प्रसाद ने कहा स्वजातीय उत्थान के लिए शिक्षा, चिकित्सा,न्याय व्यवस्था, खेलकूद , व्यवसाय,नगर निगम से संबंधित सभी कार्य में सहयोग अपेक्षित है। अपने समाज के लोगों को वेटरनरी जानवर के मुक्त इलाज करने की बात कही और आगे बताया की लोगो को समाज को ज्यादा से ज्यादा मदद करने होंगे। ताकि हमारा समाज आगे की ओर बढ़े। महासचिव दिलीप कुमार ने कहा कि पूरे भारत में सूढी जाति के उच्चतम कोटि के हर क्षेत्र में चिकित्सक हैं , उनसे जो भी सहयोग हो सकेगा हम दिलाएंगे। ताकि समाज के लोगों के लिए मेडिकल सुविधा कम पैसों में इलाज हो सकें।

बना इंसान को तो इंसान जरूरी है" इसके साथ ही पूरे बिहार में जन आंदोलन करना होगा। और कमजोर वर्ग के लोगों को शिक्षा बेरोजगारी पर ज्यादा जोर देना होगा। साथ ही राशन कार्ड ,स्मार्ट कार्ड वोटर कार्ड,म्यूटेशन,प्रशासन संबंधी कार्य चाहे थाना, अनुमंडल या जिला स्तर का ,उसमे हर संभव सहयोग करने की बात कही। कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने कहा कि धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। सारे सूढी लोग एकजुट हैं, सभी ने वादा किया की अर्थ के साथ तन मन धन से भी इसमें लग जाएंगे । उपस्थित जन समुदाय में महिला सदस्या भी उपस्थित रहीं। नारा लगाते हुए चुटकियां बाजार से मालसलामी थाना तक गए। नारा था "सुनो सरकार !सूढी जाति को अति पिछड़ा में लाना ही होगा " "7.5 प्रतिशत आबादी हम अपनी अवहेलना बर्दाश्त नहीं करेंगे ""मुझे छूत समझा जाता था मेरा व्यवसाय छिन गया हम सामाजिक रूप से पिछड़े चले गए , यह हमारा हक है, हम हक लेकर रहेंगे। इस बैठक में आए हुए समाज के दानापुर से सुजीत कुमार, चुटकिया बाजार नगला से महावीर प्रसाद , सुमन कुमार , संतोष कुमार , सैकड़ो लोगों ने इस सभा को में हिस्सा लिए और सभी समाज को अति पिछड़ा में लाने के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है जय सुढी समाज जय बिहार।

सम्राट चौधरी का मगध की धरती पर होगा स्वागत : जीवन कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।भाजपा गया जिला का एक दिवसीय बैठक जिला कार्यालय मे संम्पन हुई इस बैठक मे सोशल मिडिया कार्यशाला भी आयोजित हुई है इस बैठक मे संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने सत्र को सम्बोधित किया है। उसके बाद बिहार विधान परिसद सदस्य जीवन कुमार ने भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों को सम्बोधित करते हुए कहा की 12 सितम्बर को बिहार के यसस्वी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का आगमन मगध की धरती पर होने जा रहा है। इस कार्यक्रम मे हजारों के संख्या मे पुरे गया जिला से लोग सम्राट चौधरी को सुनने आएंगे सम्राट चौधरी देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमो के बारे मे जानकारी देंगे और 2024 के रणनीति पर विशेष चर्चा होगी जीवन कुमार ने कहा की सम्राट चौधरी का स्वागत मगध की धरती कर अद्भुत एवं भव्य होगा शिक्षको की छुट्टी मे कटौती पर जीवन कुमार खूब गरजे और कहा की इस छुट्टी कटोति सरकार के लिए महगा पड़ेगा ।वही विधान परिसद जीवन कुमार को किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल रंजन यादव ने पुष्पगुछ दे कर स्वागत किया वही संगठन को मजबूत एवं सम्राट चौधरी के आगमन पर जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने भी अपने विचार रखे हैं ।इस कार्यक्रम मे गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, श्यामदेव पासवान, संतोष सिंह धीरज रौनीयार सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

एक देश एक चुनाव : सत्ता पक्ष ने बताया सही तो विपक्ष ने कहा, संसदीय लोकतंत्र के लिए घातक

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । देश की राजनीति में इन दिनों एक देश एक चुनाव का मुद्दा छाया हुआ है जिसे लेकर राजनीतिक पार्टियों में मतभेद देखने को मिल रहा है। सत्ता पक्ष जहां एक देश एक चुनाव के पक्ष में है तो वहीं विपक्षी राजनीतिक पार्टियां इसका व्यापक स्तर पर विरोध करती दिख रही है। एक देश एक चुनाव का विरोध करते हुए युवा राजद के जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने कहा कि यह विचार देश के संघीय ढांचे के विपरीत है और संसदीय लोकतंत्र के लिये घातक कदम होगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने पर कुछ विधानसभाओं के मर्जी के खिलाफ उनके कार्यकाल को बढ़ाया या घटाया जायेगा जिससे राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव का अर्थ लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाया जाना है। अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभा का चुनाव एकसाथ होता है तो राष्ट्रीय मुद्दों के सामने क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जायेंगे। क्षेत्रीय मुद्दों के सामने राष्ट्रीय मुद्दे अपना अस्तित्व खो देंगे। श्री यादव ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव का स्वरूप और मुद्दे बिल्कुल अलग होते हैं। लोकसभा के चुनाव जहां राष्ट्रीय सरकार के गठन के लिये होते हैं, वहीं विधानसभा के चुनाव राज्य सरकार का गठन करने के लिये होते हैं। इसलिए लोकसभा में जहां राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों को प्रमुखता दी जाती है, तो वहीं विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय महत्त्व के मुद्दे आगे रहते हैं। अतः एक देश एक चुनाव देश में बिल्कुल भी प्रासंगिक नहीं हो सकता है। वहीं जदयू के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को जनता का शासन कहा जाता है। देश में संसदीय प्रणाली होने के नाते अलग-अलग समय पर चुनाव होते रहते हैं और जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति लगातार जवाबदेह बने रहना पड़ता है। इसके अलावा कोई भी पार्टी या नेता एक चुनाव जीतने के बाद निरंकुश होकर काम नहीं कर सकता क्योंकि उसे छोटे-छोटे अंतरालों पर किसी न किसी चुनाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक देश एक चुनाव संबंधी केंद्र सरकार का यह कदम बिल्कुल भी तार्किक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत जनसंख्या के मामले में विश्व का सबसे बड़ा देश है। लिहाजा बड़ी आबादी और आधारभूत संरचना के अभाव में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराना कहीं से भी तार्किक प्रतीत नहीं होता। वहीं भाजपा नेता राजेश कुमार यादव ने कहा कि लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते है जिस वजह से पूरे साल देश में चुनावों का मौसम चलता रहता है। लेकिन लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव अलग अलग समय पर होने से चुनाव प्रक्रियों में काफी पैसा खर्च होता है जिसका सीधा असर देश की अर्थवस्था पर पड़ता है। जिस वजह से एक देश एक चुनाव बहुत ही जरूरी है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/बड़हरा कोठी । प्रखंड के औराही पंचायत में संचालित योजनाओं का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी कैलाशपति मिश्र द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में औराही पहुंचे बीडीओ के काफिले में पंचायत सचिव, आवास सहायक सहित प्रखंड के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। औराही पहुंचे बीडीओ द्वारा अमृत सरोवर में हुए सौंदर्यीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मनरेगा के तहत हुए भिन्न भिन्न कार्यो का निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से भी मुलाकात कर योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में जानकरीं प्राप्त किया गया ।इस दौरान बीडीओ द्वारा राशि का उठाव कर अबतक तक आवास निर्माण शुरू नही करनेवाले लाभुकों से मुलाकात कर अतिशीघ्र आवास निर्माण शुरू करने का अनुरोध किया गया।

उन्होंने कहा कि राशि का उठाव कर आवास का निर्माण शुरू नही वाले लाभुकों के विरुद्ध करवाई किया जाएगा। योजनाओं के निरीक्षण के बाद बीडीओ ने पंचायत के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त ने बीडीओ के सामने पंचायत भवन से पंचायत स्तरीय कर्मियों की लागातार अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। जिसपर बीडीओ ने डाटा ऑपरेटर सहित अन्य कर्मियों को फटकार लगाते हुए पंचायत भवन में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पंचायत के मुखिया, सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्य से कहा कि आप तीनो में से कोई प्रतिनिधि माह के अंतिम तारीख को अबसेंटी भेज दें अनुपस्थित कर्मियों के वेतन में कटौती किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि योजना के संचालन में परेशानी या योजना के कार्यान्वयन में कोताही बरते जाने पर मुझे सूचित करें हरसंभव उपाय किया जाएगा। समीक्षा बैठक के मौके पर पंचायत के मुखियापति सह पूर्व मुखिया कन्तलाल ऋषिदेव, सरपंच कृष्णदेव पासवान, पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त, उपमुखिया तपेश कुमार पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड कर्मी तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पूर्णिया युवा मोर्चा अध्यक्ष बने अनुज कुमार

पूर्णिया । अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कोढा विधायक पवन कुमार जायसवाल द्वारा पूर्णिया जिला निवासी अनुज कुमार को वैश्य महासम्मेलन का पूर्णिया युवा मोर्चा अध्यक्ष के रुप में मनोनीत किया गया है। अनुज कुमार की समाज के प्रति सक्रियता और विभिन्न समुदायों के बीच उनकी बेहतर लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने अनुज कुमार से संगठन के प्रति बेहतर कार्य करने व मोर्चा को संगठित कर समाज के मुख्य धारा से और अधिक से अधिक जुड़ने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा

कम हुआ रूस से कच्चा तेल आयात

नई दिल्ली। भारत की ओर से रूस से आयात किए जाने वाले कच्च तेल में अगस्त में गिरावट देखने को मिली है और यह सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। आयात में कमी के पीछे का कारण मानसून के कारण मांग में आई नरमी को माना जा रहा है।एनर्जी कार्गो टैकर कंपनी वोर्टेक्सा की ओर से जारी किए आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में रूस से प्रतिदिन 14.6 लाख बैरल की खरीद हुई है।

कंपनी ने दिया है निशुल्क आवास तो अब बचेगी ज्यादा सैलरी

नई दिल्ली। अगर आप कर्मचारी है और कंपनी की ओर से आपको निशुल्क आवास मिला हुआ है तो अब आप ज्यादा टैक्स बचा पाएंगे और पहले से मुकाबले अधिक सैलरी अपने घर ले जा सकेंगे। हाल ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से कर्मचारियों को दिए जाने वाले निशुल्क आवास से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया है।

इस हफ्ते शेयर बाजार में आएगी बड़ी गिरावट या उछलेगा मार्केट

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते हफ्ते स्थानीय शेयर बाजारों में पांच हफ्तों की गिरावट का सिलसिला थमा था। शुक्रवार को बाजार ने अच्छी बढ़त दर्ज की थी। बीते हफ्ते बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 500.65 अंक या 0.77 फीसदी की बढ़त में रहा। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 169.5 अंक या 0.87 फीसदी के लाभ में रहा। इस हफ्ते वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, वैश्विक मोर्चे पर चीन के रियल एस्टेट बाजार में समस्या, डॉलर सूचकांक में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी बॉन्ड पर यील्ड पूरे सप्ताह बाजार को आकार देने में भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा एसएंडपी का ग्लोबल सर्विस पीएमआई, अमेरिका के बेरोजगारी के आंकड़े और फेडरल रिजर्व के मौद्रिक रुख पर आउटलुक बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सर्विस सेक्टर के लिए पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) आंकड़े मंगलवार को आएंगे।

ये आंकड़े अहम : मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, वृहद मोर्चे पर कुछ प्रमुख कारक जो आने वाले दिनों में बाजार को दिशा देंगे, वे हैं... एसएंडपी ग्लोबल सर्विस पीएमआई, यूरो जोन का एसएंडपी ग्लोबल कम्पोजिट पीएमआई, ब्रिटेन का सर्विस पीएमआई, यूरो जोन के दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े, अमेरिका के फैक्ट्री ऑर्डर के आंकड़े और कच्चे तेल के दाम।

वैश्विक रुख से दिशा लेगा बाजार

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि किसी प्रमुख संकेतक के अभाव में घरेलू बाजार वैश्विक रुख से दिशा लेगा। इनमें अमेरिका के पेरोल और पीएमआई आंकड़े शामिल हैं। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर भी बाजार की दिशा तय करेगी।

विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजारों में दिख रही उम्मीद

कोटक सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, पिछले महीने सुस्त से नकारात्मक धारणा के बाद विदेशी निवेशक एक बार फिर भारतीय बाजारों की ओर नई उम्मीद से देख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से उबरकर ज्यादातर आर्थिक मोर्चों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सत्रों में विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। हाल के आंकड़े मसलन पहली तिमाही का मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आंकड़ा, अगस्त माह का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और पिछले महीने के बेहतर पीएमआई आंकड़ों की वजह से स्थानीय बाजारों के प्रति उनका भरोसा बढ़ सकता है।

आर्थिक मोर्चे पर अगस्त महीने में मोदी सरकार की बल्ले-बल्ले, जीडीपी से लेकर यूपीआई ट्रांजेक्शन तक कई सेक्टरों में दर्ज की गई बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से अगस्त का महीना बेहद शानदार रहा है। अगस्त महीना भारत सरकार के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। पिछले महीने में जीडीपी से लेकर जीएसटी तक, कार बिक्री से लेकर बैंक क्रेडिट तक, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई से लेकर यूपीआई ट्रांजेक्शन तक, बिजली खपत से लेकर एविएशन फ्यूल तक और कोयला उत्पादन से लेकर रेलवे माल ढुलाई में तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, महंगाई के मोर्चे पर भी सरकार को थोड़ी राहत मिली है। जुलाई के महीने में टमाटर और हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे। टमाटर 250 रुपये प्रति किलो के भाव से ऊपर पहुंच गया था। अब टमाटर और हरी सब्जियों के दामों में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है।

चार तिमाहियों के उच्चतम पर पहुंची जीडीपी

एनएसओ ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले क्वार्टर के जीडीपी के आंकड़े जारी किये। एनएसओ के आंकड़े के मुताबिक, अप्रैल से जून के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। एनएसओ ने बताया, कृषि और सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.8 प्रतिशत रही है। यह पिछली चार तिमाहियों में सबसे ऊंची वृद्धि दर है। इसके साथ ही भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश बना हुआ है। चीन की जीडीपी वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही में 6.3 प्रतिशत रही है।

जीएसटी कलेक्शन में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी

अगस्त महीने में जीएसटी कलेक्शन 1.59 लाख करोड़ के पार रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त महीने के दौरान जीएसटी कलेक्शन में सालाना आधार पर 11 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और आंकड़ा 1.59 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। यह आंकड़ा साल भर पहले यानी अगस्त 2022 की तुलना में 11 फीसदी ज्यादा है। भारत में विनिर्माण गतिविधियों ने अगस्त में गति पकड़ी है। एक सर्वे के मुताबिक अगस्त में विनिर्माण क्षेत्र के पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई का आंकड़ा 58.6 पर रहा है। पिछले महीने यानी जुलाई में मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई का आंकड़ा 57.7 पर रहा था। अच्छी खबर ये है कि पिछले तीन महीने का उच्च स्तर है। जून में मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई का आंकड़ा 57.8 पर रहा था वहीं मई में भी मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई डेटा अच्छी तेजी के साथ 57.8 पर रहा था।

यूपीआई ट्रांजेक्शन 10 अरब के पार

अगस्त में यूपीआई ट्रांजेक्शन में एक नया रिकॉर्ड बन गया। अगस्त में कुल 10.58 अरब यूपीआई लेन-देन हुआ। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यूपीआई का इस्तेमाल मोबाइल फोन के जरिए पैसे के तत्काल लेनदेन के लिए किया जाता है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में अब 57 फीसदी ट्रांजेक्शन यूपीआई के जरिए किया जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त के महीने में यूपीआई ट्रांजेक्शन का आंकड़ा 10.58 अरब हो गया है। इस दौरान करीब 15,18,456.4 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। वहीं, जुलाई में यूपीआई से 9.96 अरब ट्रांजेक्शन हुए थे। वहीं जून में 9.33 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए।

इन सेक्टर में दर्ज की गई बढोतरी

इन सबके अलावा, ऑटोमोबाइल्स सेल्स, रेलवे माल ढुलाई, कोयला उत्पादन, बिजली खपत, बैंक क्रेडिट और एविएशन टरबाइन फ्यूल में भी बढ़ीतरी दर्ज की गई। एक डेटा के मुताबिक, अगस्त में 3,60,897 कारों की बिक्री हुई है। बिजली खपत 152 बिलियन यूनिट्स के पार चली गई है। कोयला उत्पादन 67.65 मीट्रिक टन रहा। रेल के जरिए माल ढुलाई 126.9 मीट्रिक टन हुई है। बैंक क्रेडिट में 19.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा एविएशन टरबाइन फ्यूल की बिक्री में भी 9.5 फीसदी तक वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर सरकार के लिए अगस्त का महीना राहत लेकर आया है।

रेटिंग एजेंसियों ने बढ़ाया जीडीपी का अनुमान

पहली तिमाही के आंकड़े सामने आने के बाद कई रेटिंग एजेंसियों ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ा दिया है। नोमुरा ने 2023-24 के ग्रोथ अनुमान को पहले के 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 5.9 फीसदी कर दिया है। डॉयचे बैंक ने भी भारत के लिए अपने पूरे साल के ग्रोथ अनुमान को 20 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 6.2 फीसदी कर दिया, जबकि मॉर्गन स्टेनली ने भी अपने जीडीपी ग्रोथ अनुमान बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। मूडीज की तरफ से भी देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया गया है। रेटिंग एजेंसी ने 2023 के लिए इंडियन इकोनॉमी की विकास दर 6.7 प्रतशित रहने का अनुमान जताया है

1 हफ्ते में रिलायंस को हुआ 38,495 करोड़ का नुकसान, एयरटेल और एसबीआई को भी घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी। सेंसेक्स की टॉप-10 में से 7 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह कुल 62,279.74 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन घट गया। वहीं, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत में बढ़ोतरी हुई।

बीते हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 38,495.79 करोड़ रुपये के नुकसान से 16,32,577.99 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 14,649.7 करोड़ रुपये घटकर 5,88,572.61 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल का 4,194.49 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 4,84,267.42 करोड़ रुपये रह गया।

आईटीसी की बाजार हैसियत 3,037.83 करोड़ रुपये घटकर 5,50,214.07 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक की 898.8 करोड़ रुपये के नुकसान से 6,78,368.37 करोड़ रुपये रह गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 512.27 करोड़ रुपये घटकर 12,36,466.64 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई की बाजार हैसियत में 490.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,08,435.14 करोड़ रुपये रह गई।

इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,917.11 करोड़ रुपये के उछाल से 11,92,752.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 9,338.31 करोड़ रुपये के उछाल से 5,98,917.39 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 6,562.1 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,43,350.96 करोड़ रुपये रहा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 500.65 अंक या 0.77 प्रतिशत की बढ़त में रहा। टॉप-10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

जनवरी-मार्च में छत पर सौर क्षमता स्थापना 3.2% बढ़कर 872 मेगावाट हुई: मेरकॉम

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में छत पर सौर क्षमता (रूफटॉप सोलर) स्थापना चालू कैलेंडर साल के पहले छह माह (जनवरी-जून) के दौरान 3.2 प्रतिशत बढ़कर 872 मेगावाट (मेगावाट) हो गई है। मेरकॉम इंडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले साल यानी 2022 की पहली छमाही में देश में छत पर 845 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई थी। 'मेरकॉम इंडिया रूफटॉप सोलर मार्केट रिपोर्ट में कहा गया है कि जून, 2023 के अंत तक भारत में छतों पर स्थापित कुल सौर क्षमता 9.6 गीगावाट (जीडब्ल्यू) पर पहुंच गई है। मेरकॉम कैपिटल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राज प्रभु ने कहा, ''कलपुर्जों की कीमतें घटने और बढ़ती मांग के बावजूद पहली छमाही में छत पर सौर क्षमता स्थापना उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है। हम दूसरी छमाही में काफी मजबूत स्थिति देख रहे हैं क्योंकि बेहतर मार्जिन की चाहत रखने वाले सौर स्थापना में तेजी ला रहे हैं और मांग को अधिक तेजी से पूरा कर रहे हैं। मेरकॉम ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में क्षमता वृद्धि में आवासीय उपभोक्ताओं का 54 प्रतिशत, औद्योगिक उपभोक्ताओं का 25 प्रतिशत और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। औद्योगिक क्षेत्र की बात की जाए, तो मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल्स, रसायन, रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी), वाहन और वाहन कलपुर्जा क्षेत्रों की इकाइयों ने छतों पर सौर क्षमता की स्थापना की। छतों पर कुल सौर क्षमता स्थापना में गुजरात सबसे आगे था।

30 से 900 के पार पहुंचा सोलर कंपनी का भाव

3 साल में निवेशकों को 3000 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी। सोलर पॉवर प्रोडक्शन से जुड़ी एक कंपनी ने पिछले 3 साल में इनवेस्टर्स को मालामाल कर दिया है। यह स्मॉल-कैप कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी लिमिटेड है। बता दें कि कंपनी के शेयर 29 अगस्त को इंट्राडे ट्रेड के दौरान 953.80 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। जबकि कंपनी के शेयर 31 अगस्त, 2020 को बीएसइ इंडेक्स पर 30.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। इस दौरान निवेशकों को कुल 3,042.66 पर्सेंट का फायदा हुआ। हालांकि, हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2.42 पर्सेंट की गिरावट के साथ 874 रुपये पर बंद हुए। बता दें कि कंपनी का टोटल मार्केट कैप 3,158.11 करोड़ रुपये है। जबकि कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 953.80 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर 345 रुपये है। दूसरी ओर यह भी बता दें कि केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में साल 2023 में 93.39 पर्सेंट की बढ़ोतरी हुई है। जबकि कंपनी के शेयर पिछले 1 साल में 89.53 पर्सेंट चढ़ गए हैं। केपीआई ग्रीन एनर्जी को जून, 2023 तिमाही में 190.6 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल हुआ। जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का कुल रेवेन्यू 122.8 करोड़ रुपये था। दूसरी ओर पिछले साल की तुलना में इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 22.2 करोड़ रुपये से बढ़कर 33.3 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष में कंपनी का नेट प्रॉफिट बढ़कर 109.6 करोड़ रुपये पहुंच गया जो पिछले साल 43.2 करोड़ रुपये था। केपीआई ग्रीन एनर्जी एक सोलर पॉवर प्रोडक्शन कंपनी है जो %सोलरिज्म% ब्रांड नाम के तहत एक स्वतंत्र बिजली उत्पादक और कैप्टिव पावर प्रोड्यूसर के रूप में ग्राहकों को सर्विस प्रोवाइड करती है। इसके तहत कंपनी सौर उर्जा संयंत्रों का विकास, निमार्ण, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव करती है।

रिलायंस के बाद कोटक ग्रुप में पीढ़ी परिवर्तन

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े कर्जदाता कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर, सीईओ व एमडी उदय कोटक ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 को खत्म हो रहा था। उनकी जगह बैंक के जॉइंट एमडी दीपक गुप्ता अस्थायी सीईओ-एमडीहोंगे। कोटक के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लिखा, 1985 में नौजवान उदय मेरे पास निवेश का प्रस्ताव लेकर आए थे।

रेलवे की दमदार कंपनी को मिला 322 करोड़ रुपये का काम, शेयरों की मची लूट, 6 महीने में पैसा हुआ डबल

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते एक साल के दौरान जिन कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है उसमें रेल विकास निगम भी एक है। कंपनी के पोजीशनल निवेशकों को पिछले 6 महीने के दौरान 100 प्रतिशत से अधिक का लाभ हो चुका है। अब कंपनी को 3 अरब रुपये से अधिक का काम मिला है। आइए रेल विकास निगम के शेयर प्रदर्शन से लेकर इस नए वर्क ऑर्डर तक जान लेते हैं -

क्या काम मिला है

2 सितंबर 2023 को शेयर बाजारों को दी जानकारी में रेल विकास निगम ने बताया कि मध्य गुजरात विज कंपनी लिमिटेड की तरफ से 3,22,08,79,834 रुपये का वर्क ऑर्डर मिला है। रेलवे के इस कंपनी को 31 महीने के अंदर ही काम को पूरा करना है। बता दें, शुक्रवार को रेलवे विकास निगम के शेयरों में तेजी देखने को मिली थी। शुक्रवार को रेल विकास निगम के शेयर का भाव बीएसई में 5.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 138.25 रुपये के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ था। बीते एक महीने के दौरान रेल विकास निगम के शेयरों की कीमतों में 12 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने पहले इस स्टॉक को खरीद कर होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक होल्ड करने पर 110 प्रतिशत का लाभ हो चुका है।

रेल विकास निगम के पोजीशनल शेयर होल्डर्स के लिए शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 300 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। रेलवे का स्टॉक बीते एक साल के दौरान बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। निवेशकों के लिए अच्छी बात यह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी है।

300 रुपये महीने में की नौकरी, लोग उड़ाते थे मजाक, फिर खड़ी कर दी जेट एयरवेज

- आर्थिक तंगी से परेशान नरेश गोयल साल 1967 में आए थे दिल्ली
- एरलाइन कंपनी जैसा रखा था ट्रैवल एजेंसी का नाम

नई दिल्ली, एजेंसी। समय किसी को भी कैसे भी दिन दिखा सकता है। जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल इस समय ईडी की गिरफ्त में हैं। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने आरोप लगाया कि बैंकों ने जेट एयरवेज को जो 6000 करोड़ का लोन दिया था, उसका बड़ा हिस्सा गलत रूप से इस्तेमाल हुआ है। नरेश गोयल के फर्श से अर्श और अर्श से फर्श तक पहुंचने की कहानी शुरू तब हुई जब वे 18 साल की उम्र में बिल्कुल खाली हाथ दिल्ली पहुंचे थे। बात साल 1967 की है। पटियाला में गोयल का परिवार गंभीर आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। दो वक्त की रोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। गोयल अपने परिवार की आर्थिक तंगी खत्म करना चाहते थे। जब उन्होंने हाथ-पैर मारे तो एक के बाद एक सफलता मिलती चली गई।

नरेश गोयल साल 1967 में दिल्ली आए थे। उस समय उन्होंने कनॉट प्लेस की एक ट्रैवल एजेंसी में नौकरी की। यह एजेंसी उनके चचेरे नाना चला रहे थे। गोयल को यहां 300 रुपये महीने मिलते थे। धीरे-धीरे वे ट्रैवल इंडस्ट्री में अपने पांव पसारने लगे। उनके काफी सारे दोस्त भी बन गए थे। ये दोस्त खासकर जॉर्डन, खाड़ी और दक्षिण पूर्व एशिया आदि में विदेशी एयरलाइंस से थे। गोयल एविएशन सेक्टर का व्यापार समझने लगे। कुछ ही समय में उन्होंने इस बिजनस की बारीकियां समझ लीं। प्लेन लीज पर लेने से लेकर टिकट तक सब उन्हें समझ आ गया।

नौकरी छोड़ शुरू किया अपना काम

गोयल ने साल 1973 में खुद की ट्रैवल एजेंसी खोल ली। इसे उन्होंने जेट एयर नाम दिया। जब गोयल पेपर टिकट लेने एयरलाइन कंपनियों के ऑफिस जाया करते तो वहां लोग उनका यह कहकर मजाक उड़ाते कि अपनी ट्रैवल एजेंसी का नाम एयरलाइन कंपनी जैसा रखा है। उस समय गोयल कहा करते थे कि एक दिन वह खुद की एयरलाइन कंपनी भी जरूर खोलेंगे।

साल 1991 में गोयल का एयरलाइन खोलने का सपना पूरा हुआ। उन्होंने एयर टेक्सी के रूप में जेट एयरवेज की शुरुआत की। उस समय भारत में संगठित तरीके से प्राइवेट एयरलाइंस के संचालन की अनुमति नहीं थी। एक साल बाद उनकी जेट ने चार जहाजों का एक बेड़ा बना लिया और जेट एयरक्राफ्ट की पहली उड़ान शुरू हुई।

एक फैसले ने डुबो दी नैया

गोयल ने जेट को इंटरनेशनल उड़ाने भरने वाली एकमात्र कंपनी बनाने के लिए 2007 में एयर सहारा को 1,450 करोड़ रुपये में खरीद लिया। उस समय इस फैसले को गोयल की गलती के तौर पर देखा गया था। तब से ही जेट को वित्तीय मुश्किलों से सही मायने में कभी छुटकारा नहीं मिल पाया। मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने कहा था, प्रफेशनल्स पर भरोसा नहीं करना और कंपनी के संचालन में हमेशा अपना दबदबा रखना गोयल की दूसरी बड़ी गलती साबित हुई।

कमाल के हैं ये 6 म्यूचुअल फंड, 3 साल में दिया ताबड़तोड़ रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप म्यूचुअल फंड में निवेश करके बंपर रिटर्न कमाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। पिछले कुछ समय में मिड कैप इक्विटी फंड ने निवेशकों को ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। मिड कैप इक्विटी फंड को ही मिड कैप म्यूचुअल फंड भी कहा जाता है। ईटी में छपी एक खबर के अनुसार, इनमें से कुछ म्यूचुअल फंड ने अपने निवेशकों को 35 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। आइए जानते हैं ऐसे ही 6 मिड कैप म्यूचुअल फंड के बारे में। बता दें कि म्यूचुअल फंड में निवेश जोखिमों के अधीन है।

1. **क्वांट मिड कैप फंड :** वैल्यू रिसर्च फंड रेटिंग के अनुसार, क्वॉन्ट मिड कैप फंड ने अपने निवेशकों को पिछले 3 साल में 35.51 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। बता दें कि इस मिड कैप फंड का नेट ऐसेट 2531.32 करोड़ रुपये है।
2. **मोतीलाल ओसवाल मिड कैप फंड :** मोतीलाल ओसवाल मिड कैप फंड ने अपने निवेशकों को पिछले 3 साल के निवेश पर 34.23 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। बता दें कि इस मिड का फंड का नेट ऐसेट 5236.88 करोड़ रुपये है।
3. **एसबीआई म्यूचुअल फंड :** एसबीआई के इन म्यूचुअल फंड नें पिछले 3 साल में निवेशकों को 32.48 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। इस मिडकैप फंड का नेट ऐसेट 11808.91 करोड़ रुपये है।
4. **निप्पॉन इंडिया ग्रोथ फंड :** निप्पॉन इंडिया ग्रोथ फंड में पिछले 3 सालों में जिन निवेशकों ने निवेश किया है उन्हें 31.12 पर्सेंट का बंपर रिटर्न मिला है। बता दें कि इस मिड कैप फंड का नेट ऐसेट 17349.69 करोड़ रुपये है।
5. **मैरी एस्सेट मेडीकैप फंड :** इस इक्विटी फंड का नेट ऐसेट 11,359.71 करोड़ रुपये है।

भारत ने पाकिस्तान को हराकर जीता हॉकी 5 एशिया कप, 7 मैचो में किए 87 गोल

सालालाह (ओमान) (एजेंसी)। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरूष हॉकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईएच पुरूष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (7वां) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए।

पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां) ने गोल दागे। इससे पहले भारत ने शनिवार को ही सेमीफाइनल में मलेशिया को 10-4 से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया था। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में ओमान को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी। भारत को टूर्नामेंट के एलीट पूल चरण के मैच में पाकिस्तान से 4-5 से हार मिली थी।

भारत की ओर से सेमीफाइनल में मोहम्मद राहील (नौवें, 16वें, 24वें, 28वें मिनट), मनिंदर सिंह (दूसरे मिनट), पवन राजभर (13वें मिनट), सुखविंदर (21वें मिनट), दिप्सन टिर्की (22वें मिनट), जुगराज सिंह (23वें मिनट) और गुरजोत सिंह (29वें मिनट) ने गोल दागे। वहीं मलेशिया के लिए कप्तान इस्माइल आसिया अबू (चौथे मिनट), अकहिमुल्लाह अनवर (सातवें, 19वें मिनट), मोहम्मद दिन (19वें मिनट) में गोल किए।

भारत ने किए टूर्नामेंट में 87 गोल

टीम इंडिया हॉकी 5 एशिया कप पूरी तरह से छाई रही। टीम ने 7 मैचों में कुल 87 गोल किए जोकि एक रिकॉर्ड है। इसी तरह पाकिस्तान ने 7 मैचों में 71 गोल, ओमान ने 9 मैचों में 38, मलेशिया ने 7 मैचों में 62 तो बांग्लादेश ने 32 गोल किए। टूर्नामेंट में 11 टीमों ने कुल 516 गोल हुए। टीम इंडिया ने जापान को 35-1 के फर्क से हराया था।

भारतीय टीम को बधाई... एशिया का बॉस बनने पर पीएम मोदी ने टीम इंडिया को दी मुबारकबाद,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी 5एस एशिया कप का खिताब जीतने पर रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का धैर्य और दृढ़ संकल्प देश को प्रेरित करता रहेगा। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरूष हॉकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईएच पुरूष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (सातवां) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए। मोदी ने एक्स पर की गई पोस्ट में कहा, 'हॉकी 5एस एशिया कप में चैंपियन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इस शानदार जीत के लिए बधाई। यह हमारे खिलाड़ियों के अटूट समर्पण का प्रमाण है और इस जीत से हमने अगले साल ओमान में होने वाले हॉकी 5एस विश्व कप में भी अपनी जगह सुरक्षित कर ली है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे खिलाड़ियों का धैर्य और दृढ़ संकल्प हमारे राष्ट्र को आगे भी प्रेरित करता रहेगा।'

भारत पाकिस्तान मैच में शादाब ने पेश की खेल भावना की मिसाल, बांधे हार्दिक पांड्या के जूते के फीते

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया एशिया कप का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। जहां पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। वहीं भारत के इशान किशन और हार्दिक पांड्या की साझेदारी ने सुर्खिया बटौरी। इस दौरान एक और घटना ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा और इसकी वजह से शादाब खान की खूब वाहवाही हो रही है।

दरअसल मैच के दौरान शादाब खान खेल भावना दिखाते हुए हार्दिक पांड्या की जूतों के फीते बांधते हुए नजर आए। यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और कई प्रशंसकों का दिल जीत लिया।

खेल के बारे में बात करते हुए इशान किशन और हार्दिक पांड्या ने शीर्ष स्तर की बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और भारत की पारी को पुनर्जीवित किया। हालांकि दोनों बल्लेबाज शतक बनाने से चूक गए और उन्होंने बेहतरीन पारी खेली। किशन (81 गेंदों पर 82 रन) और पांड्या (90 गेंदों पर 87 रन) ने शनिवार को पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पांचवें विकेट के लिए 138 रन जोड़कर अपनी टीम को 14.1 ओवर में 4 विकेट पर 66 रन से उबारा।

शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान के लिए गेंद के साथ स्टार थे क्योंकि उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के महत्वपूर्ण विकेट लिए थे। श्रेयस अय्यर (14) और शुभमन गिल (10) भी पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे और सस्ते में आउट हो गए। चूंकि बारिश ने खलल डाला इसलिए पाकिस्तान बल्लेबाजी करने में सफल नहीं हो सका और मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। दूसरी ओर भारत के पास एक गेम से एक अंक है और वह ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। अंक तालिका की शीर्ष दो टीमें सुपर फोर में जगह बनाएंगी।

राहुल का भारत की विश्वकप टीम में शामिल होना तय

पालेकल (श्रीलंका) (एजेंसी)। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से फिटनेस प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद केएल राहुल का वनडे विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना तय है, जिसकी घोषणा मंगलवार तक की जाएगी। राहुल जांघ के ऑपरेशन के बाद बेंगलुरु स्थित एनसीए में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और एशिया कप के लिए भारतीय टीम से जुड़ने के लिए श्रीलंका रवाना होने से पहले वह अपने फिटनेस कार्यक्रम के अंतिम दौर में भाग लेंगे।

माना जा रहा है कि राहुल के मैच के समान परिस्थितियों में अभ्यास करने के बाद एनसीए के ट्रेनर और टीम प्रबंधन को उनकी फिटनेस को लेकर किसी तरह का संदेह नहीं है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है और संभावना है कि भारत इससे पहले अपनी टीम घोषित कर देगा। राहुल को फिटनेस संबंधी मंजूरी प्रमाण पत्र मिलने के बाद चयनकर्ता अब टीम की घोषणा करने के लिए तैयार हैं।

विश्व कप में राहुल को विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभानी पड़ सकती है। चयन समिति के अध्यक्ष अजित आगरकर शनिवार को पालेकल पहुंच गए थे और माना जा रहा है कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से टीम को लेकर चर्चा की।

ईशान किशन विश्वकप में टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को 81 रन की शानदार पारी खेलने के बाद उन्होंने टीम में अपनी जगह पक्की कर दी। इसका मतलब है कि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिलेगी। वह रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अभी टीम के साथ श्रीलंका में हैं। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह मिलना तय है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सूर्यकुमार वनडे में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे तथा उन्होंने तीन मैचों में केवल 78 रन बनाए थे। हालांकि टीम प्रबंधन का मानना है कि उनकी उपस्थिति से मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर का चयन पक्का है जिसका मतलब है कि तिलक वर्मा को अभी बाहर बैठना होगा। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी तेज गेंदबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे जिसमें उनका साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शार्दुल ठाकुर देंगे। इसका मतलब है कि एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल प्रसिद्ध कृष्णा को विश्वकप टीम में जगह नहीं मिलेगी। स्पिन विभाग की जिम्मेदारी बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव संभालेंगे जिन्होंने 2023 में भारत की तरफ से वनडे में सर्वाधिक 22 विकेट लिए हैं। कुलदीप और रविंद्र जडेजा भारत की पहली पसंद के दो स्पिनर होंगे। यह कुलदीप का दूसरा विश्वकप होगा। उन्होंने इंग्लैंड में 2019 में खेले गए विश्वकप में सात मैचों में छह विकेट लिए थे। चयनकर्ता और टीम प्रबंधन तीसरे स्पिनर के रूप में अक्षर पटेल को टीम में रखना पसंद करेगे जिसका मतलब है कि अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और यूज़वेंद्र चहल को टीम में जगह नहीं मिल पाएगी।

विश्व कप 2023 के लिए भारत की संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

आज क्या नेपाल के साथ भारत का एक और मैच बारिश में धुल जाएगा?

पल्लेकेले (एजेंसी)। भारतीय टीम एशिया कप के अपने दूसरे मुकाबल में नेपाल से भिड़ेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में पहली बार भारत और नेपाल का सामना होगा। अभी तक भारत 19 टीमों के खिलाफ वनडे खेल चुका है। नेपाल 20वां देश होगा। यह मुकाबले भी कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर होगा। यह मुकाबला 4 सितंबर यानी सोमवार को होने वाला है। एशिया कप 2023 के ग्रुप ए का यह आखिरी मुकाबला भी होगा।

कैंडी में कैसा रहेगा मौसम?

भारत और नेपाल का मैच भी बारिश की वजह से धूल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कैंडी में सोमवार को बारिश की लगभग 80 प्रतिशत संभावना है। नमी 98 फीसदी के आसपास रहने की उम्मीद है, जबकि तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। ऐसा होता है तो एक बार फिर फैंस को निराशा हाथ लगेगी। इसके साथ ही भारतीय टीम बिना कोई मैच जीते एशिया कप के सुपर-4 में भी जगह पक्की कर लेगी।

पहला मैच हार चुका है नेपाल

नेपाल की टीम एशिया कप में पहली बार हिस्सा ले रही है। टीम को पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 238 रनों की बड़ी हार मिली। गेंद से टीम ने अच्छी शुरुआत की थी। लेकिन बाबर आजम और इफ्तिखार अहमद की शतकीय पारी ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। इसके बाद गेंदबाजों ने नेपाल को सस्ते में आउट कर पाकिस्तान को जीत दिला दी।

अमेरिकी ओपन: हमवतन जेरे को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच



न्यूयॉर्क (एजेंसी)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए अपने हमवतन लासलो जेरे को 3-2 से मात दी। जोकोविच ने तीन घंटे 45 मिनट तक चले पांच सेट के मुकाबले में जेरे को 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया।

जोकोविच ने इस कठिन जीत के बाद कहा, अविश्वसनीय। लगभग दो बज चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग रुके हैं। मुझे उम्मीद है कि (प्रशंसकों) ने मैच का आनंद लिया, लेकिन यह निश्चित रूप से मेरे लिए उतना आनंददायक नहीं था, खासकर पहले दो सेटों में। यह कई वर्षों में यहां खेले गए मेरे सबसे कठिन मैचों में से एक था। बेहतरीन टेनिस खेलने के लिए लासलो को बहुत श्रेय जाता है।

मैच के शुरुआती 90 मिनटों में जेरे ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाए रखी। उन्होंने बेसलाइन से निडर और तेज़तरर हिटिंग करते हुए अक्सर जोकोविच के पीछे धकेलकर उनका संतुलन बिगाड़ा। अपना चौथा अमेरिकी ओपन खिताब तलाश रहे जोकोविच ने तीसरे सेट में तेजी से अपना स्तर बढ़ाया और जेरे के फोरहैंड से गलतियां करवाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया। मैच का रुख तब बदला जब जोकोविच ने तीसरे सेट में 26 शॉट की रोमांचक रैली जीतकर पहली बार 1-0 से सर्विस तोड़ी।

इसके बाद सर्बियाई दिग्गज ने अपने हाथ हवा में उठाकर न्यूयॉर्क की भीड़ से समर्थन मांगा और अगले दो सेट सिर्फ दो गेम गंवाकर जीते। आखिरी सेट में जोकोविच ने जेरे के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बावजूद शानदार डिफेंस दिखाया और अपनी सर्विस पर मुकाबला जीत लिया।

जोकोविच ने कहा, अगर वह थक भी रहा था तो इससे उसके खेल पर कोई फर्क नहीं पड़ा। मुझे लगता है कि उसने शायद तीसरे और चौथे की तुलना में पांचवें सेट में बेहतर खेला क्योंकि उसने गेंद को स्विंग कराना शुरू ही किया था। उसने ब्रेक पॉइंट पर पीछे होने के बावजूद बहुत अच्छी सर्विस की। अगले दौर में जोकोविच का सामना क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो से होगा जो तीसरे दौर में चेक गणराज्य के जिरी वेस्ली को 6-4, 6-3, 6-2 से हराकर आ रहे हैं।

शोएब बोले- मुझे नहीं लगता रोहित बिल्कुल भी शाहीन को पढ़ पा रहे हैं

करांची (एजेंसी)। भारत का शीर्ष क्रम एक बार फिर पाकिस्तान का सामना करते समय ढह गया। हालांकि बारिश प्रभावित मैच ड्रॉ हो गया। मैच शनिवार 2 सितंबर को पल्लेकेले में एशिया कप 2023 के तहत खेला गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का विकल्प चुना और 15 ओवरों में 66/4 पर सिमट गई जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली के अहम विकेट शामिल थे। लेकिन इशान किशन और हार्दिक पांड्या की पारियों ने भारत को संभाला और 266 तक ले गए। लेकिन बारिश के पास पाकिस्तान टीम बल्लेबाजी करने नहीं उतरी और मैच रद्द हो गया।

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि रोहित शर्मा शाहीन अफरीदी की गेंदबाजी को बिल्कुल भी समझ या पढ़ नहीं पाए हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर रोहित के आउट होने पर प्रतिक्रिया देते हुए शोएब ने कहा कि रोहित शनिवार को खुद को जिस तरह से पेश करते थे, उससे कहीं बेहतर खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि रोहित शाहीन को बिल्कुल भी पढ़ या समझ नहीं पा रहे हैं। रोहित शर्मा को इस तरह पीटने का दृश्य अच्छा नहीं था, वह इससे कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं। रोहित इससे कहीं बेहतर बल्लेबाजी कर सकते हैं, मुझे लगता है कि बहुत ज्यादा चिंता हो रही है।

तेज गेंदबाज ने बताया कि बारिश के कारण रुकावट के कारण बल्लेबाज का प्रवाह बाधित

हुआ होगा जिसके कारण भारतीय टीम को तीन विकेट जल्दी मिल गए होंगे। अख्तर ने कहा, %बारिश के कारण लगातार रुकावट के कारण खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना और वापस आना पड़ता है, इससे बल्लेबाजों का ध्यान प्रभावित होता है। गिल ने इसी कारण से अपना विकेट खोया, उन्होंने अपनी एकाग्रता खो दी और यही कारण है कि उन्होंने ऐसा ढीला शॉट खेला।

पूर्व तेज गेंदबाज ने शाहीन अफरीदी की गेंदबाजी की सराहना की। उन्होंने कहा, यह शाहीन अफरीदी का क्या जादू था, वह कैसा गेंदबाज है। हर कोई जानता है कि वह क्या करेगा, पूरी पिच करेगा और उसे वापस लाएगा और इसके बावजूद रोहित शर्मा के पास कोई जवाब नहीं था। लेकिन, रोहित शर्मा को क्या करना चाहिए, अपने बचाव में उन्होंने आखिरी बार उन्हें 2022 में खेला था, उन्हें अक्सर उनका सामना करने का मौका नहीं मिलता है।

भारत-पाकिस्तान मैच ने किया निराश

पहले कभी नहीं आई थी ऐसी नौबत, स्टेडियम के कई हिस्से खाली थे

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। जिसके कारण दोनों टीमों को एक -एक अंक बांट दिए गए हैं। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप के अहम मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 267 रनों का लक्ष्य दिया था। हर बार कि तरह इस बार फिर लोगों की नजरें इस मैच पर टिकी हुई है। जब भी ये टीमें एक दूसरे के सामने आती है तो मैदान अक्सर फैंस से भरा दिखाई देता है, लेकिन इस बार जब एशिया कप के मुकाबले में ये दोनों टीमें कैंडी में एक-दूसरे के सामने आईं तो चौंकाने वाले दृश्य देखने का मिला। भारत पाकिस्तान के मैच में पहली बार ऐसा हुआ है कि स्टेडियम के कई हिस्से खाली थे। मैच के दौरान स्टेडियम मे फैंस दोनों देशों का झंडा लहरा रहे थे, तालियों से भी प्लेयरों को उत्साहित कर रहे थे लेकिन इस बार संख्या इतीन नहीं थी, जैसी भारत- पाकिस्तान के मैच में देखने को मिलती है। यहां स्टैंड और घसियाले (बिना स्टैंड वाले) दर्शकदीर्घा में कई स्थान खाली थे जो आम तौर पर भारत-पाक क्रिकेट मुकाबले के दौरान देखने को नहीं मिलता। कल शाम से कोलंबो में टिकटों की ब्रिकी जारी थी। ग्रैंड स्टैंड में अधिक दाम वाले टिकटों के लिए अधिक खरीदार नहीं थे। शुरुआत में टिकटों का न्यूनतम मूल्य 20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 6400 श्रीलंकाई रुपये) था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 1500 श्रीलंकाई रुपये कर दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम का पाकिस्तान और नेपाल से जुड़े दोनों मैचों के लिए टिकट खरीदने पर यह 2560 श्रीलंकाई रुपये का कर दिया गया। अनुमान से कम फैंस की भीड़ ने होटल मालिकों और टूर ऑपरेटरों को भी निराश कर दिया है। लगभग सभी होटलों में कमरे उपलब्ध थे।

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का निधन, पत्नी ने सोशल मीडिया पर साझा किया भावुक पोस्ट

हरारे (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के सबसे गौरवान्वित क्रिकेटों में से एक पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का बुधवार को 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गेंद के साथ अपने कौशल के लिए जाने जाते स्ट्रीक दक्षिण अफ्रीका के सबसे सम्मानित ऑन्कोलॉजिस्ट में से एक के तहत कैंसर का इलाज करा रहे थे। हाल ही में हेनरी ओलंगा के एक ट्वीट से हीथ स्ट्रीक के निधन की अफवाह सोशल मीडिया पर फैल गई थी। लेकिन अब उनकी पत्नी ने स्ट्रीक के निधन की जानकारी दी है।

स्ट्रीक की पत्नी नादीन स्ट्रीक ने इस बात की पुष्टि करते हुए फेसबुक पर लिखा, आज सुबह रविवार 3 सितंबर 2023 के शुरुआती घंटों में मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता हम सभी को छोड़ गए। वह अपने अंतिम दिन हमारे साथ बिताना चाहते थे। उनके परिवार से प्यार चाहते थे। हम कभी फिर मिलेंगे अनंत काल की यात्रा के



लिए।49 वर्षीय ने 2005 में 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। स्ट्रीक अभी भी 100 से अधिक टेस्ट और 200 से अधिक एकदिवसीय विकेट लेने वाले जिम्बाब्वे के एकमात्र गेंदबाज बने हैं। उन्होंने 2000 में जिम्बाब्वे की कप्तानी की, उस समय जब बोर्ड और टीम के बीच संबंधों में खटास आने के कारण कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम से हट गए थे। अपने शानदार करियर में स्ट्रीक ने 65 मैच खेले और 2.69 की इकॉनमी से 216 विकेट लिए। वनडे प्रारूप में स्ट्रीक ने 189 मैचों में 4.51 की इकॉनमी से 239 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5-32 था।

स्ट्रीक ने लाल गेंद प्रारूप में 22.4 की औसत से 1,990 रन बनाए। उन्होंने अपने देश के लिए 65 टेस्ट मैच खेले। वनडे में स्ट्रीक ने 73.4 की स्ट्राइक रेट और 28.3 की औसत से 2,934 रन बनाए। 1993 में स्ट्रीक ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ क्रिकेट की दुनिया में अपना आगमन दर्ज कराया। उन्होंने रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने दूसरे टेस्ट में 8 विकेट लेकर खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया, जिस पर सबकी निगाहें थीं।

सात साल बाद स्ट्रीक को जिम्बाब्वे के कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया क्योंकि जिम्मेदारियों और वेतन को लेकर बोर्ड के साथ तनाव ने उनके फॉर्म को प्रभावित करना शुरू कर दिया था। हालांकि 2002 में उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उन पर राजनीतिक रुख अपनाने का दबाव बढ़ रहा था।

राजनीतिक रुख न अपनाने के लिए स्ट्रीक की आलोचना की गई और 2004 में उन्होंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। 2005 में संन्यास लेने के बाद स्ट्रीक दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद 2006 सीजन के लिए वारविकशायर के कप्तान के रूप में क्रिकेट में लौट आए। लेकिन 2007 सीजन में सिर्फ एक गेम के बाद उन्होंने काउंटी टीम के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। 2007 में उन्होंने डियन क्रिकेट लीग के लिए साइन अप किया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी यात्रा समाप्त हो गई।

स्ट्रीक क्रिकेट से जुड़े रहे और उन्होंने जिम्बाब्वे, स्कॉटलैंड और बांग्लादेश के साथ-साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात लायंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ कोचिंग की भूमिकाएं निभाईं। उनकी विरासत पर 2021 में सवाल उठाया गया था जब उन पर भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया था। स्ट्रीक ने कहा कि वह किसी भी मैच फिक्सिंग, स्पॉट फिक्सिंग, या किसी खेल को प्रभावित करने या किसी भी समय मैच के दौरान चेंजरूम से जानकारी साझा करने के प्रयास में शामिल नहीं थे।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली जाने वाली 300 से अधिक ट्रेनें कैंसिल

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने शनिवार को 300 से अधिक ट्रोनों को रद्द करने की सूचना जारी की है। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के कारण ऐसा कदम उठाया गया है। रेलवे ने रद्द और डायवर्ट ट्रेनों की एक सूची जारी की है। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, 300 से अधिक ट्रेनें प्रभावित होंगी और 200 से अधिक रद्द की जाएंगी। दिल्ली में जी-20 सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने ट्रेन हैंडलिंग की योजना बनाई है। यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे लिस्ट में दी गई तारीखों और ट्रेनों को देखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं। नॉर्थर रेलवे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। भारत दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जिसका उद्देश्य विभिन्न आर्थिक सुधारों के बारे में चर्चा में भाग लेने के लिए अतिथि देशों के साथ जी20 सदस्य देशों को एक साथ लाना है। इस कार्यक्रम में कई देशों के प्रमुखों के शामिल होने की संभावना है। पिछले महीने दिल्ली पुलिस ने आयोजन से पहले दिल्ली की यात्रा करने वाले आम लोगों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पास के लोगों के लिए एडवायजरी जारी की थी। इसके मुताबिक, 7 सितंबर की आधी रात से से लेकर 10 सितंबर की आधी रात तक प्रतिबंध जारी रहेगा।

यूपी के पुराने किले और हवेलियों में भी बज सकेगी शहनाई, आम जनता कर सकेगी शादी

लखनउ, एजेंसी। सामाजिक जीवन में विवाह संस्कार के महत्व को पर्यटन से जोड़ते हुए प्रदेश सरकार 100 किले और हवेलियों को वैवाहिक आयोजन के लिए तैयार कर रही है। शनिवार को ताजनगरी फेज 2 स्थित होटल में आयोजित वेडिंग कॉन्क्लेव में प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने यह घोषणा की। यूपी वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां के गांवों को वैवाहिक आयोजनों के लिए पसंद किया जा रहा है। मैक्सिको के लोग भारतीय रीति रिवाज से विवाह करने में उत्सुकता दिखा रहे हैं। इसी को देखते हुए सरकार होटल निर्माण के लिए सब्सिडी दे रही है। उन्होंने आगरा के उद्यमियों से कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए अधिक से अधिक संख्या में सड़क किनारे विश्रामगृह या पूर्ण सुविधायुक्त ढाबे बनाएं। संयुक्त निदेशक पर्यटन अविनाश मिश्रा ने कहा कि शहर के लोग इस कार्य में शहर के ब्रांड एंबेसेडर बन सकते हैं। अन्य शहरों में रहने वाले नातेदारों को आगरा की विशेषता से अवगत करा सकते हैं। अतिथियों का स्वागत आयोजक संस्था के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने किया। सचिव संदीप उपाध्याय ने आयोजन की पृष्ठभूमि रखी। इस दौरान लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, नेशनल चैंबर अध्यक्ष राजेश गोयल आदि रहे। पर्यटन में नई सीमाएं, उत्तर प्रदेश में विवाह उद्योग का विकास, वैवाहिक उद्योग में नारी सशक्तिकरण, डिजिटल ट्रांसफोरमेशन आफ वेडिंग एंड होटल। यूपी के वेडिंग डेस्टीनेशन स्टेट बनने के बाद राजस्थान की ही तरह यहां भी देसी और विदेशी जोड़े शादी के लिए आ सकते हैं। यूपी के किलों और महलों में ये जोड़े शादी कर सकते हैं। इन महलों और किलों को भी इस योजना के तहत विकसित किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश पर एक और आफत, 24 घंटे में आए फ्लू के तीन हजार मामले, बढ़ा रहा खतरा

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के लोग प्राकृतिक आपदा के प्रकोप से अभी पूरी तरह से ऊबर नहीं पाए कि जलजनित बीमारियों ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया है। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने अपने बयान में कहा कि राज्य में हुई लगातार बारिश से आई बाढ़ के कारण जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा है। यह स्वास्थ्य विभाग के लिए एक नई चुनौती है। पिछले 24 घंटों के दौरान, राज्य में आई फ्लू के 2,740 मामले, डायरिया के 322 मामले, तेज बुखार टाइफाइड के 59 मामले, बुखार या स्क्रब टाइफस के 34 मामले और पीलिया के पांच मामले दर्ज किए गए। हमीरपुर जिले में डायरिया के 160 मामले सामने आए हैं। राज्य में सबसे घातक जल-जनित बीमारी स्क्रब टाइफस है, जो 34 रोगियों में पाई गई है और प्रमुख अस्पतालों में कई और मामले बढ़ रहे हैं क्योंकि इसके लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से अब तक दो लोगों की इससे मौत हो चुकी है। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान शांडिल ने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर प्रकोप से निपटने का निर्देश दिया ताकि लोगों की जान बचाई जा सके। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) और जिला स्तरीय अस्पतालों को भी इन बीमारियों से निपटने के लिए उचित इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। शांडिल ने कहा कि जलजनित बीमारियों से निपटने के लिए सामुदायिक चिकित्सा संबंधी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की जा रही है, जिससे लोग जागरुक हो सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिसिन विभाग को उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों को तैनात और इमरजेंसी मेडिकल देखभाल करके आपातकालीन स्थिति से निपटने का निर्देश दिया है।

सीट शेयरिंग पर आईएनडीआईए की धीमी रफ्तार से ममता बनर्जी नाराज

कोलकाता, एजेंसी।
तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुंबई में हाल ही में संपन्न हुई इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को शीघ्र अंतिम रूप देने का मुद्दा उठाया। इस मामले से परिचित नेताओं ने यह भी कहा कि वह सीट बंटवारे सहित कुछ अन्य मुद्दों पर धीमी रफ्तार पर नाराजगी भी व्यक्ती की। ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भी शामिल नहीं हुए। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि विपक्षी गठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। हालांकि, टीएमसी का कहना है कि पहले से तय एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों इसमें शामिल नहीं हुए। लोकसभा चुनावों के लिए एक घोषणापत्र जल्दी से तैयार किया जाए ताकि इसे लोगों तक पहुंचाया जा सके, लेकिन उनके प्रस्ताव को अन्य दलों से ज्यादा समर्थन नहीं मिला। बाद में उन्होंने जोर देकर कहा कि एक छोटा एजेंडा तैयार किया जाए ताकि चुनाव

अभियान 2 अक्टूबर को शुरू किया जा सके, जो महात्मा गांधी की जयंती है। एक नेता ने कहा कि टीएमसी यह भी चाहती है कि सीट बंटवारे पर भी जल्द बातचीत हो। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि 28 पार्टियों के गठबंधन में शामिल 15 से अधिक छोटे संगठनों को साथ रखने के लिए बड़ी पार्टियों के द्वारा चतुराई से काम लेना जरूरी होगा। उनमें से एक ने कहा,शीर्ष नेताओं ने समन्वय को अच्छी तरह से संभाला है। अब सुचारू कामकाज सुनिश्चित करना पैनल के सदस्यों पर निर्भर है। आपको बता दें कि विपक्षी गठबंधन ने पांच पैनल बनाए हैं, जिनमें एक चुनाव अभियान समिति और एक सोशल मीडिया के लिए एक कार्य समूह शामिल है। नेताओं ने कहा कि उनके अगले सप्ताह से काम शुरू करने की संभावना है। सीटों पर बातचीत भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। नेताओं ने कहा कि विभिन्न राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर ध्यान देना होगा, क्योंकि 2024 के चुनाव में गठबंधन की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत के दो पहलू होंगे। पहला आम उम्मीदवारों की संख्या को अधिकतम करना और जितना संभव हो उतने राज्यों में मैत्रीपूर्ण मुकाबले से बचने की कोशिश। पश्चिम बंगाल, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली सहित जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में इंडिया गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों के बीच गहन बातचीत हो सकती है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने कहा है कि वह सत्तारूढ़ टीएमसी के साथ गठबंधन नहीं कर सकती है। दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन के बजाय अपने दम पर संसदीय चुनाव लड़ने का दबाव बना रही है। एक गैर-कांग्रेसी नेता ने कहा, जम्मू-कश्मीर में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस को भी वर्षों की प्रतिद्वंद्विता के बाद एक साथ आना मुश्किल हो सकता है। कांग्रेस पर अन्य दलों को समायोजित करने का भी दबाव है। बेंगलुरु और मुंबई की बैठकों के दौरान लालू प्रसाद यादव, डी राजा और उद्धव ठाकरे जैसे विपक्षी नेताओं ने कांग्रेस से उदारता दिखाने का आग्रह किया है।

जब चाहूं तब फोन पर होती है योगी जी से बात- शिवपाल सिंह यादव

लखनउ, एजेंसी।
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव उन नेताओं में से हैं जो बेबाकी से अपनी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। वह एक बार फिर सीएम योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत सम्बन्धों को लेकर चर्चा में हैं। शिवपाल का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह सीएम से अपने व्यक्तिगत सम्बन्धों का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि वह जब चाहें उनसे फोन पर बात कर सकते हैं। पूछे जाने पर शिवपाल कहते हैं, ...तो नेताजी ने, अखिलेश यादव ने, हमने भी मदद करी है। तभी तो हमारा ये सम्मान करते हैं। मुख्यमंत्री से लेकर सभी लोग तभी तो सम्मान करते हैं। रिपोर्टर के यह पूछने पर कि क्या मुख्यमंत्री आपकी बात सुनते हैं शिवपाल कहते हैं कि बिल्कुल, टेलीफोन पर अभी कहो तो अभी बात हो जाए। हम जब भी फोन करना चाहें तो बात हो जाती है और होनी भी चाहिए। मंत्री रहते हुए हमने भी मदद की है। शिवपाल सिंह ने यादव ने शनिवार को घोसी विधान सभा क्षेत्र में सघन जनसंवाद किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव ने विधानसभा क्षेत्र के बरुहां, दर्पनारायणपुर, अकोल्ही मुबारकपुर, बीबीपुर, खानपुर, जमालपुर विक्क्मपुर, अमिला बाजार समेत अन्य स्थानों पर जन संवाद किया। जनसंवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने दलबदल करके घोसी की जनता को धोखा देने का काम किया है। कहा कि दारा सिंह चौहान सत्ता व कुर्सी के लोभ में दल बदलते हैं। इस चुनाव में जनता उनका हिसाब करेगी। शिवपाल यादव ने कहा कि सुधाकर सिंह का इतिहास रहा है कि उन्होने कभी भी दल नहीं बदला और वे जनता के दुख, दर्द में हमेशा खड़े रहते हैं। कहा कि भाजपा की तानाशाह सरकार से समाज का हर वर्ग त्रस्त हो चुका है। शिवपाल सिंह यादव ने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से घोसी विधान सभा उप चुनाव को काफी महत्वपूर्ण बताया।

असम में बहुविवाह पर लगेगा प्रतिबंध, हिमंत बिस्वा सरमा बोले- 45 दिन में लाएंगे विधेयक

गुवाहटी, एजेंसी।
असम सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए दिसंबर में राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश कर सकती है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हम राज्य में लव जिहाद रोकने के भी लिए विधेयक में कुछ बिन्दु जोड़ेंगे। सरमा ने बहुविवाह को प्रतिबंधित करने के लिए जनता से सोशल मीडिया के जरिए राय मांगी थी। शनिवार को एक बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जनता की राय के बाद हम बहुविवाह को समाप्त करने के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाएंगे।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को असम के तिनसुकिया में एक सर्वदलीय बैठक को संबोधित किया और कहा कि राज्य सरकार अगले 45 दिनों में राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को अंतिम रूप देगी। बहुविवाह एक से अधिक व्यक्तियों (एकाधिक पति/पत्नी) से विवाह करने की प्रथा है। सरमा ने बैठक में कहा, राज्य सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगा सकती है या नहीं इसका विश्लेषण करने के लिए एक कानूनी समिति का गठन किया गया था और हमें सकारात्मक विचार मिले हैं। हमने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रस्तावित विधेयक पर जनता की राय और सुझाव भी मांगे। हमें जवाब में कुल 149 सुझाव मिले हैं। इनमें से 146 सुझाव विधेयक के पक्ष में हैं और वे बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करते हैं। हालांकि, तीन सुझावों ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए अपना विरोध व्यक्त किया है। हमारा अगला चरण विधेयक का मसौदा तैयार करना है। उन्होंने कहा, हम अगले 45 दिनों में विधेयक को अंतिम रूप दे देंगे। मुझे लगता है कि मैं इस साल दिसंबर में विधानसभा में विधेयक पेश कर पाऊंगा। इससे पहले असम में बहुविवाह को समाप्त करने के लिए कानून बनाने के लिए राज्य विधानमंडल की विधायी क्षमता की जांच करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति ने इस साल 6 अगस्त को अपनी रिपोर्ट असम के मुख्यमंत्री को सौंपी। इस बीच मुख्यमंत्री ने आगे कहा,हम राज्य में लव जिहाद को रोकने के लिए विधेयक में कुछ बिंदु जोड़ेंगे। सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को वापस लेने के मुद्दे पर बात करते हुए असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस पर काम कर रही है।

महिला वैज्ञानिक निगार शाजी के हाथ में इसरो के सूर्य मिशन की कमान, जिनकी दुनियाभर में चर्चा

बेंगलुरु, एजेंसी।
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य की ओर भी अपने मिशन को रवाना कर दिया है। दुनिया के सामने बहुत कम समय के अंतराल में भी भारत ने अपने अंतरिक्ष विज्ञान की दो बड़ी मिसालें पेश कर दीं। आपको बता दें कि सूर्य मिशन का नेतृत्व करने वाली भारत की महिला वैज्ञानिक निगार शाजी हैं। 59 साल की शाजी ने कहा, यह एक सपने के साकार होने की तरह है। हमें पूरा विश्वास है कि पीएसएलवी हमारे आदित्य-एल-1 को सही जगह पर स्थापित करने में कामयाब होगा। इसके बाद ना केवल भारत बल्कि दुनिया को यह मिशन बहुत कुछ देने वाला है। निगार शाजी तमिलनाडु के तेनकासी जिले की रहने वाली हैं और एक किसान परिवार से आती हैं। उन्होंने तिरुनेवेली गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्युनिकेशन में इंजीनयरिंग की और इसके बाद बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी रांची से मास्टर्स पूरा किया। इसके बाद ही 1987 में वह सतीशधवन स्पेस सेंटर से जुड़ गईं। बाद में वह यूआर राव सैटलाइट टीम

मे शामिल हो गईं।
शाजी एक कम्युनिकेशन और अंतरग्रहीय उपग्रह कार्यक्रमों के लिए एक्सपर्ट के तौर पर काम करती हैं। सूर्य मिशन की वह प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं। इसके अलावा वह भारत के रिमोट सेंसिंग सैटलाइट रिसोर्ससैट- 2ए की भी असोसिएटट प्रोजेक्ट डायरेक्टर रह चुकी हैं। शाजी के साथ एक और महिला वैज्ञानिक का इस मिशन में बड़ा योगदान है। उनका नाम है अन्नापूर्णी सुब्रमण्यम। वह इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऐस्ट्रोफिजिक्स की डायरेक्टर हैं। इसी इंस्टिट्यूट ने आदित्य एल-1 मिशन का प्रमुख पेलोड डिजाइन किया है जिससे की सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। सुब्रमण्यम केरल के पलक्कड़ जिले के एक गांव की रहने वाली हैं। उनका परिवार संगीत से संबंध रखता है। हालांकि उन्होंने आईआईए से फिजिक्स में पीएचडी की। आदित्यन एल-1 मिशन में लगे वीईएलसीका डिजाइन उनके ही नेतृत्व में तैयार किया गया है। यह एक कोरोनोग्राफ है जो कि सूर्य ग्रहण के दौरान भी सूर्य को देखता रहेगा। इस मिशन के जरिए पहली बार संभव होगा कि हम सूर्य के अंदर झांककर देख पाएंगे। बता दें कि शनिवार को इसरो ने अपने महत्वाकांक्षी सौर मिशन आदित्य एल-1 को लॉन्च कर दिया है। इसके साथ सात पेलोड हैं। यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर लैगेंर्जियन बिंदु एल-1 पर रहकर सूर्य का अध्ययन करेगा।

यूक्रेन में अरबपति की गिरफ्तारी, फ्रॉड के आरोप लगे

कोर्ट ने 115 करोड़ में बेल का ऑप्शन दिया ; चुनाव में जेलेंस्की का साथ दिया था

कीव, एजेंसी। रूस से चल रही जंग के बीच शनिवार को यूक्रेन की कोर्ट ने वहां के एक अरबपति की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। ष्टहृह्र की रिपोर्ट के मुताबिक इहोर कोलोमोइस्की नाम के इस अरबपति पर फ्रॉड के आरोप लगे हैं। उसे 31 अक्टूबर तक हिरासत में रखा जाएगा। कोलोमोइस्की को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की का समर्थक माना जाता है।

कोर्ट ने माना है कि 2013 से 2020 के बीच कोलोमोइस्की ने गैरकानूनी तरीकों से कमाए करोड़ों रुपयों को बाहरी देशों में अपने कंट्रोल वाले बैंकों के जरिए कानूनी करवा लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने कोलोमोइस्की को 115 करोड़ रुपए देकर बेल लेने का भी ऑप्शन दिया है। हालांकि, बेल मिलने की स्थिति में

कोलोमोइस्की को वो जगह छोड़कर जाने की इजाजत नहीं होगी जहां वो रह रहा है। उसे पासपोर्ट भी सरेंडर करना होगा साथ ही पूछताछ में भी शामिल होना होगा।

कोलोमोइस्की यूक्रेन का जाना-माना अरबपति है। जिसके मीडिया और बैंकिंग से जुड़े बिजनेस हैं। वो यूक्रेन के सबसे अमीर लोगों में से एक है। 2019 में जब जेलेंस्की ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा तो कोलोमोइस्की ने उनका समर्थन किया था। 2021 से उस पर अमेरिका की सैंक्शन यानी पाबंदियां लगी हैं। उस पर रुतबे का इस्तेमाल कर फायदा उठाने के आरोप लगाए गए थे। गिरफ्तारी के बाद जेलेंस्की ने कोलोमोइस्की का नाम लिए बिना कहा कि मैं भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को एक के बाद एक सुलझा रहे अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से जेलेंस्की भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्रवाई करवा रहे हैं। चुनाव के दौरान उन्होंने देश से भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा किया था। जंग शुरू होने के बाद से जेलेंस्की अपने ही कई मंत्रियों को करप्शन के आरोप में बर्खास्त कर चुके हैं। इनमें यूक्रेन के डिप्टी इंफ्रास्ट्रक्चर मिनिस्टर, डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर याचेस्लाव शापोवालोव शामिल हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। हालांकि, अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जेलेंस्की दर्जनों अधिकारियों को भी बर्खास्त कर चुके हैं। रूस-यूक्रेन जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमिर जेलेंस्की ने सेना भर्ती सेंटर्स के सभी हेड्स को बर्खास्त कर दिया है। रॉयटर्स के मुताबिक इन 33 अफसरों ने लोगों से घूस लेकर उन्हें देश छोड़ने में मदद करने की थी। दरइसल, पिछले साल फरवरी में जंग की शुरुआत के साथ यूक्रेन में उन पुरुषों के देश छोड़ने पर बैन लगा दिया गया था, जो जंग लड़ने में सक्षम हैं। यूक्रेन में पुरुष अपनी झूठी मेडिकल रिपोर्ट्स बनवा रहे हैं। इनमें उन्हें जंग के लिए अनफिट दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राजधानी कीव समेत यूक्रेन के 11 इलाकों में ये स्कीम चल रही थी।

इटली में भालू की गोली मार कर हत्या

इटली एजेंसी।
इटली के राष्ट्रीय उद्यान सैन बेनेडेटो के पास एक आदमी ने विलुप्त प्रजाति मार्सिकन भालू की गोली मार कर हत्या कर दी। इटली में भालुओं का शिकार करना कानूनन अपराध है। इटली की पुलिस घटना की जांच कर रही है।

लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भालू को गोली मरने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया की भालू उसके प्राइवेट प्रॉपर्टी में घुस गया था। जिसे देख कर वो डर गया और उसने गोली चला दी। उसने कहा की वो उसे जान से मारना नहीं कहता था।

इस सप्ताह की शुरुआत में अमरेना को अपने दो शावकों के साथ सैन सेबेस्टियानो देई मार्सी में घूमते देखा गया था। जब उसे गोली मारी गई तब वो अपने दो शावकों के साथ थी।

ब्लैक चेरी से पड़ा अमरेना नाम

जिस भालू को गोली मारी गई उसका नाम अमरेना रखा गया था। भालूओं की ये प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर हैं। ब्लैक चेरी को अमरेना कहा जाता है। जो भालू के पसंदीदा खाने में से एक है। इसलिए भाली का नाम प्यार से अमरेना रखा गया था।

इटली के पर्यावरण मंत्री और एनिमल ऐक्टिविस्ट के साथ स्थानीय लोगों ने भालू की हत्या पर निराशा जताई है। इटली के अब्रुज़ो, लाज़ियो और मोलिसे के राष्ट्रीय उद्यान ने हत्या की निंदा करते हुए कहा- अमेरना शांत स्वभाव की थी उसने कभी भी किसी इंसान के लिए समस्या पैदा नहीं की इसलिए इस घटना को उचित नहीं ठहराया जा सकता। इटली के पर्यावरण मंत्री गिल्बर्टो पिचेटो बोले , मार्सिकन मादा भालू की हत्या एक गंभीर घटना है। उन्होंने कहा अभी उनका उद्देश्य भालू के बच्चों की सुरक्षा करना है क्यूंकि वो अब तक आत्मनिर्भर नहीं हैं और उनकी जान को जोखिम में पड़ सकती है। इसलिए उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

पाकिस्तान में महंगाई के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन

सरकार को दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम ; कार्यवाहक पीएम बोले- बिल भरो दूसरा ऑप्शन नहीं

इस्लामाबाद एजेंसी।
पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों के खिलाफ शनिवार को व्यापारी सड़कों पर उतर आए। लाहौर, कराची और पेशावर से लेकर देशभर में दुकानें बंद रही। इस बंद का आहवान जमात-ए- इस्लामी पार्टी के नेता सिराज उल हक ने किया था।

महंगाई और बिजली बिल के मुद्दे पर हो रहे हंगामे के बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने केन्या का दौरा निरस्त कर दिया। कराची में ताजिर एक्शन कमेटी ने शुक्रवार को बिजली बिल कम करने के लिए सरकार को 72 घंटे का समय दिया है। कमेटी ने कहा है कि अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया तो वो 10 दिन की हड़ताल करेंगे। कराची के एक व्यापारी फाहद अहमद ने न्यूज एजेंसी एपी को बताया- हमने अपनी दुकानें बंद रखी हैं ताकि देश के सत्ता में बैठे तबके तक हमारा मैसेज पहुंचे। अगल उन्होंने हमारी तकलीफें नहीं समझी तो हमें दूसरे तरीके अपनाने होंगे। अहमद ने कहा- मैं एक लाख रूपए का किराया दूंगा और उतना ही बिजली का बिल भी आएगा जो मेरा गुजारा कैसे होगा। पाकिस्तान की सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक वहां अगस्त के अंत तक महंगाई दर 27.4 प्रतिशत पहुंच गई है। एक लीटर पेट्रोल का दाम 300 पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच गया है। पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई पर जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लोगों को बिल भरने पड़ेंगे। इसके सिवाय उनके पास कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। काकड़ ने कहा हम अभी लोगों को सब्सिडी देकर भविष्य के लिए परेशानियां मोल नहीं ले सकते हैं। पाकिस्तान के अर्थशास्त्री मोहम्मद सोहेल के मुताबिक आइएमएफ से लोन की किश्त मिलने के बावजूद देश चुनौति भरे वक्त से गुजर रहा है। लोन के बदले आइएमएफ की तरफ से थोपे गए ।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129